www.epaper.azadsipahi.com
* ओड़िशा संस्करण
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
03 अक्टूबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 07, अंक 343










## श्वेते वृषे समरूढ़ा श्वेताम्बराधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।



रांची : बकरी बाजार दुर्गा पूजा पंडाल में सजा मां दुर्गा का दरबार लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### नयी करवट ले रही है बिहार की राजनीति

# जगदानंद के बेटे सुधाकर ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार की राजनीति एक नयी करवट ले रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी के बाद बिहार के कृषि मंत्री और राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे सुधाकर सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रविवार को डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने कहा था, मेरे विभाग में चोर हैं और मैं उन चोरों का सरदार। अपने बयानों को लेकर वह लगातार विवादों में चल रहे थे।

महागठबंधन की सरकार में 32 दिन में ये दूसरे मंत्री का इस्तीफा है। दोनों ही राजद कोटे के मंत्री थे। इससे पहले 31 अगस्त को पूर्व कानून मंत्री कार्तिक सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। वह अपहरण के एक केस में कोर्ट की नजर में फरार थे। अब कृषि मंत्री ने अपना त्याग पत्र दिया है।



**हम नहीं चाहते हैं कि कोई लड़ाई आगे बढ़े : जगदानंद सिंह**

राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा है कि बिहार के कृषि मंत्री ने अपना त्याग पत्र बिहार सरकार को दे दिया है। हम नहीं चाहते हैं कि कोई लड़ाई आगे बढ़े। किसान और जवान की भूमिका को कभी नकारा नहीं जा सकता है। आज के दिन बिहार के कृषि मंत्री ने अपना त्याग पत्र भेज दिया है, ताकि सरकार अच्छी तरह से चल सके।

**नीतीश की और फजीहत होनी बाकी है : सुशील मोदी**

सुशील मोदी ने ट्वीट कर लिखा है कि दो माह में बिहार सरकार का दूसरा विकेट गिरा। अभी नीतीश कुमार की और फजीहत होनी बाकी है। यह लड़ाई अब जगता बाबू बनाम नीतीश कुमार की लड़ाई में बदल गयी है। अगला विकेट जगता बाबू का भी हो सकता है?

**बिहार में किसान परेशान हैं : संजय जायसवाल**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि बिहार में किसान परेशान हैं। उन्होंने कृषि विभाग के भ्रष्टाचार को उठाया था। सरकार में अफसरशाही हावी है। नीतीश तेजस्वी के जेल जाने का इंतजार कर रहे हैं और तेजस्वी मुख्यमंत्री बनने का।

# बोकारो के जाने-माने चिकित्सक डॉ इरफान पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के तेतुलिया में शनिवार रात शहर के मशहूर सर्जन डॉक्टर इरफान पर जानलेवा हमला हुआ। डॉक्टर इरफान चास मुस्कान अस्पताल से मकदूमपुर स्थित अपने घर जा रहे थे। उसी क्रम में को-ऑपरेटिव तेतुलिया सीमा पर दो अपराधियों ने डॉक्टर की कार पर फायरिंग की। अपराधियों ने कुल पांच राउंड गोली चलायी, जो डॉक्टर की कार के शीशे में फंस कर रुक गयी। इस हमले में डॉक्टर बिल्कुल सुरक्षित हैं, लेकिन इस घटना के बाद से डॉक्टर और उनका परिवार डरा हुआ है। इस घटना के बाद से डॉक्टर इरफान के घर पर उनके शुभचिंतकों का तांता लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही सेक्टर 12 पुलिस के साथ बीएस सिटी और बालीडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में लग गयी। एसपी के निर्देश पर जिला की सीमा सील कर अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### मेरी किसी से दुश्मनी नहीं : डॉक्टर इरफान



डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि किसी के साथ उनकी कोई दुश्मनी नहीं है और हाल में किसी से कोई विवाद भी नहीं हुआ है। ऐसे में ये घटना उनकी समझ से परे है। बताया कि घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों को वह अच्छे से जानते हैं। जिन युवकों ने उन पर गोली चलायी है, वे यहां के वासी नहीं हैं। पुलिस घटना से संबंधित सभी तथ्यों को खंगाल रही है। वहीं डॉक्टर जिस इलाके में रहते हैं, वह जमीनी विवाद का इलाका है। साथ ही इलाके में गैंगस्टर और शूटरों का दबदबा भी रहता है, जिससे पुलिस उस बिंदु पर भी इसकी जांच कर रही है।

### डॉक्टर पर हमला मतलब सरकार पर हमला : बन्ना

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता डॉक्टर इरफान अंसारी के मखदुमपुर स्थित आवास पहुंचे। मंत्री ने उनसे घटना की जानकारी ली और बोकारो के डीसी और एसपी को चिकित्सक को सुरक्षा देने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जब तक हैं, तब तक अगर चिकित्सकों पर हमला होगा, तो उसे सरकार पर हमला माना जायेगा। उन्होंने कहा कि हमला सरकार पर है, तो जवाब भी मुंहतोड़ होगा। उन्होंने प्रशासन को जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

# बोकारो में डॉक्टर पर हमला चिंतनीय : चैंबर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बोकारो के प्रख्यात सर्जन और मुस्कान अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर इरफान पर अपराधियों ने शनिवार रात हमला किया। अपराधियों ने डॉक्टर की कार पर पांच राउंड फायरिंग की, जिसमें वह बाल-बाल बच गये। इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर नाराजगी जतायी।

चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने घटना की निंदा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से हस्तक्षेप का आग्रह किया। कहा कि डॉक्टर्स को पर्याप्त सुरक्षा देना सरकार और पुलिस का दायित्व है। यदि अपराधियों के मनोबल को तत्काल नहीं रोका गया, तब ऐसी घटनाओं से परेशान होकर राज्य से डॉक्टरों का पलायन आरंभ हो जायेगा। इससे राज्य की चिकित्सा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। सरकार यदि डॉक्टरों को सुरक्षा नहीं देगी, तो मरीजों का इलाज कैसे होगा।

# मुलायम सिंह की तबीयत बिगड़ी आइसीयू में शिफ्ट



**गुरुग्राम (आजाद सिपाही)।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ गयी। वह खराब सेहत के चलते 22 अगस्त से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं, जहां डॉक्टरों ने उन्हें कमरे से आइसीयू में शिफ्ट किया है। डॉक्टर लगातार मुलायम सिंह यादव की सेहत पर नजर रख रहे हैं। जैसे ही पिता मुलायम सिंह की हालत गंभीर होने की जानकारी मिली, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव तत्काल पत्नी डिंपल यादव, बेटे अर्जुन सहित परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली पहुंच गये। उधर, इटावा से मुलायम सिंह के भाई अभय राम व परिवार के अन्य सदस्य भी दिल्ली चले गये हैं। दूसरे बेटे प्रतीक यादव और छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव पहले से ही दिल्ली में मौजूद हैं।

### पीके ने चंपारण से शुरू की जनसुराज यात्रा, बोले

# बिहार में नयी राजनीतिक व्यवस्था बनाना चाहता हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जनसुराज पदयात्रा शुरू हो गयी है। उन्होंने बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के भितिहरवा गांधी आश्रम से अपनी पदयात्रा शुरू की। इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि बिहार में नयी राजनीतिक व्यवस्था बनाना चाहता हूं। सही व्यक्ति मिलेगा, तभी दल बनाऊंगा। वह लोगों की पार्टी होगी, जिसमें परिवारवाद नहीं चलेगा। भाषण में लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने जो यहां से पदयात्रा करने का मौका दिया है, उसके लिए शुक्रिया। मैं कोई नेता नहीं हूं, सामान्य लड़का हूं। सरकारी स्कूल से पढ़ा हूं। मैंने अमेरिका-अफ्रीका में काम किया है। मीडिया बताता है कि मैं दलों को जिताने-हराने का काम करता हूं। वो काम मैंने छोड़ दिया है। अब मैं बिहार में नयी राजनीतिक व्यवस्था बनाना चाहता हूं। पिछले 30-40 सालों से कुछ नहीं बदला है। उन्होंने कहा कि 1990 में बिहार गरीब था, आज भी यह राज्य गरीब है। इस दौरान कभी लालू यादव को, नीतीश कुमार को तो कभी भाजपा को जिताया। मैं कोई वोट नही मांगने नहीं आया हूं। मैं आपके बीच से व्यक्ति को जिताना चाहता हूं। जो आपकी चिंता करे।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,600 रु./10 ग्राम
चांदी 59,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



**सियासत :** नीतीश और भाजपा की आपसी प्रतिद्वंद्विता में राजनीतिक चक्रव्यूह में घिर सकते हैं तेजस्वी

# तेजस्वी यादव को कहीं अभिमन्यु बनाने की तैयारी तो नहीं

आजाद सिपाही विशेष

लोकसभा के 2024 के चुनाव को लेकर अभी से बिहार में राजनीतिक अखाड़ा सज चुका है। वहां के तमाम पहलवान अखाड़े की परिक्रमा कर रहे हैं। अपने-अपने हिसाब से टीम का चयन कर रहे हैं और तरह-तरह के प्रलोभन भी दिये जा रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा प्रलोभन तेजस्वी यादव को मिल रहा है- बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का। तो क्या सच में तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं? यह सवाल बिहार की राजनीतिक फिज़ा में घोला जाने लगा है। राजद नेता ही नहीं, बल्कि बीजेपी के नेता भी तेजस्वी की मुख्यमंत्री के रूप में ताजपोशी के लिए बेताब दिखाई पड़ रहे हैं। तेजस्वी यादव को 2023 में बिहार का मुख्यमंत्री बनाये जाने का सबसे मजबूत दावा राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने किया था। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि तेजस्वी यादव को बिहार के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी जायेगी और नीतीश कुमार देश के लिए काम करेंगे। राजद नेता भाई वीरेंद्र ने भी कहा है कि आजकल में तेजस्वी यादव की ताजपोशी तय है। और तो और जिस सुशील मोदी को भाजपा ने नीतीश मोह में फंसने के कारण बिहार की राजनीति से बेदखल कर दिल्ली भेज दिया था, उस सुशील मोदी ने भी बिहार की राजनीतिक हवा में एक फॉर्मूला छोड़ दिया है कि कैसे तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। उन्होंने लालू यादव को यह ज्ञान भी बांट दिया है कि नीतीश जी का इंतजार मत कीजिये। गठबंधन तोड़िए। पांच विधायकों को मिला लीजिए। स्पीकर आपका है। नीतीश जी कुछ नहीं कर पायेंगे और आपका बेटा मुख्यमंत्री बन जायेगा। सुशील मोदी का तेजस्वी के लिए फार्मूले का ज्ञान देना और जगदानंद सिंह की लालसा आपस में मैच खाती है। इधर बिहार में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे और बिहार के कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के इस्तीफे ने बिहार की राजनीति में एक नया ट्विस्ट ला दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बजाय तेजस्वी यादव के पास भेज कर यह स्पष्ट कर दिया है कि राजद विधायकों की नजर में नीतीश कुमार का क्या महत्व है। गौर करनेवाली बात है कि सुधाकर सिंह 2010 में पिता जगदानंद सिंह से बगावत कर भाजपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। बाद में वे राजद के टिकट पर विधायक बने। कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह के बाद नीतीश मंत्रिमंडल का यह दूसरा विकेट गिरा है। आखिर बिहार की राजनीति में तेजस्वी को अभिमन्यु क्यों बनाया जा रहा है, यह सोचने वाली बात है। महाभारत की कहानी आपको यादव होगी। युद्ध में जाने से पहले अभिमन्यु को लेकर भीष्म पितामह से लेकर विरोधी दल के दूसरे तमाम योद्धा उनकी शौर्य गाथा का बखान करते नहीं थकते थे, लेकिन जब युद्ध शुरू हो गया और अभिमन्यु युद्ध में कूद पड़े, तो उनकी शौर्य गाथा का बखान करनेवालों की सेना ने ही उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और एक अकेले बालक को युद्ध के मैदान में मार गिराया। क्या नीतीश की प्रधानमंत्री बनने की लालसा तेजस्वी को अभिमन्यु जैसी स्थिति में लाने को बाध्य कर देगी! आखिर क्यों बिहार में तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने की बात अचानक हवा में तैरायी जा रही है। तेजस्वी को अभिमन्यु के रूप में पेश करने की शुरुआत शिवानंद तिवारी के बयान से शुरू हुई। शिवानंद तिवारी ने आरजेडी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में तेजस्वी के सीएम बनने की बात कही थी। उन्होंने यह कहा था कि नीतीश कुमार को आश्रम चले जाना चाहिए और बिहार की गद्दी तेजस्वी यादव को सौंप देनी चाहिए। तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने की चर्चा पर जब नीतीश कुमार से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने तल्ख अंदाज में कहा-छोड़िए यह सब बात, इसकी चिंता मत कीजिए। शिवानंद तिवारी से शुरू हुई कहानी अब जगदानंद सिंह और विरोधी दल के नेता सुशील मोदी के मुखारबिंद से सुनायी जाने के पीछे का राज क्या है! सबको पता है कि जब तक नीतीश कुमार को अपनी पूरी कीमत या सुरक्षित जगह नहीं मिल जाती, तब तक वह सत्ताच्युत होना नहीं चाहेंगे। कुर्सी के लिए वह कोई भी समझौता करने से नहीं झिझकेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि अगर एक बार उनके हाथ से सत्ता की कुर्सी फिसली, तो उन्हें अपनी पार्टी बचाना भी मुश्किल होगा। ऐसे में फिर अचानक तेजस्वी का नाम उछालने के पीछे रणनीति क्या है। किसने बिहार की राजनीति में चिंगारी सुलगाने की बिसात बिछायी है। आखिर तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने से भाजपा को क्या फायदा होगा कि सुशील मोदी बिन बुलाये मेहमान की तरह तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने का फार्मूला बांटते फिर रहे हैं। इन सवालों का जवाब तलाशती आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह** की विशेष रिपोर्ट।



राकेश सिंह

चिंगारी में बारूद का काम किया आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बयान ने। फिलहाल जगदानंद बाबू के बयान पर आरजेडी-जेडीयू आमने-सामने हैं। दरअसल, एक निजी चैनल से बात करते हुए जगदानंद सिंह ने कहा था कि तेजस्वी यादव 2023 में बिहार के मुख्यमंत्री बन जायेंगे। जगदानंद सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार 2022 बीतने के बाद 2023 में देश की लड़ाई लड़ेंगे। नीतीश कुमार बिहार के भविष्य की लड़ाई तेजस्वी यादव के हाथों सौंप देंगे। जगदानंद सिंह ने यह भी कहा कि देश नीतीश कुमार का इंतजार कर रहा है और बिहार तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री बनने का। वहीं भाजपा लालू यादव को तेजस्वी को सीएम बनाने का फॉर्मूला सुझा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर खुद तेजस्वी का बयान आ गया है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। हमारी कोई लालसा नहीं है कुछ बनने की। हमारा एकमात्र लक्ष्य था कि भाजपा और आरएसएस को गद्दी से कैसे हटाया जाये। बिहार से हमने उन्हें हटाया और अब केंद्र से हटाना है। गौरतलब है कि आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव भी नीतीश कुमार को देश की राजनीति करने की सलाह दे रहे हैं। नीतीश कुमार विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे या नहीं, इस पर तो अभी कोई चर्चा नहीं हुई है। लेकिन तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद यादव, सीएम की गद्दी खाली करने के लिए नीतीश कुमार को लेकर दिल्ली में सोनिया दरबार तक जा चुके हैं।

अब हम आपको कभी नीतीश कुमार के दोस्त रहे शिवानंद तिवारी के उस बयान की ओर ले जाते हैं, जब उन्होंने आरजेडी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार को राजनीति से वीआरएस लेकर आश्रम में चले जाने की सलाह दे डाली थी। उन्होंने था कि 2025 में नीतीश जी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनवाइये और उसके बाद मैं भी आपके साथ आश्रम में चलूंगा और वहां राजनीतिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राजद की राज्य परिषद की बैठक में सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, डिप्टी तेजस्वी यादव समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। उस समय शिवानंद तिवारी के बयान से जदयू तिलमिला गया था और कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। जदयू पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने उस समय ट्विट किया था कि नीतीश जी अभी आश्रम नहीं खोलनेवाले हैं। करोड़ों देशवासियों की दुवाएं उनके साथ हैं। जो चाहते हैं कि नीतीश जी सत्ता के ऊंचे से ऊंचे शिखर पर रहते हुए बिहारवासियों के साथ देशवासियों की सेवा करते रहें। मुझे लगता है कि यदि आपको (शिवानंद तिवारी) जरूरत है, तो कोई और आश्रम की तलाश कर लेनी चाहिए। इस बयान की तल्खी अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि उसके बाद इस

## जुबान फिसली या कुछ और बात है

नीतीश कुमार अभी पिछले हफ्ते ही पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मंच पर उपस्थित तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री कह कर संबोधित कर दिया। इतना सुनते ही कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति हैरान रह गया और नीतीश कुमार की तरफ देखने लगा। अब भले ही यह सिर्फ जुबान फिसलने की वजह से हुआ हो, लेकिन बात जब राजनीति के महीन खिलाड़ी नीतीश कुमार की हो, तो चर्चा होना स्वाभाविक है।



अभी से तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए इतनी चिल्लपों क्यों!

## भविष्य की तैयारी कर रहे नीतीश?

पिछले कुछ महीनों के घटनाक्रमों को देखा जाये तो नीतीश कुमार दिल्ली की राजनीति में काफी सक्रिय हुए हैं। अभी से उनके समर्थक 2024 में उन्हें विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में देखने लगे हैं। अब भले ही नीतीश कुमार इस बारे में खुल कर न बोल रहे हों, लेकिन जिस तरह से वह विपक्ष को एक करने में जुटे हैं, उसको देख कर यही लग रहा है कि नीतीश के मन में बहुत कुछ चल रहा है।

## सुशील मोदी ने लालू को बताया तेजस्वी को सीएम बनाने का फॉर्मूला

इधर, बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव को तेजस्वी को सीएम बनाने का फॉर्मूला सुझाया है। जगदानंद सिंह के बयान पर सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार सीएम की कुर्सी कभी नहीं छोड़ेंगे। हां ये हो सकता है कि लालू यादव, जदयू के चार-पांच विधायकों को तोड़ कर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बना दें। सुशील मोदी ने कहा कि हालांकि नीतीश और लालू में यह समझौता हो गया है कि तेजस्वी को गद्दी नीतीश कुमार सौपेंगे और और खुद दिल्ली की राजनीति करेंगे। लेकिन नीतीश कुमार की फितरत ही धोखा देने की है। नीतीश कुमार लगातार लोगों को धोखा देते रहे हैं। पहले मांझी को धोखा दिया, फिर लालू यादव को दो बार धोखा दिया। उन्होंने बीजेपी को भी धोखा दिया। ऐसे में राजद को खुद तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने की रणनीति बनानी चाहिए।

## राजद नेता सुधाकर सिंह का इस्तीफा भी बहुत कुछ कहता है

कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह के बाद अब नीतीश सरकार में कृषि मंत्री और राजद नेता सुधाकर सिंह ने भी मंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को अपना त्याग पत्र सौंप दिया है। हालांकि, अभी इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। इस्तीफे की पुष्टि राजद के प्रदेश अध्यक्ष और सुधाकर सिंह के पिता जगदानंद सिंह ने भी की है। जगदानंद सिंह ने कहा कि कृषि मंत्री किसानों के हक में अपनी आवाज उठा रहे थे, लेकिन अंत में उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया, ताकि लड़ाई आगे नहीं बढ़े। बिहार के कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने बिहार की राजनीति में अचानक यह कह कर उबाल ला दिया कि उनके विभाग में भ्रष्टाचारियों की फौज है और वह उनके सरदार हैं। कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने कहा था कि हमारे ऊपर भी और कई सरदार मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ये वही पुरानी सरकार है। इसके चाल चलन पुराने हैं। हम लोग तो कहीं-कहीं हैं, लेकिन जनता को लगातार सरकार को आगाह करना होगा। बता दें कि सुधाकर सिंह, कैमूर जिले के रामगढ़ से पहली बार विधायक बने हैं। सुधाकर सिंह वर्तमान राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बेटे हैं। सुधाकर सिंह 2010 में पिता से बगावत कर भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे थे लेकिन वे चुनाव हार गये थे।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने से नीतीश कुमार की जदयू भी खुद को टूटने से बचा नहीं पायेगी। जदयू के नेताओं में भगदड़ वाली समस्या का जन्म हो जायेगा। क्योंकि सत्ता बिना जदयू सर्वाइव ही नहीं कर सकती। वहीं भाजपा को तेजस्वी यादव को घेरने में आसानी हो जायेगी, क्योंकि तेजस्वी पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हैं और उसकी जांच सीबीआइ कर रही है। भाजपा का बिहार को लेकर अलग तरह का गेम प्लान है। भाजपा एक तरफ जहां नीतीश कुमार को सबक सिखाना चाहती है तो दूसरी तरफ बिहार में अपनी बैठ गहरा करना चाहती है। इसके लिए भाजपा को बिहार में खुद के बीच से नेता तैयार करना होगा। नीतीश कुमार को भाजपा ने ही मजबूत किया था। यह अलग बात है कि नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा को ही गच्चा दे दिया। भाजपा यह अच्छी तरह जानती है कि जब तक राजद को जदयू से अलग नहीं किया जायेगा, तब तक नीतीश कुमार को हिलाना मुश्किल है। भाजपा इसी फिराक में है कि कुर्सी के सवाल पर नीतीश और तेजस्वी में फूट हो जाये। इसीलिए फार्मूला सुझाया जा रहा है। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद की कुर्सी मिलेगी या नहीं, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इतना जरूर है कि अगर तेजस्वी ने ज्यादा उछल-कूद की, तो उन्हें भाजपा और जदयू दोनों अभिमन्यु बना कर राजनीतिक चक्रव्यूह में फंसा देंगे।

---

व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता में महिला शिक्षिका ने रची थी साजिश

# गुरुनानक स्कूल के शिक्षक के कातिल चार साल बाद पकड़े गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने चार साल बाद रांची के शिक्षक शिवप्रसाद की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस के मुताबिक बायोलॉजी शिक्षिका श्वेता मालिनी ने ही केमिस्ट्री के शिक्षक शिवप्रसाद की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस जांच में यह बाते सामने आयी कि शिक्षिका श्वेता मालिनी ने अपने ही सहयोगी रहे केमिस्ट्री के शिक्षक शिवप्रसाद की हत्या सुपारी देकर करवा दी थी। रांची पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शिव प्रसाद की हत्या की साजिश रचने के आरोप में पुलिस ने बायोलॉजी शिक्षिका श्वेता मालिनी, कृष्णा प्रसाद के साथ-साथ गोली मारनेवाले दोनों शूटरों अशोक लकड़ा और रोहित सिंह को गिरफ्तार कर लिया है. 7 जुलाई 2018 को रांची के गुरुनानक स्कूल के शिक्षक शिव प्रसाद की हत्या लालपुर थाना क्षेत्र में कर दी गयी थी। इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए



हत्या का सौदा दो लाख में तय हुआ था

रांची पुलिस ने काफी मशक्कत की। अंततः चार साल बाद उसने हत्या की गुत्थी सुलझायी।

रांची के एसएसपी को जानकारी मिली कि रांची के होटवार जेल में बंद कृष्णा नाम के व्यक्ति का इस हत्याकांड से सीधा जुड़ाव है। पुलिस जब मामले की तफ्तीश में जुटी तब यह जानकारी मिली कि शिवप्रसाद पहले तनीषा कोचिंग सेंटर में पढ़ाया करते थे। उस कोचिंग सेंटर में कृष्णा प्रसाद नाम का व्यक्ति भी काम किया करता था, जो श्वेता मालिनी का काफी करीबी था। एक ठोस कड़ी मिलते ही सिटी डीएसपी और लालपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने सबसे पहले कृष्णा से पूछताछ की, जिसमें उसने राज खोल दिये।

उसने पुलिस को बताया कि उसने ही अशोक लकड़ा और रोहित सिंह नामक दो अपराधियों को शिवप्रसाद की हत्या के लिए 50 हजार की सुपारी एडवांस में दी थी। हत्या का सौदा दो लाख में तय हुआ था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम ने छापेमारी कर अशोक और रोहित दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे मामले में सुपारी देने वाली श्वेता मालिनी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में टेक्निकल एविडेंस के लिए पुलिस ने श्वेता मालिनी का सीडीआर भी निकाला है, जिसमें इस बात के सुबूत मिले हैं कि कृष्णा और श्वेता मालिनी के बीच काफी बातचीत हुई है। रांची एसएसपी ने बताया कि व्यावसायिक रंजिश की वजह से गुरुनानक के केमिस्ट्री शिक्षक शिवप्रसाद की हत्या की साजिश रची गयी थी।

# दूरदर्शन रांची के तत्कालीन उप निदेशक के जब्त सामान को रिलीज करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दूरदर्शन रांची सर्किल के रिश्वत मामले में सजायाफ्ता लखनऊ निवासी पूर्व उप निदेशक शैलेश पंडित के सीबीआइ द्वारा जब्त किये गये सामान को रिलीज करने का आदेश सीबीआइ कोर्ट ने दिया है। इसे लेकर उनकी ओर से बीते दिनों सीबीआइ कोर्ट में अर्जी दाखिल की गयी थी।

कोर्ट ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश दिया। सीबीआइ ने रिश्वत मामले में गिरफ्तारी के दौरान उनके रातू रोड स्थित दूरदर्शन कॉलोनी और नयी दिल्ली स्थित हुडको प्लेस के आवास में 24 जून को छापेमारी के दौरान एफडी, एनएससी, केवीपी, बैंक लॉकर की चाभी, एलआइसी के कागजात, संपत्ति के कागजात के साथ-साथ नकदी को जब्त किया था। अदालत ने सामान को रिलीज करने की शर्त भी लगायी है, जिसमें वह सीबीआइ के संबंधित

सीबीआइ ने एफडी, एनएससी, केवीपी, बैंक लॉकर की चाभी, एलआइसी के कागजात, संपत्ति के कागजात के साथ-साथ नकदी को जब्त किया था

अधिकारी के समक्ष एक अंडरटेकिंग दाखिल करेंगे कि उसके पक्ष में जारी किये गये किसी भी दस्तावेज या वस्तु को भविष्य में जब भी न्यायालय या सीबीआइ को आवश्यक हो, तो उसे प्रस्तुत किया जायेगा। रांची सीबीआइ की विशेष अदालत ने पांच हजार रिश्वत मामले में शैलेश पंडित को मार्च 2020 में चार साल की सजा सुनायी थी। इसके अलावा उन पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने की राशि उन्होंने कोर्ट में जमा कर दी है। इस दौरान सीबीआइ ने कई दस्तावेज जब्त किये थे, इसे रिलीज करने के लिए सीबीआइ कोर्ट में आवेदन दिया गया था।

राज्य में अब तक 93 हजार पीएम आवास बने

# पीएम आवास योजना का पैसा लेकर घर नहीं बनानेवालों से वसूल होगी राशि

विभाग ने निकायों से योजना के क्रियान्वयन की रिपोर्ट मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत पैसे लेकर घर नहीं बनानेवाले लोगों से योजना की राशि वसूली जायेगी। नगर विकास विभाग ने सभी नगर निकायों को इससे संबंधित निर्देश दिया है। कहा है कि राशि लेने के बावजूद घर नहीं बनानेवाले लाभुकों को चिह्नित कर उनसे रुपये की वसूली सुनिश्चित करें। विभाग ने निकायों से योजना के क्रियान्वयन की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही वसूली गयी राशि सरेंडर करने का निर्देश दिया है।

## राज्य में 85 हजार आवास का निर्माण प्रगति पर

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में अब तक लगभग 93 हजार आवास का निर्माण पूरा कर लिया गया है। लगभग



85 हजार आवास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। योजना के एएचपी घटक-3 के तहत कुल 13,702 आवासों का निर्माण होना है। घटक-3 में अब तक 1,639 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। वहीं 12,063 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा लगभग सभी निकायों में ऐसे लाभुक भी हैं, जिन्होंने सहायता राशि प्राप्त करने के बावजूद घरों का निर्माण नहीं किया है। कई मामलों में जमीन विवाद की वजह से भी निर्माण नहीं शुरू किया जा सका है। ऐसे लाभुकों को चिह्नित कर नगर निकाय उनसे वसूली कर राज्य सरकार को राशि लौटायेगा।

इधर भारत सरकार ने पीएम आवास योजना की कार्यान्वयन अवधि बढ़ा कर 31 दिसंबर 2024 कर दी है। साथ ही 31 मार्च 2022 तक स्वीकृत किये गये आवासों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता भी जारी करने की सहमति दी गयी है। इससे झारखंड में करीब 1.5 लाख गरीबों के घर अगले दो वर्षों में बन कर तैयार हो जायेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.9 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.41 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



**दुर्गोत्सव :** घरों, देवी मंदिरों और पूजा पंडलों में मां के सातवें कालरात्रि स्वरूप की आराधना की गयी

# मां भवानी आयीं, श्रद्धा की ज्योत से कोना-कोना दमक रहा

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति सर्जना चौक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मां भवानी के धरा पर आगमन होते ही चारों ओर भक्ति का साम्राज्य स्थापित हो गया है। श्रद्धा की ज्योत से शहर का कोना-कोना दमक रहा। सात्विक जनों को अभयदान देने वाली मां सब का मन मोह रही। शारदीय नवरात्र महासप्तमी को घरों, देवी मंदिरों और पूजा पंडलों में मां के सातवें कालरात्रि स्वरूप की आराधना की गयी। भक्तों ने पूजा-अर्चना और पाठ कर देवी के श्रीचरणों में पुष्प चढ़ाया। दोहपर बाद तक पूजन-अनुष्ठान का सिलसिला चला। सांझ ढलते मौसम की बेरूखी के बाद भी महामाया के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शनार्थी पूरी उत्साह से बारिश को मां का अशीष जान दुर्गोत्सव का लुफ्त अहले सुबह तक उठाते रहे। अब यह सिलसिला विजयदशमी तक चलेगा। छह अक्तूबर को पूजा-पंडालों में विराजमान सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जायेगा।

### महामाया के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

## इन पंडालों का है अलग आकर्षण

- बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति, कचहरी चौक : नेत्र दान और अंग दान का संदेश देता माता का भव्य दरबार
- बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति, बूटी रोड : राजस्थान के गांव को दर्शाते हुए गांव को सबल बनाने का संदेश देता पंडाल
- रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति : प्रकृति संरक्षण का संदेश देता मशरूम आकार का पंडाल
- आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड : जल-जंगल और जमीन को बचाने का संदेश देता उडेन से बना पंडाल
- मां भवानी क्लब, विश्वनाथ शिव मंदिर, पिस्का मोड़ : उत्तर प्रदेश के प्राचीन मां भवानी मंदिर के प्रारूप पर आधारित पंडाल
- भारतीय युवक संघ बकरी बाजार : पश्चिम बंगाल के मायापुर का इस्कॉन मंदिर
- हरमू पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति : बच्चों को आउटडोर खेल के लिए प्रोत्साहित करता खेल सामग्री से बना पंडाल
- राजस्थान मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति, अपर बाजार : मां के साकार स्वरूप के साथ स्वर्ग-नरक का दृश्य
- चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, मेन रोड : दक्षिण अफ्रीका के मछली महोत्सव को दर्शाता पंडाल
- श्री दुर्गा पूजा और रावण दहन समिति, अरगोड़ा : मां दुर्गा के हाथी पर आगमन के थीम पर आधारित पंडाल
- नेता जी नगर दुर्गा पूजा समिति, कांटा टोली : सेफ लाइफ सेफ ड्राइव थीम पर आधारित पंडाल
- शिवसेना क्लब दुर्गा पूजा समिति, लक्ष्मी नगर : एनाकोंडा और अमेजन जंगल के प्रारूप पर आधारित पंडाल
- गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति, मोरहाबादी : अंगना विराजो महारानी थीम पर आधारित पंडाल
- श्रीकाली मंदिर, दुर्गा पूजा समिति शास्त्री चौक : कपड़ा और रूइ से सजा पंडाल



# वैशाखी संघ के पूजा पंडाल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हिंदपीढ़ी पूजा कमिटी वैशाखी संघ के पूजा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, समाजसेवी संदीप वर्मा, कुणाल अजमानी और राजेश सिन्हा सन्नी के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में आये सभी अतिथियों का भव्य स्वागत राहुल सिन्हा चंकी और समिति के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिनंदन चौधरी, संचालन समीर सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन मनीष श्रीमाली के द्वारा किया गया। समारोह में भैरव सिंह, अरुण बुधिया की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर हिंदपीढ़ी क्षेत्र के सभी मां भवानी के भक्त और पूजा समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले 62 वर्षों से हिंदपीढ़ी पूजा कमिटी वैशाखी संघ के द्वारा बंगाली विधि विधान से पारंपरिक पूजा की जा रही है। समिति ने सभी मां भवानी के भक्तों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। समारोह में विश्वजीत बोस, सत्यजीत सरकार, मोपाली बॉस, सुमित कुमार, सुभाजित पाल, अमन जयसवाल, आकाश कुमार, गोदाई कुमार, बाबला कुमार, शिल्पी नंदी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### समिति ने भक्तों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** दिन अनुकूल है, आप उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर होंगे, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।
- **वृष** मित्रों का उदय होगा एवं शत्रुओं का नाश होगा, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।
- **मिथुन** आज का दिन सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ानेवाली साबित होगी, रुके हुए काम पूरे होंगे।
- **कर्क** नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलने की संभावना।
- **सिंह** बनता हुआ काम बिगड़ सकता है,आप अकारण किसी मुसीबत में उलझ सकते हैं।
- **कन्या** आपके व्यक्तित्व का विकास होगा, विपरीत परिस्थितियां अनुकूल होगा।
- **तुला** व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, दूसरों के झगड़े में दखल न दें, समय गति सामान्य है।
- **वृश्चिक** आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, स्वयं के प्रयास,उत्साह व संघर्ष से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **धनु** विद्याधन संबंधी शुभ समाचार मिलेंगे, मेहमानों का आगमन होगा, निराशा दूर होगी।
- **मकर** किसी पुराने परिचित से मुलाकात होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
- **कुंभ** इस समय किसी को उधार न दें अन्यथा वापस निकलना मुश्किल होगा।
- **मीन** सरकारी क्षेत्र में सफलता, व्यापार-व्यवसाय में सफलता मिलने की संभावना।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# सुबोधकांत सहाय ने कोकर दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा समिति एचबी रोड के पंडाल का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने फीता काट कर किया। इसके बाद उन्होंने माता दुर्गा के चेहरे से वस्त्र हटा कर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया। इस अवसर पर सुबोधकांत सहाय ने मां दुर्गा के राज और समाज की खुशहाली की कामना की। मौके पर समिति के अध्यक्ष चंचल चटर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष नीरज शर्मा, सम्राट चटर्जी, टिंकू झा, धर्मेंद्र चौधरी, दीपक राय, विकी सिंह, गुड्डू सोनी, सुमित सिंह, शुभम सिंह, विजय सिंह, उत्तम दुबे, सोनू सरदार, बंटी सिंह एवं मीडिया प्रभारी धीरज सिंह एवं रोहित सिंह आदि उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित सिंह और धीरज सिंह ने दी है।

# सांसद संजय सेठ ने दुर्गा पूजा पंडाल का किया अनावरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र के सप्तमी के मौके पर रांची शहर के रातू इलाके के दलादली चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल का अनावरण सांसद संजय सेठ ने फीता काट कर व पूजा-अर्चना कर किया। मां दुर्गा के भक्त अब पूजा पंडाल का भ्रमण कर मां का दर्शन कर सकेंगे। मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सांसद सेठ ने कहा कि दलादली चौक पूजा समिति के द्वारा इस बार माता का भव्य और आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया गया है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के कारण पूजा बेहद सादगी से मनायी गयी थी। इस बार मां के भक्तों में उत्साह चरम पर है। माता रानी सभी को सुख, समृद्धि दे और सभी स्वस्थ रहें। सांसद संजय सेठ ने कहा कि हम आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व-त्योहार मनाते हैं। परंतु कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा हमारे त्योहारों में व्यवधान डालने की कोशिश की जाती हैं। जिस तरह रांची मेन रोड के हनुमान मंदिर को तोड़-फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने का काम किया है उसकी मैं घोर निंदा करता हूं। जिनके द्वारा आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जाती है। वैसे असामाजिक तत्वों को राज्य सरकार द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग करता हूं ताकि ऐसा करने से पहले हजार बार उसे सोचना पड़े। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष जनार्दन ओझा, सचिव अभिषेक मिश्रा, उप सचिव बीरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, ओझा जी, रामाशिष शर्मा, सुनील कुमार सिंह, बबन सिंह, शशिभूषण भगत, मृत्युंजय शर्मा, ललित ओझा, राकेश चौधरी, मुकेश सिंह, रंजीत सिंह, गौतम राय, राजनंदन सिन्हा, नेहा सिंह, कृष्णा चौरसिया, अमरजीत सिंह, कार्तिक सिंह, मंतोष कुमार, वैभव दुबे, विवेक मिश्रा, निरंजन भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

## डोरंडा : नेपाल हाउस में मां की पालकी का स्वागत





## हरमू पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति



## कोकर दुर्गा पूजा पंडाल



**आस्था :** सन 1926 से बंगाली परंपरा के अनुसार की जा रही है चुटिया में पूजा

# नवयुवक संघ उपकार क्लब दुर्गा पूजा समिति में मां की पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने राजधानी रांची के विभिन्न मां दुर्गा के पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान नवयुवक संघ, उपकार क्लब चुटिया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन विधिवत रूप से आदित्य विक्रम के द्वारा किया गया। मां भवानी दुर्गा स्वरूपा जी का पूजा- अर्चना कर मां की आरती की तथा मां दुर्गा से राज्य के समस्त वासियों की खुशहाली, समृद्धि की मंगल कामना किया। मालूम हो कि नवयुवक संघ, उपकार क्लब चुटिया की पूजा सन 1926 ई. से बंगाली परंपरा के अनुसार की जा रही है और आज भी मूर्तिकारों की तीसरी पीढ़ी है जब वह मूर्ति बना रहे हैं। इसके साथ ही चुटिया राम मंदिर में हो रहे सुंदरकांड में भी भाग लिया एवं सबों के समक्ष प्रभु श्रीराम, मां दुर्गा और हनुमान जी की जय जयकार लगायी। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि स्वर्ग में देव हैं तो केदारनाथ में महादेव हैं, जहां



स्वर्ग का एहसास है वह शिव का केदारनाथ है। इसके पश्चात उन्होंने दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य पर सभी भक्तों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि मां भवानी की पूजा आराधना करने वाले हर भक्तों को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। जीवन में शुभता का आगमन होता है और मां दुर्गा की कृपा से उनके सभी भक्तों की उन्नति और तरक्की होती है। मौके पर नवयुवक संघ उपकार क्लब चुटिया दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, मदन सिंह, कृष्णा सहाय, विजय साहू ,गोपी कृष्ण अग्रवाल, वीरू साहू, सुनील सिंह, संजय सिंह, उपाध्यक्ष चंदन कुमार, सचिव रवि सिंह, अमित शाह, गोल्डन, शेखर वर्मा, रिकी राज, उदय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष संकेत कुमार, पूजा प्रभारी नकुल नायक, विवेक धान आदि लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने गांधी जयंती मनायी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** महात्मा गांधी की जयंती को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो सामाजिक या राजनीतिक परिवर्तन को प्राप्त करने के लिए उनके अहिंसा के दर्शन को रेखांकित करता है। महात्मा गांधी को उनकी 153वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, शिवम श्रीवास्तव (मुख्य महाप्रबंधक, पकरी बरवाडीह) ने कहा, ह्लयह गांधी जयंती और भी विशेष है, क्योंकि भारत आजादी का अमृत महोत्सव का प्रतीक है। बापू ने हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना सिखाया। उन्होंने प्रेम, करुणा, सद्भाव और मानवता का अर्थ समझाया। आज गांधी जयंती पर हम संकल्प लेते हैं कि जिस तरह उन्होंने देश को अन्याय के खिलाफ एकजुट किया, उसी तरह हम अपने भारत को एकजुट करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के सभी वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहते हैं और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## आधार पंजीकरण सेंटर का उद्घाटन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** करगालो पंचायत भवन में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।इसके अलावा मुखिया मोतीलाल महतो ने आधार पंजीकरण सेंटर का उदघाटन किया। मौके पर संचालक जयेंन्द्र कुमार, उप मुखिया प्रमिला देवी, पंचायत समिति सदस्य जुगल कुमार, पंचायत सचिव रामानंद प्रसाद, वार्ड सदस्य प्रभा देवी ,मुंडवा देवी, गुंजा देवी , अंबिया देवी, जुबेदा खातून, लालकिशुन साव, संतोष पटेल, खुबलाल साव, टोकन साव, एवं अख्तर अंसारी, सहदेव दास, कृष्णा राणा, जितेंद्र महतो, सोनू शर्मा, अशोक महतो, सुनिल कुमार साव के अलावा बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## लायंस क्लब ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण मे लायंस क्लब ऑफ बड़कागांव के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष सचिन कुमार सोनी व संचालन पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने किया । जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बड़कागांव मध्य क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ,विशिष्ट अतिथि प्रखंड उप प्रमुख वचन देव कुमार , मुखिया विमला देवी, उपस्थित थे । सबसे पहले चित्र पर माला अर्पण करते हुए श्रद्धांजलि देकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सुनीता देवी ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कार्यों को भुलाया कभी नहीं जाएगा हमें भी इनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए । उपप्रमुख वचन देव ने कहा की आज युवाओं को संगठन के साथ साथ मिलकर चलना चाहिए एवं जरूरत पड़ने पर पीड़ित लोगों को रक्तदान करने में आगे रहना चाहिए।वही अध्यक्षता कर रहे सचिन सोनी ने कहा की हमें गर्व होता है अपने देश के सपूतों पर कि महापुरुषों ने देश के लिए अपनी जान कि आहुति दी । हम इन महापुरुषों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। मौके पर जीप सुनीता देवी, उप प्रमुख बच्चन देव कुमार, अध्यक्ष सचिन कुमार सोनी, उप मुखिया कुमारी प्रीति, भुनेश्वर प्रजापति, चिरंजीवी शेखर, विनोद कुमार राणा, सहायक शिक्षक प्रकाश कुमार उच्च विद्यालय के प्रबंधक अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ,राजकुमार साव, लायंस क्लब के सदस्य सनी कुमार, रामानंद कुशवाहा ,प्रकाश कुमार , जयवीर कुमार, संतोष सोनी ,कौशल विकास केंद्र के प्रबंधक अरविंद कुमार ।

## पंडाल का पट खुलते ही माता का दर्शन से निहाल हुए भक्त



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र में दुर्गा पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नमः से पूरा प्रखण्ड गूंज उठा पूरा प्रखण्ड भक्ति मय हो गया है महासप्तमी के माता रानी के पट्ट खुलते ही माता के दर्शन से निहाल हुए भक्त गाजे बाजे के साथ भक्तगण डोली में नवपत्रिका को लेकर तालाब में स्नान करा कर मंडप में प्रवेश किया गया कलश स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के साथ महसप्तमी का पूजा अर्चना कर आरती किया गया इधर प्रखण्ड के झरपो ,टाटीझरिया, और कोल्हू में दुर्गा पूजा हो रही है कमिटी के अध्यक्ष सचिव पूजा को शान्ति पूर्वक मनाने का अपील किये है टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार और इचाक थाना प्रभारी धनन्जय सिंह ने अपने दल बल से साथ पंडाल का भ्रमण किया और साथ कमिटी के अध्यक्ष सचिव से कहा कि जो भी पूजा में हुड़दंग करते हुए पकड़ा जाएगा तो सूचना प्रशासन को दीजिएगा ।

## करंट लगने से युवक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ढाब थाना अंतर्गत थाना के समीप रविवार को एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जगत भुईया (उम्र 35, पिता शिवनाथ भुईयां, ग्राम ढाब) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार उसके घर में लोहा का मेन गेट में अचानक करंट आ जाने से युवक को करंट लग गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद कोडरमा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते मे उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा है।

## नवरात्र पर हुआ कथा वाचन, उमड़े श्रद्धालु



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रखंड अंतर्गत नावाडीह 1 में वृंदावन से आए प्रख्यात कथावाचिका राधिका प्रियवंदा ने दुर्गा मंडप परिसर में नवरात्रि के छठे दिन शनिवार की रात्रि कहा कि देवी के चरित्र से संबंध रखने वाली यह कथा बड़ी ही विलक्षण है। इसके सुनने से संपूर्ण पाप नष्ट हो जाते हैं। यह मंगलमयी कथा धर्म, अधर्म, काम, मोक्ष समस्त फलों को देने वाली है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल समय की बात है। शुम्भ और निशुम्भ नाम से विख्यात दो दानव पताल से भूमखंड पर आए। यह दोनों सगे भाई थे। इनकी आकृति देखने योग्य थी।दोनों भाई बड़े ही बलवान थे। वही माता ने कालरात्रि रूप लेकर इन शुरवीरो का वध किया। कथा समापन के बाद भव्य दीप उत्सव मनाया गया। मौके पर सुमित शास्त्री झा वृंदावन, शैलेश कुमार, वाद्य यंत्र रमेश कुमार, रामकृपाल, अवनेश कुमार, नावाडीह मुखिया बैजंती देवी, पंसस धानेश्वर यादव, पूजा समिति अध्यक्ष बसंत साव, सचिव मुंशी महतो, पूर्व मुखिया नावाडीह सुरेंद्र वर्मा, सदानंद गुप्ता, कौशल गुप्ता, भुनेश्वर साव, सिकेन्द्र साव, हरिहर साव, महेश वर्मा, अनुपम हलधर, प्रकाश साव, नेहरू लाल साव, मिथलेश साव, महाबीर प्रसाद वर्मा, अजय साव समेत सैकड़ों श्रोता गण उपस्थित थे।

## चंदवारा में पुलिस बीट पोस्ट का उद्घाटन

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने रविवार को चंदवारा थाना अंतर्गत बजरंगबली मंदिर चौक के पास पुलिस बीट पोस्ट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस बीट पोस्ट के होने से जनता को सुविधा होगी और अपराध व यातायात नियंत्रण में सहायता होगी। मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व आम लोग भी उपस्थित थे।

## सांसद ने बापू और शास्त्री को नमन किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने तिलैया थाना समीप स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही खादी ग्रामोद्योग में भी शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

# बस और ट्रक में टक्कर, चार लोगों की मौत, 29 घायल

## सभी घायलों का हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में चल रहा है इलाज

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कटकमसांडी थाना क्षेत्र के हजारीबाग कटकमसांडी मुख्य मार्ग पर कन्नौदा पानी घाटी में शनिवार देर रात्रि गया से उड़ीसा जा रही तीर्थ बस वह हजारीबाग से चतरा जा रही ट्रक के बीच सीधी टक्कर हुई टक्कर का कारण घना कोहरा के वजह बताया जाता है बताया जा रहा है कि बस गया से उड़ीसा जा रही थी और ट्रक हजारीबाग से चतरा की ओर जा रही थी घने कोहरे के कारण दोनों में सीधा टक्कर हो गया और दोनों वह पलटी हो गई वही बस पर सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि 29 घायल हैं मृतक में 2 महिला व 2 पुरुष शामिल है इसकी सूचना तत्काल कटकमसांडी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी को मिली सूचना पाते ही अंचला अधिकारी अनिल कुमार व थाना प्रभारी आनंद आजाद सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे और आनन-फानन में वैकल्पिक व्यवस्था के साथ सभी घायलों वह मृतकों को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां बस पलटी की घटना की जानकारी सुनकर सदर एसडीओ भी पहुंचकर घायलों को बेहतर इलाज को इसके लिए मेडिकल के डॉ व कर्मियों को निर्देश दिया वहीं एसडीओ ने काकी सभी मृतकों को मुफ्त एंबुलेंस से उनके निवास स्थान तक भेजा जाएगा और घायलों को इलाज के बाद बस द्वारा उड़ीसा भेजने की व्यवस्था की जाएगी घटना का एक और मुख्य कारण यह भी बताया जा रहा है कि शुक्रवार को हजारीबाग चौपारण रोड में धनुआ बनवा घाटी के पास एक टैंकर पलटी के कारण आवागमन बाधित हो गया था जिसकी वजह गया से पिंडदान कर उड़ीसा के लोग अपने बस को जो भी होते हजारीबाग आ रहे थे शायद यदि यह बस इस रूट से नहीं आती तो हो सकता था या घटना टल सकती थी लेकिन होनी को कौन टाल ले इस घटना के बाद क्षेत्र में काफी लोगों ने उन घायलों को बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था करने में जुटे हैं वहीं प्रशासन द्वारा बस और ट्रक को किरान से उठाने का काम किया जा रहा है ।



### भीषण सड़क दुर्घटना के घायलों का सुध लेने अस्पताल पहूंचे सदर विधायक मनीष जायसवाल, दिखाई संवेदनशीलता

बीती रात्रि कटकमसांडी–हजारीबाग पथ में भीषण सड़क दुर्घटना में तीर्थ यात्रा कर लौट रहें उड़ीसा की एक यात्री बस में बैठे 04 जन काल के गाल समा गए वहीं करीब ढाई दर्जन लोग घायल हैं। घटना की जानकारी पाकर सुबह सदर विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह एचएमसीएच पहुंचे और घायलों से मिलकर उनकी सुध ली। यहां उपस्थित जिला प्रशासन के अधिकारियों और अस्पताल प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों से भी इलाज से संबंधित जानकारी ली और बेहतर इलाज का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल ने घटना पर गहरा शोक प्रकट किया और का हाल ही में जिले के टाटीझरिया में हुए घटना से हमरे नहीं थे कि दोबारा इस प्रकार की भीषण सड़क दुर्घटना जिसमें लोगों की जाने जा रही है बेहद की कष्टकारी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तत्पर है और उड़ीसा तक शवों के भेजने की प्रक्रिया चल रही है बाकी अस्पताल प्रबंधन घायलों के इलाज को लेकर सक्रिय है। उन्होंने घायलों से मिलकर उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की जरूरत पर मैं आपके साथ हूं।

## वन्य प्राणी सुरक्षा समिति के सदस्य दूधमटिया वन कटने का करेंगे विरोध

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आगामी 7 अक्टूबर को टाटीझरिया के दूधमटिया में वन पर्यावरण महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर वन्य प्राणी सुरक्षा समिति की अंतिम बैठक पर्यावरण जागरूकता भवन परिसर में रविवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता डहरभंगा मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव व संचालन सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में समिति के सदस्यों ने फोरलोन बनने के दौरान दूधमटिया वन के कटने का विरोध करने का निर्णय लिया है। सदस्यों ने कहा कि दूधमटिया वन की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर है। पेडों को लाल डोर बांध पर्यावरण संरक्षण का मॉडल वन विभाग समेत विभिन्न समितियों ने इसे अपनाया है। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों का कहना है कि दूधमटिया वन को हमारे बुजुर्गों ने संरक्षित कर रखा है। लाखों पेड के घना जंगल से टाटीझरिया प्रखंड की पहचान है। उन्होंने इस वन को बचाते हुए दूसरे तरफ से सडक बनाने के विकल्प की मांग किया है। कहा कि यदि दूधमटिया वन की क्षति होती है तो वह इसका व्यापक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दामोदर बचाव अभियान के राज्य कॉर्डिनेटर गुलाब कुमार के द्वारा दोनों विभूतियों के जीवनी पर विचार रखा। सदस्यों ने गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी, प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों के लिए विभिन्न सदस्यों को मूल्यांकन व देखरेख की जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में संस्थापक पर्यावरणविद महादेव महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, सुजीत वर्णवाल, रामेश्वर यादव, मनोज यादव, अजय महतो, रवि राणा, चोलो प्रजापति, मो. क्यूम व अन्य उपस्थित थे।

## डीएवी ने मनायी महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल एनटीएस बरकाकाना में महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर उपस्थित संगीत शिक्षक रजनीकांत एवं उपस्थित छात्रों ने महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम एवं वैष्णव जन का कहिए... बड़े ही सुंदर भाव से प्रस्तुत किया।कक्षा दशम के हर्षित विपुल ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर अपना विचार प्रस्तुत किया तत्पश्चात प्राचार्य सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने शिक्षकों एवं छात्रों को आशीर्वचन स्वरूप अपने उद्बोधन में कहा कि – छात्रों के लिए जितने मेहनत से शिक्षक कर्तव्य का निर्वहन करते हैं वहीं छात्र आगे चलकर देश के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। विकट परिस्थितियों को सामना करते हुए अपने उज्जवल भविष्य के लिए आगे बढ़ना और देश राष्ट्र की उन्नति में अपने आप को समर्पित करना एवं सेवा भावना से ओतप्रोत होकर बच्चों को देश हित के लिए निर्माण करना बताया।

## बड़कागांव के मंदिरों एवं पंडालों में खुला पट, भक्तों की उमड़ी भीड़



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के नौ दिवसीय अनुष्?ठान पर्व शारदीय नवरात्र का आज सबसे खास दिन रहा।रविवार को सप्?तमी तिथि में मां दुर्गा के प्रतिमाओं के पट खुलने शुरू हो गए ।बड़कागांव के दैनिक बाजार स्थित दुर्गा मंदिर,साँढ़ दुर्गा मंदिर, नापो खुर्द दुर्गा मंदिर,हरली दुर्गा मंदिर, महुगाई दुर्गा मंदिर, बादम दुर्गा मंदिर, अम्बाजीत दुर्गा मंदिर समेत अन्य पूजा पंडालों एवं देवी मंडपों में रविवार को देवी के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा की गई।पत्रिका प्रवेश की पूजा की गई।अष्टमी तिथि प्रारम्भ 2 अक्टूबर को 06:47 बजेशुरू होगी।3 अक्टूबर को 04:37 बजे तक अष्टमी पूजा समाप्त होगी।दुर्गा पूजा को लेकर बड़कागांव के दैनिक बाजार एवं विभिन्न दुकानों में भीड़ उमड़ी।

## ग्रामीण बैंक ने गांधी मैदान में चलाया स्वच्छता अभियान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने मटवारी के गांधी मैदान में स्पेशल कैंपेन 2.0 के तहत रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक माधव चंद्र पॉल ने झाडू लगाकर सफाई अभियान की शुरूआत की। इसके बाद हजारीबाग क्षेत्र के कार्यालय तथा विभिन्न शाखाओं से आए हुए अधिकारी तथा कर्मचारी ने गांधी मैदान तथा उसमें वाकिंग ट्रेक की सफाई की। वहीं गांधी मैदान की सफाई के बाद कचड़े का भी उठान किया गया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने इस दौरान क्षेत्रवासियों को स्वच्छता वह सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही उन्हें खुले में कचरा ना डालने, सूखा गीला कचरा अलग अलग करने व नालियों में ठोस कचरा ना फेंकने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर एमसी पॉल, आरएम संतोष सिन्हा, रंजन सिन्हा, देवेंद्र कुमार, राधेश्याम सिंह, राजेश कुमार, आशुतोष कुमार, रागिनी कुमारी, निवेशकों दयाल, योगेंद्र कुमार तथा झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से जुड़े अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध कोयला लदा वाहन जब्त

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ पुलिस अवैध कोयला लदी 407 वाहन जप्त किया है।इस सम्बंध में बताया गया कि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि कोयला तस्करों द्वारा बोकारो जिले के बेरमो थाना अंतर्गत बेदखारो के सुरक्षित वन क्षेत्र से कोयले का अवैध उत्खनन कर उसे प्लास्टिक के बोरियो में भरकर मोटरसाइकिल के माध्यम से धुलाई कराकर नरकी के झंडी जंगल मे काफी मात्रा में डम्प किया गया है।जिसे बड़ी वाहनों में लोडकर अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से चोरी छिपे बेचने वाले हैं।खबर पाकर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी की गई तो नरकी के झंडी जंगल से सफेद रंग का टाटा 407 पर लोड कुल 185 बोरिया कच्चा स्टीम कोयला वजन 5550 किलोग्राम तथा उक्त स्थल से 119 बोरी कच्चा स्टीम कोयला वजन 3570 किलोग्राम बरामद किया गया।साथ ही वाहन के चालक छोटी कुमार यादव पिता कल्लू यादव ग्राम बुंडू थाना पदमा ओपी को गिरफ्तार किया गया।

## तेली समाज ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# बच्चों को पढ़ाई के साथ अनुशासन भी दें : योगेंद्र साव

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ऐतिहासिक बुढ़िया माता मंदिर प्रांगण स्थित सभागार में झारखंड तेली समाज इचाक कमेटी ने महात्मा गांधी जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेश कुमार साव और संचालन गणेश नारायण गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। तेली समाज ने सबसे पहले अतिथियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उसके बाद मुख्य अतिथि ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्मृति



चिन्ह, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा की मुझे आंदोलन के लिए जेल में डाला गया मगर मैं कभी विचलित नहीं हुआ, आज भी मेरी पत्नी जेल में है मगर मैं पहले की भांति आज भी जल, जंगल और जमीन के लिए आन्दोलन करूंगा। साथ ही लोगों से अपने बच्चो को पढ़ाई के साथ अनुशासन देने की बात कही। जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की ऐसे आयोजन के लिए झारखंड तेली समाज इचाक कमिटी बधाई के पात्र हैं। ऐसे आयोजन से प्रतिभाओं को सम्मान मिलता है। साथ ही कहा की समाज के उत्थान के लिए सबों को मिल जुल कर कार्य करना जरूरी है। मौके पर पूर्व मुखिया सुनील मेहता, डेग्नारायण मेहता, कमल कुमार गुप्ता, भागीरथ साहू, सुधीर मेहता, अजय कुमार साव, दीपक साव, राजेंद्र साव, ज्ञानी साव, रामू साव, पप्पू साव, मानकी साव, उदय साव आदि उपस्थित थे।

## इचाक टू नगवां सड़क निर्माण संघर्ष समिति का गठन

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चंदवारा गांव में भुसाईं, साडम, चंदवारा, टेप्सा, पारटांड़, धरमू समेत अन्य गांवो के ग्रामीणों ने बैठक की। अध्यक्षता पूर्व मुखिया संतोष प्रसाद मेहता ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य इचाक बाजार से लेकर नगवां सीवाने पूल तक की जर्जर सड़क को जल्द बनवाने के लिए आंदोलन की रणनीति तय करना था। उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में सड़क निर्माण के लिए बृहद रूप से आंदोलन चलाने की बात कही। इसके लिए एक कमिटी का गठन किया गया। जिसका कार्य आंदोलन की रूप रेखा तय करना और आंदोलन को गति देना है। सर्व सम्मति से शंकर सिंह को अध्यक्ष और दीपक सिंह को सचिव बनाया गया है, वही पूर्व मुखिया संतोष प्रसाद मेहता और कांग्रेस नेता कुमार संतोष सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। कोषाध्यक्ष विनय कुमार मेहता और सह कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा को बनाया गया। सह सचिव महेंद्र प्रसाद मेहता और संयुक्त सचिव मनोज सिंह को बनाया गया है। जबकि सदस्य के रूप में अनिल कुमार मेहता, शिव कुमार, आलोक सिंह, संजय कुमार मेहता उर्फ गांधी जी, अखलेश सिंह, राजा सिंह, शैलेश सिंह, सूरज सिंह, अशोक प्रसाद मेहता, संतोष सिंह, मनोज कुमार मेहता, योगेंद्र प्रसाद मेहता, सतीश प्रसाद मेहता, धर्मेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, विक्रम सिंह, प्रकाश यादव, प्रकाश मेहता और कृष्णा मेहता को बनाया गया है। साथ ही आगामी 16 अक्टूबर को सर्वदलीय बैठक कर क्षेत्र के सांसद, विधायक, जीप चेयरमैन के अलावे सभी जनप्रतिनिधि और सभी दल के नेताओ को आमंत्रित कर आंदोलन को गति देने की भी बात की गई। बैठक में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हाथियों ने मिर्जापुर गांव में जमकर मचाया उत्पात



**बड़कागांव (आजाद सिपाही) ।** बड़कागांव प्रखंड में इन दिनों हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। जिससे लोगों को लाखों का नुकसान हो रहा है इसी क्रम में बीते देर रात हाथियों के झुंड ने मिर्जापुर गांव में लगभग 4–5 एकड़ में लगे धान के फसल को बर्बाद कर दिया। किसानों में रामविलास महतो का 3 कट्ठा,खेमलाल महतो का 3 एकड़, जपाली महतो का 3 कट्ठा,हुसैनी महतो का 5 कट्ठा, राजू महतो का 5 कट्ठा सहित अन्य किसानों का धान के फसल को रौंद डाला। भुक्तभोगी हुए सभी किसानों ने एक स्वर में कहा कि धान की फसल बर्बाद हो जाने से हम लोगों के समक्ष आर्थिक स्थिति खराब आन पड़ी है। क्योंकि यही धान की फसल से साल भर का चावल खाते हैं।और इसी से हम लोगों का जानवर का भी पुआल की व्यवस्था होती है। वन विभाग से सभी किसानों ने क्षतिपूर्ति की मांग की है।

## भाजपा पूर्वी उरीमारी मंडल ने किया बापू को याद, मनायी जयंती



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारत के राष्ट्रपिता एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मोहनदास करमचंद गांधी (महात्मा गांधी) की 153 वीं जयंती नापोखुर्द में बने बापू के आदमकद प्रतिमा के सामने भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष अशोक साव के संचालन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बारी बारी से उपस्थित कार्यकताओं ने महात्मा गांधी के बने आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं उनके बताए सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने बापू के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं कहा कि उनके विचारों से प्रेरणा लेकर हमें पार्टी हित में कार्य करने की आवश्यकता है। मालूम हो कि प्रदेश व जिला संगठन के निदेर्शानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन आज 2 अक्टूबर को किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में जय जवान जय किसान का नारा देने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के 118 वीं जयंती पर उन्हें भी याद किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मंत्री विनोद महतो, साहू समाज युवा प्रखंड अध्यक्ष चंदर साव, हीरालाल साव, गोपाल स्वर्णकार, मुकेश साव, महेश साव, सुरेश कुमार, सुनील कुमार, भीखु साव, दिलीप कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्र पर दुर्गा मंदिर प्रांगण में भक्ति जागरण का आयोजन



**चरही (आजाद सिपाही)।** जरबा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जुगेशवर प्रजापति एंव सचिव एडवोकेट किशोर ठाकुर दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और दुसरे दिन आर्केस्ट्रा कि भी आयोजित होगा जिसके। मुख्य अतिथि के रूप में चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक होंगे । मुख्य अतिथि ने कहा कि जल यात्रा नदी से उठाया गया जिसमें सैंकड़ों महिला पुरुष के द्वारा तमाम गांव का भ्रमण किया गया और भव्य तरीके से मंदिर प्रांगण को पंडाल से सजाया गया है बरगहियां के तमाम गांव से हजारों की संख्या में भीड़ होता है तमाम मां बहनों के रक्षा के लिये कमिटी के द्वारा लडके लोग तैनात रहता है और रात में महां आरती के बाद जागरण का आयोजन किया गया है जागरण से लोगों में जागृति आती है आपसी प्रेम बढ़ता है मां दुर्गा दुष्टों का सँहार करने वाली है सभी लोगो के उज्वल भविष्य के लिए माता जी से प्रार्थना भी किये।

## स्व. भीम भारती स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन में छावनी की टीम ने 3 गोल से रेड आर्मी को हराया



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के छावनी स्टेडियम में रविवार को स्व भीम भारती स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। स्व भारती की पत्नी शिक्षिका मंजू देवी और उनके पुत्र पुलिस अवर निरीक्षक आशीष भारती के सौजन्य से यह टूनार्मेंट आयोजित किया गया है। सर्वप्रथम महात्मा गांधी और स्वर्गीय भीम भारती के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। साथ ही स्मृति के रूप में फलदार पौधा लगाया गया। शिक्षिका मंजू कुमारी ने फुटबॉल को किक मारकर टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच रेड आर्मी कोर्रा बनाम छावनी टीम के बीच खेला गया। जिसमें छावनी की टीम ने तीन गोल से रेड आर्मी को हराया। पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां खिलाड़ियों को अपने अंदर छुपी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। फुटबॉल एसोसिएशन के जिला सचिव मुरारी सिन्हा ने कहा कि इचाक की प्रतिभा राज्य के साथ देश स्तर पर देखा गया है। आयोजक आशीष भारती ने कहा कि पिता के सामाजिक सरोकारों के प्रेरणा से ही यह टूनार्मेंट आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, मानव विकास संस्था सचिव बीरबल प्रसाद, राजद नेता शत्रुघन राम, पंसस विनय धवन, शिक्षक ओम प्रकाश, अनिल सिन्हा, बहादुर राम, योगेश कुमार, सुबोध कुमार, गोपाल राम, अशोक राम, रमेश गुप्ता, नरेश सिन्हा समेत अन्य अतिथियों ने संबोधित किया। टूनार्मेंट को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष मनोज राम, उपाध्यक्ष चंदन प्रसाद मेहता, सचिव मुकेश कुमार राम, उप सचिव आनंद कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुमित कुमार व मनीष भारती, संरक्षक आनंद कुमार पासवान, ज्ञानी साव, ब्रजेश सिन्हा, आदि उपस्थित थे।

## मां भगवती का जागरण आयोजित करेगा किन्नर समाज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** दशहरा के मौके पर किन्नर समाज के द्वारा भी मां भगवती का जागरण आयोजित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार किन्नर समाज झुमरी तिलैया में 3 वर्ष पहले से जागरण के लिए जगह की तलाश कर रहा था लेकिन संकोच की वजह से ये लोग किसी से बात नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में इस बार इनकी बात बेलाटांड़ दुर्गा मंडप स्थित कला मंदिर के दुर्गा पूजा समिति से हुआ, जिसके बाद इन लोगों ने दुर्गा पूजा के नवमी के भंडारे के साथ–साथ माता के जागरण का भी आयोजन करने का बीड़ा उठाया। इस आयोजन को दुर्गा पूजा के बाद 8 अक्टूबर को कला मंदिर बेलाटांड़ दुर्गा मंडप में आयोजित किया जाएगा। इसमें कोलकाता से आने वाले बंटी डांस ग्रुप एवं उनके कलाकारों द्वारा झांकी की भी प्रस्तुति की जाएगी। ऐसा पहला मौका है कि किन्नर समाज के लोग समाज के साथ जुड़कर धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन को लेकर किन्नर समाज को स्थानीय पत्रकार अरुण बरनवाल का भी साथ मिल रहा है। वहीं किन्नर समाज की ओर से अंजली किन्नर ने बताया कि माता के जागरण के आयोजन का एकमात्र उद्देश्य है कि लोगों के बीच धर्म के प्रति आस्था बने।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी

## दुर्गा पूजा पंडालों के पट खुले, मां दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि को पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का पट खोला गया है। पट खुलते ही पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रामगढ़ शहर में विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है। सभी पूजा पंडालों में विधिवत पूजा अर्चना भी की जा रही है। सप्तमी तिथि को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी अपने समर्थकों के साथ कई पूजा पंडालों में पहुंचे और मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ जिला वासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत के जश्न में हम दशहरा मनाते हैं। मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर इस धरती से बुराई को खत्म करने का संदेश दिया था। आज हम भी अगर अपनी अंतरात्मा की बुराई को मिटाकर अच्छाई की राह पर चलें तो ईश्वर भी हमारा साथ जरूर देगा। उन्होंने कहा कि आज समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म कर अमन चैन स्थापित करने का दिन है। उन्होंने शहर के बिजुलिया, पतरातू बस्ती, विकास नगर, बारलोंग, अरगड्डा एवं सिरका दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जीप सदस्य धनेश्वर महतो मौजूद थे।



### आकर्षण का केंद्र बना श्री श्री केदारनाथ धाम पूजा पंडाल

शहर के सुभाष चौक पर पूजा समिति द्वारा श्री श्री केदारनाथ धाम मंदिर को जीवंत रूप दिया गया है। इस पूजा पंडाल को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। पूजा पंडाल को इस तरह बनाया गया है मानो वह हिमालय की वादियों में स्थित है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि जब केदारनाथ धाम में त्रासदी आई थी तो उस वक्त वहां का नजारा काफी प्रलयंकारी था। इस पूजा पंडाल में भी उन्हीं दृश्यों को दशार्या गया है। लोग यह जाने की हमारा जीवन कितना अनमोल है और ईश्वर हमारी सहायता किस तरह करता है। मानव जाति अगर एक दूसरे की सहायता करें तो ही धरती पर जीवन संभव है।

### रांची रोड पूजा पंडाल में दिखा इंडिया गेट का नजारा

रांची रोड पूजा पंडाल में मुंबई का इंडिया गेट जीवंत हो उठा है। यहां पूजा पंडाल का निर्माण इस तरह किया गया है मानो वह इंडिया गेट ही है। लकड़ी की बीट और उस पर बिछाए के कपड़े के बाद रस्टिक का प्रयोग इस तरह किया गया है, जिससे देखने में वह पूरी तरह से पत्थर का बना हुआ प्रतीत हो रहा है। पूजा समिति के सदस्य अजय यादव ने बताया कि पूजा पंडाल में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग द्वार बनाए गए हैं। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

## थाना प्रभारी ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**गोला (आजाद सिपाही)।** मां दुर्गा की पट खुलते ही विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। वहीं अतिथियों द्वारा पूजा पंडालों का उद्घाटन किया जा रहा है। इसी क्रम में महासप्तमी के दिन रविवार को चक्रवाली पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि गोला थाना प्रभारी सिद्धांत व विशिष्ट अतिथि पंचायत की मुखिया रुपा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने माता का आशीर्वाद लिया। साथ ही पूजा कमेटी के सदस्यों से शांतिपूर्ण ढंग से उत्सव मनाने का अपील की। वहीं चेतावनी देते हुए कहा है कि कोई भी शराबी शराब पीकर झगड़ा नहीं करेंगे। अन्यथा उसपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर कमेटी के संरक्षक दिनेश कुमार महतो, अध्यक्ष फलेन्द्र प्रसाद, सचिव विनित प्रभाकर, कोषाध्यक्ष विमल प्रसाद, देवदत्त प्रसाद, रॉकी प्रसाद, दीपू प्रसाद, जनक करमाली, कालीचरण महतो, उषा देवी, जयनंदन मुंडा, निवारण प्रसाद, मनसु मांझी, वीगा करमाली, रामचंद्र प्रसाद, सतिश प्रसाद, दिलीप सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश संयोजक पन्नालाल का आदिवासी कुड़मी समाज ने अभिनंदन कर सम्मानित किया




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** कोठार मेन रोड के समीप एक सादा समारोह आयोजित कर समाज के लोगों द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आदिबासि कुड़मि समाज जिला कमिटी रामगढ़,जिला महिला इकाई रामगढ़,जिला इकाई नेगाचारि रामगढ़ एवं केंद्रीय कमिटी के सदस्यगण व पदाधिकारगण केंद्रीय कार्यालय कोठार में आदिबासि कुड़मि समाज के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश संयोजक मानगर पन्नालाल राम महतो राज बल्लभ उच्च विद्यालय सांडी चितरपुर से सेवानिर्वित हुए पूर्व प्राचार्य का अभिनंदन किया गया! साथ ही चुरामन महतो केंद्रीय संगठन सचिव कार्तिक महथा गोला रामगढ़ जिला अधिवक्ता संघ का भी अभिनंदन किया गया! ज्ञात हो कि आदिबासि कुड़मि समाज का दो दिवसीय वार्षिक केंद्रीय अधिवेशन रामगढ़ जिला अंतर्गत पटेल छात्रावास (कुड़मि कुंबा) में 24 एवं 25 सितंबर 2022 को संपन्न हुआ जिसमें आकुस केंद्रीय कमिटी ने इन्हें झारखंड प्रदेश का संयोजक घोषित किया गया था, अतएव मानगर पन्नालाल राम महतो के अभिनंदन के पश्चात पिछले दिनों हुए अधिवेशन का समीक्षा किया गया! बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव बैजनाथ महतो केंद्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनी देवी, केंद्रीय उपाध्यक्ष निरंजन महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष शंकरलाल प्रसाद, रामगढ़ जिला सचिव भुवनेश्वर महतो, रामगढ़ जिला कोषाध्यक्ष सत्यनारायण महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा दुलारी देवी, रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष राजकुमार महतो एवं दिवाकर प्रसाद रामगढ़ जिला नेगाचारी प्रमुख कोलेश्वर महतो, नगर अध्यक्ष मनगोविंद महतो, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष संतोषी देवी जिला मीडिया प्रभारी राजीव बसरियार इसके अलावा निरंजन महतो,पोखलाल महतो, भागीरथ,रूपलाल महतो सुधीर कुमार अकेला, रामधन महतो सेवालाल महतो एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मनायी गयी महात्मा गांधी व पूर्व पीएम शास्त्री की जयंती



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू क्षेत्र में रविवार को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंति मनाई गयी। इस मौके पर शाह कॉलोनी पतरातू में स्थापीत महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। और उनके देश के प्रति किए गए कार्यों को याद किया गया। वही पतरातू रेलवे स्टीम कालोनी में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर्मचारी युनियन के अधिकारियों के द्वारा किया गया । वहीं जयनगर पंचायत भवन में जिप सदस्य राजा राम प्रजापति और मुखिया हीरा देवी ने गांधी जी के चित्र में माल्यार्पण किया। वही पंचायत भवन पालू में पानो देवी ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और मनरेगा अन्तर्गत विशेष ग्राम सभा का का आयोजन किया गया। इसके साथ पीवीयुएन पतरातू में गांधी जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया और पीवीयुएन के अधिकारियों ने महात्मा गांधी के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर पीवीयुएन सीईओ प्रेम प्रकाश, एपी श्रीवास्तव, आरके झा, विष्णू दत्ता, नीरज कुमार राय, एम चंद्र सेगर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## गांधी जयंती पर उपायुक्त समेत पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया



**चतरा (आजाद सिपाही)** । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर शहीद स्मारक (फांसी तालाब) उपायुक्त अबु इमरान ने राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए उनकी तश्वीर पर पुष्प अर्पित किया। उपायुक्त साथ अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने बापू की तस्वीर में पुष्प अर्पित किया। शहिद स्मारक पर लगे अन्य शहीदों की तस्वीरों पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्म हिन्दू मुस्लिम शिख व इसाई धर्म के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए आपस में भाईचारा एवं प्रेम की भावना रखते हुए उनके दिखाए अहिंसा के राह पर चलने की बात सभी धर्मों के लोगों द्वारा कही गई। साथ हीं चतरा के इतिहास में शहीदों द्वारा दिए गए बलिदान को भी याद किया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नीति एवं सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाकर उसे लागू करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार कार्यक्रम के पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर सूबेदार जयमंगल पांडे और सूबेदार नादिर अली की शहादत पर आधारित बनाए जा रहे है फिल्म का किया गया शुभारंभ।

## आम्रपाली चंद्रगुप्त कार्यालय में मनायी 153वीं गांधी जयंती



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सत्य, अहिंसा व शांति के पथप्रदर्शक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 153 वीं जयंती के अवसर पर रविवार को आम्रपाली चंद्रगुप्त जीएम कार्यालय डकरा एव आम्रपाली परियोजना कार्यालय होन्हे में जीएम वी. के.शुक्ला ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। एव गांधी जी जयंती में शामिल कर्मियो को जीएम श्री शुक्ला ने बापू के विचारों को याद कर उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कहि।इस मौके पर के.के.पांडा,विक्रांत कुमार, प्रमोद नायक,अनूप कुमार, संतोष विश्कर्मा,प्रेम कुमार समेत कई सीसीएल अधिकारी कर्मी उपस्तिथ थे।

## चुटूपालू घाटी में 24 घंटे में तीन की मौत, 4 गंभीर



**रामगढ़ (आजाद सिपवाही)।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में सड़क दुर्घटनाओं का दौर जारी है, एक के बाद सड़क हादसे से राहगीरों में भय व्याप्त है। शनिवार से जो दुर्घटनाओं के दौर चालू हुआ वह रविवार को भी जारी रहा। अब तक सड़क हादसे मर तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका सदर अस्पताल में प्राथमिकी उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया।

**खड़ी ट्रेलर को सवारी गाड़ी ने मारा टक्कर, एक की मौत**

रविवार को चुटूपालू घाटी में खड़ी एक ट्रेलर संख्या एनएल 01 एएफ 3581 के नीचे कुछ राहगीर बरसात से बचने के लिए छिपे हुए थे, इसी बीच रांची की ओर से तेज रफ्तार से आ रही सवारी गाड़ी संख्या जेएच 01सीजे 8801 ने बाइक संख्या जेएच 02एके 2070 को अपनी चपेट में लेते हुए ट्रेलर के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार युवक की मौत मौके पर ही हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे पुलिस के सहयोग से तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों को एम्स रेफर कर दी।

### घटना स्थल पहुंचे गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, ली जानकारी

रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के पटेल चौक पर शनिवार की रात करीब 9 बजे रांची की ओर से आ रहे तेज रफ्तार से एक कंटेनर एनएल 01एल 9811 ने सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 53डीएल 0230 को अपनी चपेट में ले दिया। इस घटना में स्विफ्ट कार के परखच्चे उड़ गए। घटना में चालक और एक अन्य व्यक्ति बुरी तरह फंस गए। इस दौरान स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे चालक को जिंदा निकाल लिया गया जबकि एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी पहचान साधु चरण के रूप में कई गई। इसी दौरान घटनास्थल से गुजर रहे हैं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपने काफिले को रोक कर घटनास्थल पहुंचकर घटना से संबंधित जानकारी ली और पुलिस को कई निर्देश दिए।

### एनएचएआइ की लापरवाही या अनदेखी के कारण हो रही है दुर्घनाएं

लगातार ब्लैक स्पॉट चिन्हित जगहों पर ही दुर्घटनाएं हो रही हैं। लेकिन एनएचएआई की ओर से दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रहे ही। इससे स्पष्ट अंदाजा लगाया जा सकता है कि एनएचएआई की लापरवाही या अनदेखी के कारण ही दुर्घटनाएं हो रही है।

### अब तक तीन लोगों की हो चुकी है मौत, 4 गंभीर

चुटूपालू घाटी के फोरलेन सड़क पर 24 घंटे के दौरान तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। जिसमे, दाड़ी कनकी गिद्दी निकासी 36 वर्षीय राजेंद्र कुमार पिता प्रभु महतो, डिमना बस्ती मानगो जमशेदपुर निवासी 61 वर्षीय साधु चरण पिता ईश्वर चंद चरण और रामपुर यूपी निवासी 52 वर्षीय इकरार हुसैन पिता स्वर्गीय अबरार हुसैन शामिल है। जबकि 4 से 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके है, बावजूद दुर्घटनाएं रोकने की दिशा में एनएचएआई और ना ही जिला प्रशासन सकारात्मक पहल दिख रही है।

## शहीद सहदेव विक्रम मानव नहीं बल्कि एक विचारधारा थे : मंत्री



**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहीद विक्रम सहदेव यादव अंगार मानव नही एक बल्की विचार घारा थे, उनके द्वारा किये गये कार्यो को हमेशा याद रखा जाएगा।वे गरीब, दलितो, दबे-कूचले एवं शोषित के लिए किये गये कार्यो पर चलकर उन्ही सच्ची श्रद्धाजंलि दी जा सकती है यादव विक्रम सहदेव अंगार प्रखंड के लोगो के कल्याण के साथ-साथ अन्य प्रखंडो के लिए आवाज उठाते रहते थे।बल्की वे सहायता के लिए भी हमेशा तैयार रहते थे शहीद के परिवार के साथ हमेशा सहयोग करते रहेगे।उक्त बाते झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण यह कौशल विकास मंत्री सत्यानंन्द भोक्ता ने प्रखंड के यादव नगर टड़वा में यादव विक्रम सदहेव अंगार के 30वे पूण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा।उन्होने ने आगे कहा की इनका लड़ाई केवल जमीनदारो तथा सामंतो के विरूद्ध आवाज उठाने एवं उनके विरूद्ध बोलने के लिए लोगो के जागरूक किया करते थे।सामंतवादी विचारधारा के आवाज उठाने के कारण उनकी हत्या कर दिया गया।आगे कहा की समाज फैले कुरीतियो को दूर करने तथा समाज को शिक्षित करने में अहम योगदान था प्रेरना देते हुए कहा की युवा उनके किये कार्यो को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र के नाम रौशन करे।वही बिहार के अनुसुचित जाति एवं कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा की सहदेव विक्रम अंगार एक गांधीवादी विचार धारा ये हमेशा कलम में विश्वास में रखते थे दबे-कुचले के आवाज उठाने पर उनके विरोधियो ने गोली मारकर हत्या कर दिया था वही मंच पर मौजूद बिहार राजद के महिला प्रकोष्ट के महासचिव सह यादव विक्रम सहदेव की पुत्री मंजू देवी, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, पूर्व जिला परिसद सदस्य सह भाई अरूण यादव, टड़वा मुखिया किशोर यादव, राजद अध्यक्ष खेदु यादव समेत दर्जनो लोगो ने कार्यक्रम को संबोधित किया।कार्यक्रम का मुख्य आयोजक सहदेव विक्रम अंगार के पुत्र प्रतिक प्रकाश ने संबोधन करते हुए अपने पिता को श्रद्धाजंलि देते हुए कहा अपने पिता के बिना जिदंगी अधूरा है आज पिता जी जिंदा होते तो हमलोग उच्चे स्तर पर नौकरी करते।मालूम हो की 2 अक्टुबर 1992 को सामंतवादी विचार धारा के लोग शहीद यादव विक्रम सहदेव अंगार,उसके भाई रामबालक यादव एवं बिनोद प्रजापति को गोली मारकर हत्या कर दिया था कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर यादव एवं अरूण यादव एवं संचालन मिस्टर आलम अशरफी ने किया। इस मौके पर एसडीओ मुमताज अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जितेन्द्र सार्थक, अशोक प्रजापति,भोला प्रजापति, बिरन्द्र यादव, विशाल यादव, नानु यादव, जितेन्द्र सार्थक, प्रदीप यादव, अरूण यादव, रामचंन्दर दास, रंजीत यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दोतल्ला पंचायत में विशेष ग्रामसभा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत हर वर्ष की भांति रविवार को भी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के शुभ अवसर पर विभिन्न स्वच्छता अभियान सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी ने की। इस दौरान छात्र-छात्राओं के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से कई योजनाओं का चयन कर इसे पारित किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शिक्षिका अनीता तिवारी, सीमा देवी, रेखा देवी, सईदा खातून, अनुपमा कच्छप, आंगनबाड़ी सेविका प्रेमी सलोनी तिर्की, सहायिका संजीदा खातून, संजू सिंह, सुनीता सिंह, पारो देवी, आशा देवी, मीना देवी, सुमित्रा देवी, राजू देवी, पूनम देवी, शमा परवीन, जुलेखा खातून, डोली देवी, शकुंतला देवी, कल्याणी देवी, अमित कुमार, ललन सिंह, संजय सिंह, विश्वनाथ सिंह, दिनेश सिंह, राजेश सिंह, जामा देवी, इशरत जहां, राधा देवी, ममता देवी सहित पंचायतवासी मौजूद थे। इधर सौंदा डी पंचायत में भी विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से कई योजनाओं का चयन किया गया। ग्रामसभा की अध्यक्ष मुखिया उपेंद्र शर्मा व संचालन पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने किया। मौके पर उप मुखिया संजय भारती, वार्ड सदस्य ऐनजिना एक्का, सुबोध रजक, गौतम पासवान, अरविंद ओझा सहित कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा रविवार को राष्ट्रपित महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस दौरान प्रत्येक सप्ताह की भांति इस बार भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये गरीबों के बीच खीर-पुड़ी व सब्जी का वितरण करते हुए मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने मंच के कार्यों की सराहना करते हुए इसे नेक पहल बताया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि समाजसेवी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने राष्ट्रपित महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, डॉ. जयश्री मेहता, लालू उरावं, लखन राम, प्रो. राम मनोज सिंह, रितिका भोक्ता, ललन सिंह, संजय सिन्हा, आदि का विशेष योगदान रहा।

## कुजू में धूमधाम से मनी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति के नेतृत्व में रविवार को नयामोड़ स्थित ठाकुर होटल सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती मनी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि समेत अन्य लोगों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन कर उन्हें नमन किया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी की ही बदौलत आज हम लोग स्वतंत्र भारत के नागरिक है। कहा कि 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के दम पर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उन्हीं के विचारों के सम्मान में 2 अक्टूबर को हर साल अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी मनाया जाता है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस की तरह इस दिन राष्ट्रीय पर्व का दर्जा मिला। मौके पर सुनील कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, मन्नू यादव, गुलजार हुसैन, भरत प्रसाद, संजय साव, छोटन प्रजापति, त्रिलोकी साव, शेखर साव आदि मौजूद रहे।

# भुरकुंडा कोयलांचल के विभिन्न पूजा पंडालों का हुआ उद्घाटन

## पूजा पंडालों के खुले पट, उमड़ी भक्तों की भीड़, हुई सप्तमी पूजा

**भुरकुंडा (आताद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल भदानीनगर, बासल सहित आसपास क्षेत्रो में रविवार को महासप्तमी पूजा के साथ पूजा पंडालो के पट खुल गए। पट खुलते ही मां के दर्शन और पूजा के लिए भक्तो की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा को ले पंडालो मैं आकर्षक साक-सज्जा की गई है। कई जगहों पर मेले का भी आयोजन किया गया है। कोयलांचल के कई पूजा समिति द्वारा रावण दहन की तैयारी जोर-शोर चल रही है। भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो मे दो दर्जन से अधिक जगहो पर पूजा पंडाल बने हैं। भुरकुंडा पूरणराम चौक, बिरसा चौक, रिकरेशन कलब, बोनर धौडा, जवाहर नगर, सौंदा डी कल्ब घर, जयनगर, सेंट्रल सौंदा मैदान, सीसीएल सौंदा कलब घर, कोपरेटिव, रिभर साईड शास्त्री पार्क, गांधी पार्क, नेहरू पार्क, भदानीनगर ग्लास फैक्ट्री, लपंगा, पटेलनगर, सौंदा बस्ती, चैनगडडा, रसदा, बलकुदरा आदि कई जगहो पर एक से बढ़कर एक पूजा पंडालो का निर्माण हुआ है। इधर भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर बासन सहित आसपास के क्षेत्रो में रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न पंडालो का अतिथियों ने फीता काटकर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित गांधी पार्क में पूजा पंडाल का उद्घाटन एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, थाना चौक भुरकुंडा स्थित जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप भुरकुंडा में पीओ मनोज पाठक, सौंदा डी वर्कर्स क्लब में जीएम एके सिंह व पीओ मनोज पाठक, रिभर साईड शास्त्री पार्क में आजसू के केंद्रीय महासिचव रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। साथ अतिथियों ने मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। उद्घाटन के मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, मुखिया व ब्यास पांडेय, पीओ मनोज पाठक, जेके सिंह, एएन सिह, एनके सिंह, एसके चौबे, अंकुर कुमार, ट्रेड यूनियन के नरेश मंडल, विकास कुमार, अनुज कुमार, जनप्रतिनिधि, गांधी पार्क पूजा कमेटी के सचिव अरुण कुमार, प्रेम सिंह, मनीष दास, नवल पांडेय, रामानेक ठाकुर, राजेश कुमार, विजय सिंह, मन्नू दास, अशोक रजक, जप्पू कुमार, निवेदन आचार्य, महेश आचार्य, पिंटू सिंह, जोगेंद्र ठाकुर, गौरी शंकर, जाहर नगर में पूजा कमेटी के संरक्षक लखेंद्र राय, जगतार सिंह, दीपक कुमार, संरक्षक मुकेश राउत,उपाध्यक्ष संतन सिंह, बिट्टू दुबे, संतोष पासवान, अप्पू मिश्रा, सचिव बैधनाथ कुमार, सह सचिव डीके पंडित, बंटू मिश्रा, राजन राउत, सुमित गुप्ता, सागर कुमार, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास अग्रवाल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## सेंट्रल सौंदा में जर्जर जलमीनार की दीवार गिरने से बच्चे की मौत



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल सौंदा पंचायत क्षेत्र में शनिवार की देर शाम जर्जर जलमीनार का दिवार गिरने से छह वर्षीय बालक की मौत पर जनप्रतिनिधियों में आक्रोश है। पतरातू प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय, पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय, भाजपा नेता राकेश सिन्हा, आजसू पार्टी प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, आजसू नेता महेंद्र मेहता, गणेश पासवान आदि ने रविवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंच ढ़ाढ़स बंधाया। साथ ही प्रखंड प्रशासन से पूरे मामले की जांच की दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विभागीय कार्रवाई नहीं हुई तो जोरदार आंदोलन चलाया जायेगा। साथ ही संबंधित इंजीनियर व पंचायत सेवक पर केस दर्ज कराया जायेगा।

# किराये के अध्यापक

उत्तराखंड के शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने राज्य के स्कूलों को उनके यहां पढ़ाने वाले सभी अध्यापकों के चित्रों की सूची के साथ उनके नाम प्रदर्शित करने का निर्देश जारी किया है, ताकि अध्यापक अपने स्थान पर 'प्रॉक्सी अध्यापकों' (दिहाड़ी पर रखे गये किराये के अध्यापकों) को पढ़ाने के लिए कक्षाओं में न भेज सकें। यह निर्णय हाल ही में पौड़ी के 'थलसई' में बागवाड़ी स्थित प्राइमरी स्कूल की प्रभारी प्रिंसीपल 'शीतल रावत' (महिला) द्वारा अपने स्थान पर काम पर जाने के लिए एक महिला की सेवाएं लेने के रहस्योद्घाटन के बाद लिया गया। यह मामला 20 सितंबर को मुख्य शिक्षा अधिकारी आनंद भारद्वाज द्वारा मारे गए औचक छापे के दौरान सामने आया व अगले दिन प्रिंसीपल शीतल रावत को निलंबित कर-के उसके विरुद्ध जांच का आदेश जारी किया गया। फिलहाल प्रिंसीपल शीतल रावत को ब्लाक शिक्षा अधिकारी के साथ अटैच कर दिया गया है तथा उससे इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। बताया जाता है कि 66,000 रुपए मासिक वेतन लेने वाली उक्त प्रिंसीपल शीतल रावत अपने स्थान पर छात्रों की क्लासें लेने के लिए एक महिला को पिछले एक वर्ष से 2500 रुपये मासिक के आसपास रकम दे रही थी। शिक्षा अधिकारी के अनुसार, यह स्कूल सुदूरवर्ती इलाके में स्थित है तथा बच्चों के माता-पिता ने कभी महसूस ही नहीं किया कि उनके बच्चों को एक प्रॉक्सी अध्यापिका पढ़ा रही है। यह एक अत्यंत गंभीर मामला है। अध्यापक अपनी ड्यूटी में ऐसी कोताही नहीं बरत सकते जो कोई भी अपनी ड्यूटी से गायब पाया जायेगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष मई में भी पौड़ी गढ़वाल में एक अन्य सरकारी स्कूल की प्रिंसीपल को पकड़ा गया था, जिसने अपने स्थान पर ड्यूटी देने के लिए 10,000 रुपये महीने पर एक महिला को रखा हुआ था। इसी बीच 23 सितंबर को पौड़ी जिले के दुगड्डा प्राइमरी स्कूल में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां अध्यापकों द्वारा 2500 रुपये मासिक पर एक टीचर को हायर करने का मामला सामने आया है। उत्तराखंड में अनेक सरकारी प्राथमिक विद्यालय प्रॉक्सी अध्यापकों के भरोसे चल रहे हैं। पहले भी यह बात सुनने में आती रही कि दुर्गम क्षेत्रों के सरकारी प्राथमिक स्कूलों से अध्यापक गायब हो जाते हैं तथा अपने स्थान पर किसी अन्य को दिहाड़ी पर पढ़ाने की जिम्मेदारी सौंप जाते हैं। इसी बीच कुछ समय पूर्व नागालैंड के वोखा जिले के सानिस स्थित सरकारी हाई स्कूल में 2 अध्यापकों द्वारा अपने स्थान पर बच्चों को पढ़ाने के लिए 2 प्रॉक्सी टीचर रखे जाने का पता चला था, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांवों के स्कूलों में प्रॉक्सी टीचरों का मुद्दा उठा कर सुझाव दिया था कि राज्यों को कक्षाओं में स्थायी शिक्षकों के चित्र लगाकर यह फर्जीवाड़ा रोकने की कोशिश करनी चाहिए। इस कार्रवाई को तो जारी रखा ही जाना चाहिए परंतु इस प्रकार अपने स्थान पर किराए के अध्यापक रखने वाले अध्यापक-अध्यापिकाओं के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई भी की जानी चाहिए, ताकि कोई भी छात्रों के भविष्य के साथ इस प्रकार खिलवाड़ न कर सके।

**हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांवों के स्कूलों में प्रॉक्सी टीचरों का मुद्दा उठा कर सुझाव दिया था कि राज्यों को कक्षाओं में स्थायी शिक्षकों के चित्र लगाकर यह फर्जीवाड़ा रोकने की कोशिश करनी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत ने 98 देशों को कोविड-19 वैक्सीन की 235 मिलियन से अधिक खुराक की आपूर्ति की। देश के वैज्ञानिक अनुसंधान और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार से भारत की घरेलू वैज्ञानिक अनुसंधान प्रणाली के लाभों का विस्तार करने की क्षमता में और वृद्धि होगी। राष्ट्रीय हित से परे जाना दुनिया के साथ एकजुटता के लोकाचार को प्रदर्शित करता है। बहुध्रुवीय विश्व के उभरते हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य में, विशेष रूप से एशिया में एक प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में, राष्ट्र एक महत्वपूर्ण धुरी के रूप में उभरा है, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन पर चर्चा में।**

# भारत की सफलता दुनिया के लिए भी मायने रखती है

अमित कपूर/विवेक देबरॉय




**एक राष्ट्र का आर्थिक दबदबा कई गैर-आर्थिक कारकों पर भी निर्भर करता है। भारत की सफलता को भी केवल उसके आर्थिक कौशल के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत की सफलता की परिभाषा सामाजिक रूप से प्रगति करने, टिकाऊ उत्पादन करने और संसाधनों को वितरित करने और अधिक समान रूप से बनाए गए मूल्य की क्षमता की कारक होनी चाहिए।**

हम जिस वैश्वीकृत युग में रहते हैं, उसके बारे में अक्सर कहा जाता है कि दुनिया के किसी भी हिस्से में एक घटना भौगोलिक दूरी की परवाह किये बिना कई क्षेत्रों को संभावित रूप से प्रभावित कर सकती है। यह अति व्यापी और परस्पर जुड़ी हुई वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का युग है, जहां जरूरी नहीं कि सफलता या असफलता राष्ट्रीय सीमाओं तक ही सीमित हो।

ऐसे वैश्विक परिदृश्य में, भारत जैसे देश की सफलता केवल उसकी अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है। भारत ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और यह वैश्विक प्रवृत्तियों को आकार देने की शक्ति के साथ एक निर्णायक शक्ति होगी। दुनिया की एक-छठी आबादी का घर, भारत के विशाल मानव संसाधनों का अक्सर नीतिगत चर्चाओं में उल्लेख किया जाता है।

इस संसाधन की क्षमता का उपयोग करने में, भारत और दुनिया दोनों को बड़े पैमाने पर लाभ उठाना है। भारत में 2020 और 2050 के बीच 15-64 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग में और 183 मिलियन लोगों के जुड़ने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, भारत की कामकाजी उम्र की आबादी 2027 तक वैश्विक श्रम शक्ति के 18.6 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। यह श्रम बल विभिन्न उद्योगों के लिए संभावित मांग को पूरा करेगा। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, 2030 तक भारत का नेतृत्व मध्यम वर्ग के हाथों में होने का अनुमान है। 2030 में, लगभग 80 प्रतिशत परिवार मध्यम आय वाले होंगे, जो आज लगभग 50 प्रतिशत से अधिक हैं। मध्यम वर्ग के द्वारा 2030 में उपभोक्ता खर्च का 75 प्रतिशत चलाने की उम्मीद है।

**भारत में 2020 और 2050 के बीच 15-64 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग में और 183 मिलियन लोगों के जुड़ने की उम्मीद है।**

यह खंड तेजी से मांग उत्पन्न कर सकता है, भारत के उपभोग व्यय को बढ़ा सकता है और एक लाभदायक बाजार के रूप में सेवा प्रदान कर सकता है। दुनिया भर के उद्योगों के पास इस बाजार की बेहतर सेवा करने और देश के युवा और सक्षम लोगों का दोहन करने का अवसर होगा। हाल के वर्षों में, भारत विश्व अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान पर आ गया है। हाल ही में भारत ब्रिटेन को पछाड़ कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

डॉलर विनिमय दर का उपयोग करके की गयी गणना के आधार पर, प्रासंगिक तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा संदर्भ में $854.7 बिलियन था, जो कि यूके के $816 बिलियन के तिमाही आंकड़े से बड़ा था। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 2021 में भारत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) द्वारा क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के संदर्भ में व्यक्त वर्तमान अमेरिकी डॉलर में तीसरा सबसे बड़ा देश था। गरीबी, संसाधनों के असमान वितरण, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी अपर्याप्तताओं के रूप में बड़ी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमानों के अनुसार, भारत वैश्विक विकास का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा है।

इसके अतिरिक्त, एक बार जब भारत विभिन्न वर्गों, समुदायों और क्षेत्रों में देश के भीतर समृद्धि का अधिक समान प्रसार प्राप्त कर लेता है, तो यह वैश्विक विकास की संभावनाओं के बारे में सोचने का आग्रह करता है। भारत जिन बाधाओं का सामना कर रहा है, उन पर काबू पाने से वह अपनी वास्तविक क्षमता को पूरा कर पाएगा और राष्ट्र को वैश्विक विकास में अधिक से अधिक क्षमता में योगदान करने में मदद मिलेगी। भारत ने 2021-22 में 83.57 बिलियन डॉलर के अपने उच्चतम वार्षिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) तक पहुंच कर इस तथ्य को स्थापित किया कि यह तेजी से एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

पिछले 20 वर्षों में एफडीआइ प्रवाह में 20 गुना वृद्धि हुई है। भारत को और भी आकर्षक और स्थिर निवेश क्षेत्र बनाने की दिशा में संयुक्त प्रयास चल रहे हैं। एफडीआइ प्रवाह के कई फायदे हैं। वे घरेलू उत्पादन को मजबूत करते हैं, विदेशों से प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करते हैं और बदले में भारत को विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। कोविड संकट के दौरान अन्य देशों को टीकों की आपूर्ति में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका से दुनिया में देश के महत्व को और भी बल मिला है।

भारत ने 98 देशों को कोविड-19 वैक्सीन की 235 मिलियन से अधिक खुराक की आपूर्ति की। देश के वैज्ञानिक अनुसंधान और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार से भारत की घरेलू वैज्ञानिक अनुसंधान प्रणाली के लाभों का विस्तार करने की क्षमता में और वृद्धि होगी। राष्ट्रीय हित से परे जाना दुनिया के साथ एकजुटता के लोकाचार को प्रदर्शित करता है। बहुध्रुवीय विश्व के उभरते हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य में, विशेष रूप से एशिया में एक प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में, राष्ट्र एक महत्वपूर्ण धुरी के रूप में उभरा है, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन पर चर्चा में।

एक राष्ट्र का आर्थिक दबदबा कई गैर-आर्थिक कारकों पर भी निर्भर करता है। भारत की सफलता को भी केवल उसके आर्थिक कौशल के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत की सफलता की परिभाषा सामाजिक रूप से प्रगति करने, टिकाऊ उत्पादन करने और संसाधनों को वितरित करने और अधिक समान रूप से बनाए गए मूल्य की क्षमता की कारक होनी चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

# जयप्रकाश स्कूल में मनायी गयी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मानगो संकोसाई रोड नंबर 5 स्थित जयप्रकाश स्कूल परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाया गया। रविवार को जयप्रकाश स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अर्जुन शर्मा उपस्थित हुए।

मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी। मौके पर मौजूद सभी ने उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की सीख ली। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अभिभावकों ने भी दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके गुणों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस उपलक्ष में स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लगभग 2 घंटे तक चली कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की। इस दौरान उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिका और अभिभावकों ने बच्चों के साथ मनोरंजन किया। इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिका सुशीला टोप्पो, मिनी सिंह, रंजना राय, सुनीता, अपर्णा, शिक्षक दीपक शरण, राजकुमार ने अहम भूमिका निभायी।

# विधायक ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छ रहने का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित सरजमदा पुराना बस्ती में युथ सोशल एक्टिविटी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। रविवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सत्तारूढ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। रविवार को गांधी जयंती के अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों के साथ स्वच्छता अभियान के तहत क्षेत्र का साफ-सफाई करते नजर आये। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने की बात कही। विधायक मंगल कालिंदी ने स्वांग ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में झाड़ू लगा कर अभियान का शुभारंभ की। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई बहुत जरूरी है। स्वच्छता का खयाल रखने से ही सभी स्वस्थ रह सकते है। तभी राज्य के साथ साथ देश को स्वच्छ रख सकेंगे। विधायक ने कहा महात्मा गांधी ने ही पूरे विश्व को शांति व अहिंसा का रास्ता दिखाया था। हम सभी को उनके बातों को अनुशरण कर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा शांति स्थापित किए बिना विकास संभव नहीं है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के शुभ अवसर पर सभी को संकल्प लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। मौके पर दक्षिणी सरजमदा की मुखिया नागी मुर्मू, जितेंद्र सिंह, हेमू राय व युद्ध सोशल एक्टिविटी के मेंबर मिंटू गोराई, सुभाष मन्ना, रंजीत विश्राम, सुमित कामत, पिंटू गोराई, मंटू, राहुल गोराई, विकेश, कारण, अमित, दिव्यत सुमित कुमार, भारत, गणेश, विवेक, बसंती गोराई, आशा गोराई सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# बाराद्वारी एनक्लेव सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का पूर्व एमपी ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बाराद्वारी एनक्लेव सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के दुर्गा पूजा पंडाल का पूर्व एमपी डॉक्टर अजय कुमार द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद एवं पूजा कमेटी के सचिव अभय कुमार श्रीवास्तव ने अंग वस्त्र प्रदान कर एवं नन्हीं सी बच्ची गुनगुन द्वारा गुलदस्ता देकर डॉ अजय कुमार एवं कोल्हान प्रभारी धर्मेंद्र सोनकर का स्वागत किया गया। उद्घाटन के उपरांत देश के आजादी के पूर्व देश के महान पुरुषों के बलिदान एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत में 75 वर्षों के सफर पर गंगोत्री कांप्लेक्स के रहने वाले बच्चों के द्वारा नाटक की प्रस्तुति की गयी। बच्चों के द्वारा प्रस्तुति नाटक का सराहना किया। मौके पर पूजा कमेटी के लाइसेंसी चेयरमैन डॉ सीतेश दास, अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद, सचिव अभय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष उज्ज्वल मुखर्जी एवं गंगोत्री कंपलेक्स के सचिव अनिंदो कांति विश्वास, विशाल शर्मा, बापी शाह, अल्पना चटर्जी, अमर पाल, अजय सिंह, सुशांतो लहरी, दीपेंदु नंदी, शंकर राव, जॉय विश्वास, संदीप दीक्षित, बापी मंडल, संतोष साहू, श्री रमन मूर्ति, सुशांतो लहरी, सोमनाथ राय चौधरी, अभ्यांश श्रीवास्तव, नन्हीं कुमारी, अदिति श्रीवास्तव, नील विश्वास शामिल रहे।

# शिक्षा के साथ कलाकार, खिलाड़ियों की पहचान देनेवाला शहर है जमशेदपुर : दिनेश कुमार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के युवा शिक्षा के साथ-साथ खेल में राज्य व देश में लगातार परचम लहरा रही ही। उन सभी का मनोबल बढ़ाने के लिए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने लगातार पहल कर रहा है। रविवार को नवरात्र के अवसर पर भाजपा कार्यकर्त्ता भरत कुमार शर्मा की सुपुत्री तारापुर स्कूल के दसवी कक्षा के छात्रा व बॉलीबॉल में स्वर्ण विजेता टीम की सदस्य अनुश्री शर्मा को दिनेश कुमार ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी। अनुश्री शर्मा बीते दिनों सीआइएससीइ नेशनल स्पोर्ट्स एंड गेम में बिहार के भागलपुर में आयोजित बॉलीबॉल टूर्नामेंट में जमशेदपुर का प्रतिनिधित्व की थी। उन्होंने अपने टीम को स्वर्ण दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अनुश्री शर्मा ने बताया पहले भागलपुर की टीम को हरा कर फाइनल में स्थान बनाया। फाइनल में रांची को शिकस्त दे कर जमशेदपुर की टीम स्वर्ण विजेता बनी। आज अपने पिता के साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार के आवासीय कार्यालय में आकर मुलाकात की। दिनेश कुमार के द्वारा जमशेदपुर की बेटी को बुके अंगवस्त्र और श्रीरामचरित मानस पुस्तक भेट कर सम्मान किया। साथ ही उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# भाजमो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया याद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजमो जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती धूम धाम से मनाया गया। रविवार को आयोजित समारोह में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शामिल हुए। विधायक सरयू राय के द्वारा बमार्माइंस हरिजन बस्ती में अवस्थित महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चल कर स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी थी। जो पुरे विश्व में एक मिशाल के रूप में कायम है। आज भी उनके द्वारा बताया गया मार्ग पर चलने वाले समाज में हैं। यही मार्ग शांति और बदलाव के लिए उत्कृष्ठ है। उन्होंने कहा प्रति वर्ष 2 अक्टूबर को उनका जन्म दिन भारत में गांधी जयंती के रूप में और पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष भास्कर मुखी,जिला मंत्री विकाश गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित शर्मा,अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश कोया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश प्रसाद,भूंयाडीह मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार यादव, बिरसानगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, गोलमुरी मंडल अध्यक्ष कैलाश झा,कदमा मंडल अध्यक्ष तिलेश्वर प्रजापति, औद्योगिक प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह, रमेश कुमार, विजय सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सबिता सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित की। साथ ही उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा ने महात्मा गांधी के बताये रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर मानगो गांधी घाट में शामिल हुए। रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य सह जिला 20 सुत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने गांधी घाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इस दौरान राष्ट्रपिता 'महात्मा गांधी अमर रहे का नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। उन्होंने बारी बारी से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्टेचू पर माला पहनाकर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मोहन कर्मकार ने बताया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के लिए शांति और अहिंसा के आंदोलन किए थे। उन्होंने सत्याग्रह,शांति व अहिंसा के रास्तों पर चलते हुए अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। उसका कोई दूसरा उदाहरण विश्व के इतिहास में देखने को नहीं मिला। उनकी यह यात्रा अहिंसा आंदोलन से लेकर उनके राष्ट्रपिता बनने तक और उनके जीवन पर्यंत तक चलती रही। मोहन कर्मकार ने कहा हम सब को भी संकल्प लेकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। मौके पर केन्द्रीय वरिष्ठ नेता वीर सिंह सुरीन, जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, मोहम्मद समद अंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य पी के राय, बिजय भुमिज, बासु कर्मकार शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महत्वपूर्ण न्यूज

### मां गढ़देवी के प्रांगण में जय मां शेरावाली के 22वें भव्य भंडारा का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मां गढ़देवी के प्रांगण में जय मां शेरावाली के 22वें भव्य भंडारा का उद्घाटन आज नव कन्याओं की विधिवत पूजा-अर्चना एवं मां दुर्गा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। भंडारे का उदघाटन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रतिनिधि बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीतेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शान्ति देवी, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, कंचन जयसवाल, अनीता दत, रेखा चौबे, जेएमएम जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशीं, समाजसेवी राकेश पाल आदि काफी संख्या में मौजूद लोगों ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर राजद अध्यक्ष सूरज सिंह, आजसू नेता गुप्तेश्वर ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, मां गढ़देवी निर्माण समिति के अध्यक्ष विनोद जयसवाल, डॉ राकेश, तरुण राम पासवान, राजद नेता मुरली प्रसाद गुप्ता, जेएमएम जिला सचिव मनोज ठाकुर साथ में जय मां शेरावाली भंडारा परिवार के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। नितेश सिंह ने कहा कि सप्तमी तिथि से लगातार दशमी तक भंडारा सभी के सहयोग से चलता रहेगा। आप सभी शहर वासी भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने जय मां शेरावाली भंडारे के पंडाल में जरूर पधारें। शारदीय नवरात्र में भंडारे का प्रसाद प्राप्त करना बहुत ही सौभाग्य की बात होती है।

### शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा मनाने को लेकर भवनाथपुर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। सौहादर्पूण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर रविवार के शाम को भवनाथपुर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें पुलिस बल के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्ग से ब्लॉक गेट होते हुए कर्पूरी चौक तक फ्लैग मार्च करते वापस थाना पहुंचा। इस दौरान सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो द्वारा सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाने की अपील की गयी।

### गांधी जयंती पर रंका प्रखंड की सभी पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत रविवार को कंचनपुर पंचायत सहित सचिवालय भवन में रविवार को 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर रंका प्रखंड के चौदह पंचायतों में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर उपस्थित रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, पर्यवेक्षकों ने बताया कि आज से तीन माह तक सबकी योजना सबका विकास अभियान चलेगा। इसके अंतर्गत वार्ड, टोला, ग्राम आयोजित कर सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत विकास कार्य योजना की सूची बनाकर पंचायत स्तरीय ग्राम सभा की पंजी सूची में सभी योजनाओं को दर्ज किया जाएगा और यह पांच वर्षों तक के लिए योजना सूची लागू रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर कंचनपुर पंचायत की मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, बीडीसी शंकर राम, रोजगार सेवक कुमार विजेंद्र, वार्ड सदस्य रावत यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, ममता देवी, राजीव कुमार ठाकुर, बंशी यादव, सुरेंद्र चंद्रवंशी, सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी, गौरी यादव एवं जेएसएलपीएस के महिला समूह की महिलाएं सहित काफी संख्या में कंचनपुर पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन भाजपा नगर मंडल ने की महापुरुषों की प्रतिमा स्थलों की सफाई

# देश गांधी व शास्त्री के संघर्ष और बलिदान को कभी भुला नहीं सकता : उमेश कश्यप

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपाइयों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन 2 अक्टूबर को महापुरुषों डॉ भीमराव अंबेडकर एवं पूरनचंद की प्रतिमा स्थल की साफ सफाई एवं माल्यार्पण करने का कार्य किया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में एवं नगर मंडल कार्यालय पुरानी बाजार रुकमणी साहू धर्मशाला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने अपनी बात को रखा।





मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने का निर्णय भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा लिया गया था। इसी कार्यक्रम के तहत महापुरुषों की प्रतिमा के पास साफ-सफाई कर माल्याअर्पण करने का कार्य किया गया। आज भारत के दो महापुरुषों की जयंती मनायी गयी। एक ने आजादी की लड़ाई लड़ी व अहिंसा की बात की वहीं दूसरे ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। हम सभी युवा साथियों को आज इन दोनों महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। आज देश की राजनीति की हालात जो बनी हुई है इन महापुरुषों के कार्यों से सीखने की जरूरत है। आज स्वच्छ राजनीति कोई नहीं करना चाहता, जिन्हें भी पद मिलता है वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं। आज के नौजवानों को शपथ लेने की जरूरत है। गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। देश इनके संघर्ष और बलिदान को भुला नहीं सकता। हम सभी को गर्व हैं कि हम भारत देश के नागरिक हैं। हम सभी को अपने घर में अपने बच्चों को इन महापुरुषों की जीवनी एवं इनके कार्यों के बारे में बताने की जरूरत है।

मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, महामंत्री यशवंत मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, विजय केसरी, ब्रजेंद्र पाठक, अनवर शाह, सोमनाथ सोनी, दिनेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, बंधु राम , सुरेंद्र राम, गौरी बिंद सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मानव जीवन के लिए है रामायण आदर्श ग्रंथ : स्वामी प्रपन्नाचार्य

**बाबा सोमनाथ मंदिर में संगीतमय श्रीराम कथा जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मानव जीवन के लिए रामायण एक आदर्श ग्रन्थ है। यह पवित्र ग्रन्थ मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। उक्त बातें बाबा सोमनाथ मन्दिर पूजा पंडाल में शनिवार की रात्रि प्रवचन कर्ता संत स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने संगीतमय श्रीराम कथा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भगवान राम जब विवाह के पश्चात अयोध्या पहुंचे तो नित नये मंगल कार्य होने लगे। राजा दशरथ एक दिन दर्पण में स्वयं को देखा तो उन्हें वृद्धावस्था के लक्षण दिखे तो उन्होंने श्रीराम को राजा बनाने की सोंची। गुरु वशिष्ठ के आदेश पर राजतिलक की तैयारी होने लगी। तब देवताओं ने सोंचा की राम राजा बन जायेंगे तो पृथ्वी को पापियों से मुक्ति कौन दिलाएगा। तब योग माया प्रभु श्रीराम से बोलीं आप तो पृथ्वी को पापियों से मुक्ति दिलाने आये हैं। तब श्रीराम बोले यह मेरा काम है, मैं ही इसे स्वयं करूंगा। उन्होंने कैकेयी माता से कहा मैं बड़ा बनना चाहता हूं। माता कैकेयी बोलीं यह कैसे होगा। श्रीराम ने कहा कि भरत राजा बनेगा और मैं राजाधिराज सम्राट श्री भरत का बड़ा भाई रहूंगा और मेरा पद बड़ा होगा और मुझे 14 वर्ष का वनवास चाहिए। तब माता कैकेयी ने कहा कि राम तुम्हारा यही नियम है। जो तुमसे ज्यादा प्रेम करे उसकी कठोर परीक्षा। कोई बात नहीं, दुनिया मुझे जो बोले मैं यह सब कष्ट सहने के लिए तैयार हूं। माता कैकेयी कोप भवन में चली गयीं और भरत को राजा तथा राम को 14 वर्ष वनवास का वरदान मांगी। राजा दशरथ यह सुन कर जमीन पर गिर पड़े। तब राजा दशरथ ने भगवान शिव को याद किया और कहा कि हे भोलेनाथ ऐसा वरदान दें कि एक बार मेरा राम मेरी बात नहीं माने। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस से आज के समाज को शिक्षा लेने की आवश्यकता है।

इसके पूर्व समाजसेवी अखिलेश तिवारी, पूजा समिति के उगेन्द्र तिवारी, पियुष दुबे, संध्या देवी, रित्विक सिंह, विशाल सिंह, चमन दुबे, वेद प्रकाश तिवारी ने स्वामी जी को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया तथा रामायण की पूजा अर्चना की।

## विधायक ने पूजा कमेटी को अंग वस्त्र एवं पारंपरिक हथियार देकर किया सम्मानित

**पूजा में शस्त्र और शास्त्र का बहुत महत्व है : भानु प्रताप शाही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुरा।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने कमता गांव स्थित श्री श्री अष्टभुजी कामेश्वरी माता मंदिर परिसर में प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा कमेटी के लोगों को अंग वस्त्र एवं पारंपरिक हथियार देकर सम्मानित किया। जिसमें जय भवानी संघ कामता, जय हनुमान संघ पिपरिकला, सारो, ओढ़ेया, करकचिया, पतिहारी, हुरही, चितरी, पिपरी खुर्द, अमहर, अमहर विद्यालय टोला, गांधी चौक कोचेया, सोनडिहा, पुरानी बाजार विशुनपुरा, अपर बाजार चौक, नई बाजार, संध्या, विष्णु मंदिर पोखरा चौक, लाल चौक, मझिगवां, सरांग, जतपुरा, हनुमान मंदिर सारो सहित दर्जनों कमेटी के नाम शामिल हैं।



**अमहर पंचायत में किया जल नल योजना का शिलान्यास**

इस कार्यक्रम के पूर्व अमहर पंचायत में 2 करोड़ 35 लाख की लागत से बनने वाली स्वच्छ जल नल योजना का शिलान्यास सह भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि मेरा लक्ष्य हर घर को स्वच्छ जल मिले जिसके लिए इस योजना का शिलान्याश किया गया है।

इसके बाद श्री अष्टभुजी कामेश्वरी माता मंदिर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप सिंह, सचिव मनीष सिंह के द्वारा भाजपा विधायक भानुप्रताप शाही को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए आप सभी ने बीड़ा उठाया है। वह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि पूजा में शस्त्र एवं शास्त्र का बहुत ही महत्व है। इसे हम सभी को अपने घरों में रखने की जरूरत है। वहीं उन्होंने मुख्य रूप से तीन चीजों को सभी लोगों से अपनाने की अपील की है। जिसमें हर घर तुलसी का पौधा, हर घर संध्या दीपक जलाना, हिंदू धर्म के सभी लोग बैगा तथा ब्राह्मण के लिए मुट्ठी भर चावल निकालने की परंपरा को बरकरार रखने की बात कही। कहा कि नवरात्र पूजा के बाद भवनाथपुर क्षेत्र के सभी बैगा को एक जगह एकत्रित कर सामूहिक रूप से सम्मानित किया जाएगा।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि पुलस्तसत्य शुक्ल, कार्यकारी अध्यक्ष भगत दयानंद, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि अशोक पासवान, मंडल अध्यक्ष अवध बिहारी गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, अनिल कुमार चौबे, कृपाल सिंह, इंद्रजीत ठाकुर,ललित नारायण सिंह, बीटू सिंह, राम अवध सिंह, मुना सिंह, रूपेश सिंह, जितेंद्र दीक्षित, विकास चंद्रवंशी, कुंदन चौरसिया, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र यादव,सहित प्रखंड के सभी पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।

## मां काली युवा संघ दुर्गा मंडप पूजा समिति ने किया भंडारे का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** मां काली युवा संघ दुर्गा मंडप पूजा समिति रंका के तत्वावधान में सप्तमी के दिन मां दुर्गा के पट खुलने के साथ ही भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारे में रंका के श्रद्धालु जनों की काफी भीड़ देखी गयी। इस भंडारे में पूड़ी, बुंदिया, भात, दाल, सब्जी आदि महाप्रसाद के रूप में लोगों के बीच परोसा गया। इस भंडारे में रंका एसआई अवधेश उपाध्याय, सर्वेश्वरी समूह के मोरध्वज प्रसाद सिंह उर्फ सुमन जी, रंका मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह, अध्यक्ष रणजीत कुमार सौंडिक सहित काफी संख्या में लोगों ने भोजन किया और लोगों को भोजन भी कराने में सहयोग प्रदान किया।

## मेराल-भवनाथपुर रेल लाइन पर रेल सेवा शुरू करने की मांग



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल से भवनाथपुर रेलवे लाइन पर एक बार फिर रेल सेवा शुरू करने की मांग होने लगी है। मेराल के समाजसेवियों तथा प्रबुद्ध जनों द्वारा सरकार से वर्षों से बंद तथा जर्जर हो चुके रेल लाइन को दुरुस्त कर यात्री ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की है। समाजसेवी मिथिलेश प्रताप देव के साथ स्थानीय दर्जनों लोगों ने रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कहा कि मेराल से लेकर भवनाथपुर तक की रेलवे लाइन बरसों से बंद है तथा सरकार एवं रेलवे की अरबों की संपत्ति बर्बाद हो रही है। लोगों ने सरकार से रेलवे लाइन को दुरुस्त कर मेराल से भवनाथपुर तक पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। मिथिलेश प्रताप देव, सुनील सिंह, मनदीप सिंह, अवध किशोर सिंह, विनोद प्रसाद, उमेश प्रसाद आदि ने कहा कि मेराल से भवनाथपुर रेलवे लाइन को प्रारंभ कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन की कड़ी में आगामी 10 अक्टूबर को बड़ी संख्या में लोग मेराल स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से विभाग को ज्ञापन देकर यात्री ट्रेन का परिचालन प्रारंभ करने की मांग करेंगे। साथ ही स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखित ज्ञापन देकर यात्री ट्रेन चलाने तथा अरबों रुपए की रेलवे की संपत्ति को बर्बाद होने से बचाने की मांग की जाएगी। लोगों ने इस महत्वपूर्ण मांग को राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## महासप्तमी पर बजरंगदल, आरएसएस व श्रीराम सेना ने किया शस्त्र पूजन

**सगमा (आजाद सिपाही)।** महासप्तमी के अवसर पर सगमा प्रखंड के बीरबल गांव में बजरंगदल, आरएसएस व श्रीराम सेना के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गा प्रतिमा के समक्ष शस्त्रपूजन किया गया। इस मौके पर बजरंगदल के अनुमंडल अध्यक्ष विनीत कुमार शरद के नेतृत्व में भारी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम सेना बीरबल के द्वारा आयोजित कर शस्त्र का विधिवत रूप से मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विनीत कुमार शरद ने आरएसएस, बजरंगदल, श्रीराम सेना सहित सनातन धर्म के



लोगों से शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माता दुर्गा के आचरण से सीख लेने की आवस्यकता है। जब जब पृथ्वी पर आसुरी प्रवृति का उदय हुआ तो माता दुर्गा ने उनका संहार कर पृथ्वी से उनका अंत किया है। साथ ही शांतिपूर्वक जीवन बिताने वाले लोगों को अपने आशीर्वाद से अभिसिंचित भी किया है। इसी तरह हम लोगों को भी शांति के समय शांति का परिचय देने की आवश्यकता है। मगर हमारे ऊपर किसी प्रकार का संकट उत्पन्न होता है तो मुझे भी तैयार रहना है अपने धर्म की रक्षा के लिए ततपर रहना चाहिए। मौके पर श्रीराम सेना के खंड कार्यवाहक रामजन्म गुप्ता, पारस नाथ यादव, ऋषभ श्रीवास्तव, मनिशंकर विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, धीरज जयसवाल, संतोष प्रजापति, दीपक कुमार सोनू मौर्या, लालू कुशवाहा, मीना देवी, सुषमा देवी, रिंकी देवी, लता देवी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**बैठक :** पाल्हे कला-जतपुरा में चातुर्मास व्रत एवं महायज्ञ के आयोजन के लिए धर्मसभा का आयोजन

# जीयर स्वामी महाराज को आमंत्रित करने का लिया गया निर्णय

**हम सभी का सौभाग्य है कि 1993 के बाद 2023 में पुनः ऐतिहासिक यज्ञ का साक्षी बनने का मौका मिल रहा है : पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर अंतर्गत स्तरोन्नत हाई स्कूल के प्रांगण में धर्मसभा का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राजा राजेश प्रताप देव द्वारा भारतवर्ष के महान मनीषी संत श्री श्री 1008 श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज व उनके कृपापात्र शिष्य पूज्यपाद श्री श्री 1008 श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की तस्वीर के समक्ष पूजन अर्चन कर धर्मसभा का श्री गणेश हुआ।



धर्मसभा में उपस्थित धर्मनिष्ठ महानुभावों ने श्री बंशीधर नगर के पाल्हे कला-जतपुरा में 2023 में श्री श्री 1008 श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के पावन सान्निध्य में प्रस्तावित चातुर्मास्य व्रत एवं श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिए आगामी 8 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में यूपी के बलिया जाकर सादर आमंत्रित करने व चातुर्मास्य व्रत एवं श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि 1993 के बाद 2023 में पुनः ऐतिहासिक यज्ञ का साक्षी बनने का मौका मिल रहा है। हम सभी अधिक से अधिक संख्या में पूज्य स्वामी जी महाराज को निमंत्रण देने बलिया चलेंगे और यज्ञ की सफलता के लिए तन मन धन से जुटेंगे।

पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव उर्फ राजा बच्चा ने कहा कि पूर्व की भांति 2023 में सबके सहयोग से महायज्ञ सफल होगा।

भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि यज्ञ को सफल बनाने के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। अध्यक्षीय उदबोधन में राजा राजेश प्रताप देव ने उपस्थित श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में स्वामी जी महाराज को निमंत्रण देने बलिया चलने और महायज्ञ की सफलता के लिए तन मन धन से जुट जाने की अपील की। सभा में अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, राम प्रसाद, रामानन्द पांडेय, समाजसेवी विजय कुमार सिंह, कन्हैया चौबे, धीरेन्द्र चौबे, रामजन्म पासवान, प्रो बीडी सिंह, कामता प्रसाद, गिरिजा गणेश प्रताप देव, शंभूनाथ शुक्ला, कमलेश्वर पांडेय, ई भुवनेश्वर चौबे, डॉ शशिकांत शुक्ल, मुक्तेश्वर पांडेय, अलख पांडेय, चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश गुप्ता, कामेश्वर प्रसाद, शिवकुमार पांडेय, उपेन्द्र कुमार, अमित शुक्ला, आनंद कमलापुरी, नेहा कुमारी, कामेश पासवान, विजय ठाकुर, शंभू राम आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

धर्म सभा में परमेश्वर शुक्ला, रामचंद्र चौबे, बैजनाथ तिवारी, विंध्याचल शुक्ल, इंद्रमणि शुक्ल, चंद्रमणि शुक्ल, रामकृष्ण चौबे, कामेश्वर चौबे, शिवनारायण चौबे, राजेश प्रताप देव उर्फ राजू सिंह,

## गांधी जयंती पर एसपीडी कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**याद किये गये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर उन्हें पुष्प अपर्ण कर उन्हें याद किया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी गयी।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यापर्ण तथा पुष्पांजली कर की गयी।



इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार हमेशा से न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व का मागदर्शन करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। राष्ट्रपिता गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के साथ स्वच्छता का भी रास्ता अपनाया था। इसलिए गांधी जी के बताये रास्ते पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि स्वच्छता के साथ बीमारी दूर हो सके। वहीं लाल बहादुर शास्त्री असाधारण इच्छाशक्ति वाले एक शानदार विचारक थे जिन्होने अपने जीवन में कठिनाइयों को बड़ी सरलता से न सिर्फ पार किया बल्कि सभी के लिए प्रेरणा बने। अपने देश के लिए बलिदान और सच्ची देश भक्ति के लिए वे सदैव जाने जाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया तथा स्वच्छता की शपथ छात्र-छात्राओं को दिलायी गयी।

मौके पर सुगंध कुमार वघेल, विनित चौबे, पुनीत चौबे, विवेक कुमार गुप्ता, अनित कुमार तिवारी, शुभम कुमार तिवारी, कृष्णा उरांव, सकेन्द्र चौधरी, पंकज कुमार, अमित कुमार, अंजली कुमारी, दीपिका कुमारी आदि उपस्थित थे।

## कम उम्र के बच्चों को न चलाने दें वाहन : हरि औध करमाली



**कैरो/लोहरदगा।** लगातार सड़क दुर्घटना हो रहे हैं और इसमें घायल होनेवालों में सबसे ज्यादा संख्या किशोरों की रहती है। बिना हेलमेट के दोपहिया चलाने वालों में ज्यादा संख्या कम उम्र के बच्चें की रहती है। समय-समय पर प्रशासन द्वारा कई जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इसका कोई असर होता नहीं दिखता। अभिभावकों में जागरूकता का अभाव हादसों का कारण बन रहा है। नियम-कानून से खेलते बच्चें भले ही नाबालिग हैं, लेकिन इन्हें पता है कि दुर्घटना होने पर जान पर बन सकती है। बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग और तेज रफ्तार में फरार्टे भरते कम उम्र के बच्चें अक्सर देखने को मिलेंगे। लेकिन बड़ी लापरवाही घर से ही शुरू हो जाती है। बच्चों के बढे। हुए मनोबल का मुख्य कारण अभिभावकों की लापरवाही है। 18 साल से कम उम्र में दिमाग ड्राइविंग के लिए पूरी तरह सक्षम नहीं होता है, इसलिए 18 वर्ष से कम उम्र में लाइसेंस नहीं बनता। बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने के लिए मत उकसाइए। नहीं तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा और आपको शायद पछताना भी पड़े। आप सभी अपने छोटे बच्चों को उन्हें मोटरसाइकिल चलाने के लिए दे नहीं रहे हैं बल्कि उन्हें खुदकुशी करने के लिए आप उकसा रहे हैं। आपके बच्चे जहां एक ओर कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं वहीं दूसरी ओर अपनी जान को भी जोखिम में डाल रहे हैं। इसका खामियाजा आपको ही भुगतना पड़ेगा। मोटरसाइकिल के बजाय साइकिल या पैदल चलने की आदत दें। ताकि उनका भविष्य और जीवन सुरक्षित बना रहे। उक्त बाते कैरो थाना एसआई हरिऔध करमाली ने कहा जब उन्हें हनहट पूजा पंडाल में डियूटी के दौरान थाना मुख्यालय कैरो के दो बच्चें वाहन चलाते दिखे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड के स्थित बीजेपी कार्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत सत्य और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार के अध्यक्षता में मनायी गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरि कृष्ण सिंह मौके पर उन्होंने ने कहा भारत की स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से मोहनदास करमचंद गांधी की जयंती है। 2 अक्टूबर 1869 को गांधी जी का जन्म हुआ था देश गांधीजी का योगदान सदियों को याद रखेगा। उनके आदर्श, अहिंसा पाठ, सत्य मार्ग चलने की प्रेरणा ने देश को अंग्रेज के सामने एक मजबूत संकल्प के तौर पर प्रदर्शित किया गांधीजी को लोग बापू, महात्मा गांधी और देश के राष्ट्रपिता के तौर पर जानते हैं उनका जीवन पूरा ही हर नागरिक के लिए एक संदेश है, जो सही मार्ग पर चलने का प्रेरणा देता है। गांधी जी का अनुसरण केवल भारतीय ही नहीं दुनिया भर के कई देशों में किया जाता है। लोगों को महात्मा गांधी दी गयी। सीख को अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भरत प्रसाद, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल किशोर प्रसाद मनिका ब्लाक प्रमुख प्रतिमा देवी एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान एसटी मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उरांव मंडल महामंत्री धर्मजीत राय, जिला मीडिया प्रभारी पंकज यादव, ओबीसी मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज, धीरेंद्र यादव बिट्टू कुमार, रबीना खातून कामेश तिवारी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाते हुए भाजपा के लोग।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने भारती काम्प्लेक्स में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाई, दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जयंती के अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा के पूजारी थे, इनका जन्म 02 अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरबंदर में हुआ था, अहिंसा के रास्ते चलकर उन्होंने देश को आजादी दिलाई, स्वतंत्रता के संघर्ष के लिए देश उन्हें याद करती है। आज पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, वरिष्ठ कांग्रेसी रामयश पाठक, सेवादल जिला अध्यक्ष बाबर खान, निर्मल भारती, श्री राम शर्मा, सरवर अंसारी, अरुण भारती, मुकेश कुमार सिंह, दामोदर उपाध्याय, बालजी उरांव, कैलाश बैठा, सागर प्रजापति, संतोष कुमार, हाफिज शेर मोहम्मद, खुर्शीद खान, मुस्ताक खान, मो. फिरोज, मजहर खान, गिदियोंन खाखा, छठन राम, युनुस खान, अभिषेक भारती, अशोक भारती, सुधीर प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पूर्व की ट्रेनों के ठहराव और अंडर पास की मांग को लेकर 5 घंटा चला अनशन

# डीआरएम के आश्वासन पर स्थगित

**अनशन की सूचना पर आरपीएफ आरपीएसएफ, स्थानीय पुलिस काफी संख्या में तैनात थी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** पूर्व की तरह बरवाडीह छिपादोहर और केचकी रेलवे स्टेशन में सवारी, एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव और उककमाड मंगरा में अंडरपास बनाने की मांग को लेकर रविवार को बरवाडीह रेल क्षेत्र अंतर्गत टिकट काउंटर के समीप संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले कन्हाई सिंह के नेतृत्व में अनशन कार्यक्रम की शुरूआत होने के बाद के बाद 5 घंटे तक चली अनशन को डीआरएम के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार की सुबह 10:00 बजे के करीब संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व जेम्सहेरेंज, धीरज कुमार, विवेक सिंह, संतोष यादव, कमलेश सिंह, सत्यम कुमार समेत डेढ़ सौ से अधिक उकामड मंगरा के ग्रामीणों के साथ रेलवे स्टेशन टिकट काउंटर के बाहर सभी सदस्यों अनशन पर बैठ गये। अनशन पर बैठने वाले सभी साथियों अपने अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिस पर बरवाडीह छिपादोहर में ट्रेनों का ठहराव करना करना होगा, उकामद व मंगरा मैं अंडरपास निर्माण कराना होगा समेत आदि नारे लिखे हुए थे। वही धरना में बैठने को उपरांत अनशन कारियों अपनी मांगों के समर्थन में नारे भी लगा रहे थे। वहीं अनशन की वही करीब 4 घंटा चली अनशन के उपरांत रेल प्रशासन स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, बीडीओ, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह, एसडीपीओ दिलु लोहारा, आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर अनशन कारियों को मनाने का प्रयास किया लेकिन कन्हाई सिंह डीआरएम को अनशन स्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। अंततः दूरभाष पर धनबाद रेल मंडल प्रबंधक आशीष बंसल से हुई वार्ता के उपरांत एक घंटा तक चली मशक्कत के बाद दोपहर 3 बजे करीब उचित आश्वासन के बाद अनशन कार्यक्रम समाप्त किया गया। वही डीआरएम ने दूरभाष पर अनशन कारियों की मांगों को रेलवे बोर्ड और केंद्र तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और जल्द ही उनकी मांगों पर को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। वही अनशन पर बैठे कन्हाई सिंह ने कहा कि अगर जल्द ही उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो बरवाडीह स्टेशन के कामकाज को पूरी तरह से ठप करते हैं चक्का जाम किया जायेगा। कार्यक्रम समाप्त होने की घोषणा के उपरांत बीडीओ ने अनशन पर बैठे कन्हाई सिंह को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। **मौके पर उपस्थित थे :** प्रखंड पुलिस के सभी अधिकारी आरपीएफ के जवान समेत काफी संख्या में रेल अधिकारी अ नशनकारी उपस्थित थे। वही कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत कन्हाई सिंह के नेतृत्व में रेल अधिकारियों के एक मांग पत्र भी सौंपा गया।

## राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद ने कुडू में किया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन



**कुडू -लोहरदगा।** राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने रविवार को जय माता दी दुर्गा पूजा समिति नीचे स्टैंड कुडू पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने दुर्गा माता की पूजा की तथा जिले और देश की खुशहाली और समृद्धि की दुआ मांगी। मौके पर बीडीओ मनोरंजन कुमार, थाना प्रभारी अविनव कुमार, बिस सूत्री सदस्य राकेश कुमार, जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी, गुड्डू लाल और पूजा समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## विधायक बैजनाथ राम ने अर्ष ऑटोमोबाइल हीरो शोरूम का किया उद्घाटन



हेरहंज-(लातेहार)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप अर्ष ऑटोमोबाइल हीरो शोरूम का वर्क शॉप का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय विधायक बैजनाथ राम, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, पूर्व बिस सूत्री उपाध्यक्ष राजधानी यादव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इससे पूर्व 2020 ई में दुगार्पूजा के सप्तमी के दिन हीरो शो रूम उद्घाटन किया गया था। इसके बाद 2021 में बाजो टीवीएस शोरूम का उद्घाटन किया गया था। शोरूम संचालन संतोष यादव ने कहा कि शोरूम खुलने के बाद दो पहिया चालकों को सर्विसिंग कराने में काफी कठिनाई हो रही थी। जिसके कारण वर्क सौप का उद्घाटन करना मजबूरी हो गया। मौके पर-भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष-लाल कौशलनाथ शाहदेव, अमित लालनाथ शाहदेव, ध्रुव पांडेय भाजपा जिला मंत्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेरहंज-मनीष जायसवाल के अलावे जनप्रतिनिधि व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सेन्हा में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र के अवसर पर भव्य दुर्गा पूजा व पंडाल का निर्माण किया गया है। जहां श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार बता दें कि सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के बरही डीपा में भी पंडाल व दुर्गा प्रतिमा के साथ चलंत प्रतिमा स्थापित किया गया है। जिसका उद्घाटन सेरेंगहातु पंचायत मुखिया शोभा देवी एवं पूर्व जीप सदस्य सह कमिटी अध्यक्ष रामलखन प्रसाद, पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से पंडाल का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद ने कहा पर्व भाईचारगी का प्रतीक है। इस अवसर पर आपसी मतभेद को दूर कर संयुक्त रूप से पर्व मानना ही हम सभी का प्रथम लक्ष्य होनी चाहिए। पंडाल उद्घाटन में महावीर प्रसाद, सीताराम महतो, अमर महतो, प्रेम कुमार साहू, अशोक महतो, राजकुमार साहू, मुकेश ठाकुर, विद्यानंद पाठक, रामा पाठक खदिया उरांव, फगु उरांव सहित भक्तगण मौजूद थे।

## गांधी के बलिदान को नहीं भुला सकते : उरांव



**कैरो।** प्रखंड में आज प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार प्रखंड भाजपा कमिटी द्वारा विगत 17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक सेवा व स्वछता पखवाड़ा के रूप में मनाया इस दौरान मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा कई कार्यक्रम किये गये जीनमे जगह जगह साफ सफाई करना, पेड़ लगाना और लोगों को जागरूक करने का काम किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि महात्मा गांधी पर देश को गर्व है उनके बलिदानों को हम नहीं भुला सकते हैं आज हम आजाद हैं तो इसमें उनका अहम योगदान है। महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। मौके पर मंडल प्रभारी सह जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह, मंडल अध्यक्ष लखन उरांव, मुखीया श्रवण मुड़ा पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र भगत, दीपक साहू, राजेश सोनी, नसीर आलम, विनोद रविदास, नन्दू महतो, प्रकाश उरांव, तालीम खान, आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ



लातेहार। शहर के शिव मंदिर, धर्मपुर परिसर में इस वर्ष पहली बार दुर्गा पूजा की जा रही है। सप्तमी तिथि को पूजा समिति के द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। इसका शुभारंभ स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम ने किया। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ हो कर बाइपास चौक होते हुए औरंगा नदी तट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में पवित्र जल भरा गया. मौके पर मुख्य यजमान के रूप में आलोक रंजन सपत्नीक उपस्थित थे. कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची और कलशों की स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना शुरू की गयी. इस यात्रा में पूजा समिति के अध्यक्ष मनमोहन राम, दिलीप सिन्हा, अनिल सिंह कार्यकारी अध्यक्ष आलोक रंजन, उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद, सचिव पवन कुमार व अमलेश सिंह समेत समिति के अन्य कई सदस्य व श्रद्धालु शामिल थे।

## सहिया संघ प्रखंड कमेटी ने मानदेय की मांग को लेकर की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के लोहिया भवन में दिन रविवार को झारखंड प्रदेश सहिया संघ प्रखंड कमेटी के द्वारा सरकार से मानदेय देने की मांग को लेकर बैठक किया गया। बैठक का नेतृत्व सहिया पति सिखेश्वर राम ने किया। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम से राज्यव्यापी मांग पत्र लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को सौंपने का निर्णय लिया गया। मौके पर सहिया संघ के महिलाओं ने बताया कि झारखंड राज्य में 42 हजार सहिया (आशा कार्यकर्ता) को मासिक प्रोत्साहन राशि के स्थान पर मानदेय लागू करने की सरकार से मांग की जा रही है। 2006 से वर्तमान तक 42 हजार सहिया कार्यरत हैं। यह सभी महिलाएं स्वास्थ्य सेवाएं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में दे रही हैं। सुरक्षित मातृत्व जच्चा-बच्चा की सुरक्षा, टीकाकरण अभियान, पल्स पोलियो अभियान, कुष्ठ रोगी का पहचान, मरीजों को दवा उपलब्ध करवाना, कैंसर, कुपोषित बच्चा को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना, इत्यादि कार्य सहियाओं के द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि इतने सारे काम करने के बाद भी हम लोग खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। हमलोग 16 वर्षों से इस कार्य को ईमानदारी पूर्वक करते आ रहे हैं। बदले में मात्र 2 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाता है।

## कांग्रेस और भाजपा कार्यालय में गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय और भाजपा कार्यालय में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर महात्मा गांधी जी का 153 वां एवं भारत के दुसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 118वां जयंती मनायी गयी। बारियातु प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पुर्व प्रधानमंत्री शास्त्री के चित्र पर सर्वप्रथम अध्यक्ष कुमार ने द्वीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात बारी बारी से सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर जयंती मनाया। इस मौके पे कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज, मंगल उरांव, जगदीश लोहरा, चुन्नु भगत, सुरेश उरांव, मो मासुम, मो. पप्पू, मनीष यादव, मुंसी लाल पाल, मो मुंतज़िर, मो महबूब, मुकेश भगत, मो. खालिद, मो रफीक सहीत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं उपस्थि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि कुमार ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा के प्रतीक पूज्य बापू का जीवन दर्शन और आदर्श मानव कल्याण के प्रति समर्पित था उनके विचार हर पीढ़ी को मानवता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उधर भाजपा कार्यालय में ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में भाजपाइयों ने महात्मा गांधी व पुर्व प्रधानमंत्री शास्त्री के चित्र पर द्विप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर जयंती मनाया गया। मौके पर जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, जिप सदस्य रमेश राम, ओबीसी मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद मंडल मंत्री निरंजन राम, रमेश गोप, बजरंग प्रसाद, कुंवर प्रसाद, अवध प्रसाद, हिरा ठाकुर सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे।

## सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत हुआ विषेश ग्रामसभा का आयोजन



**चंदवा।** चंदवा गांधी जयंती के अवसर पर पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त के निर्देश पर सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत कामता पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, पंचायत सेवक मुकेश कुमार भगत, रोजगार सेवक मुकेश अग्रवाल, पूर्व पंसस फहमीदा बीवी, उप मुखिया सुमन उरांव ने शिरकत किया। उपस्थित ग्राम सभा के सदस्यों के बीच पंचायत सेवक ने विषेश ग्राम से संबंधित पत्र को पढ़कर सुनाया एवं लोगों से अपने अपने गांव टोले की डब्लपमेंट के लिए विकास योजनाएं लेने, मनरेगा, पेयजल समेत योजनाएं लेने के सुझाव दिए इसके बाद ग्राम सभा में खराब चापानल जलमीनार को बनाने के लिए सुची सौंपी गयी साथ ही सड़क, पुल पुलिया, समेत कई योजनाओं को सुचीबद्ध किया गया। इस अवसर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, पंचायत सेवक मुकेश कुमार भगत, रोजगार सेवक मुकेश अग्रवाल, पूर्व पंसस फहमीदा बीवी, उप मुखिया सुमन उरांव, वार्ड सदस्य जमरूल खान, वार्ड सदस्य अफसाना बीवी, वार्ड सदस्य कृपा गंझु, वार्ड सदस्य सुमंती देवी, वार्ड सदस्य गौरी देवी, सहिया नशीबून बीवी, सहिया ताबो बीवी, मोफील खान, शाहिद खान, एनामुल खान, चंद्रदेव उरांव, अमर उरांव, शाहबान खान बाबा, गफार खान, बशीर खान, कृपा गंझु, रमजान सांइं चिस्ती, मंगरा नायक, जामरूल खान, प्रेम उरांव, सुलेंद्र गंझु, अकरम खान, शफीक खान, संजीत नायक, अब्दुल खान, सरताज खान, सीतामनी देवी, साजीद खान, संजू देवी, अब्दुल्ला मियां, सनीका मुंडा, रति नगेशिया, सरफराज खान, अख्तर खान, गोपी गंझु, नईम खान, जहांगीर खान, तवककीर खान, ईबरान खान, महेंद्र गंझु, रुसतम खान, जिरवा देवी, सुनीता देवी, शैलु महली, हलीमा बीवी, अकबर खान, असरफूल खान, सरफराज खान, अफरोज खान, हसीब खान सहित सैंकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## पूजा पंडालों के खुले पट, श्रद्धालुओं ने किया दर्शन



लातेहार। शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को शहर के सभी दुर्गा पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये गये. सप्तमी तिथि को पूजा समितियों के द्वारा पूजा अर्चना की गयी. शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में पंडित त्रिभुवन पांडेय व पंडित रामानुज उपाध्याय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया। मौके पर मुख्य यजमान के रुप में उज्जवल साहु सपत्नीक थे. यहां आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है. शहर के बीचोबीच स्थित राजा दुर्गा बाड़ी में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। प्रखंड एवं वन परिसर पूजा पंडाल दर्शनाथ खोल दिये गये. रेलवे स्टेशन क्षेत्र के नवयुवक संघ नवरंग चौक में आकर्षक पंडाल बनाया गया है. यहां विकासकांत पाठक के सानिध्य मे प्रदीप प्रसाद सपत्नीक पूजा अर्चना कर रहे हें. यहां भी आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है. सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति डुरुआ बाजार में मां की आकर्षक प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। रेलवे कॉलनी में बंगाली रीति रिवाज पूजा अर्चना प्रारंभ की गयी. शहर से सटे करकट व होटवाग ग्राम में भी आकर्षक पंडाल व विद्युत सज्जा की गयी है।

## छह किलो डोडा के चूरन के साथ ढाबा संचालक गिरफ्तार

लातेहार। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी कर छह किलोग्राम डोडा के चूरन के साथ एक ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली थी कि एनएच-75 पर होटवाग ग्राम के कई ढाबा में अवैध रूप से अफीम एवं डोडा की खरीद बिक्री की जा रही है. इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक छापामारी दल कर गठन किया गया. दल ने शनिवार को होटवाग के खुशबू ढाबा में छापामारी किया. इस छापामारी में ढाबा में छह किलोग्राम डोडा का चूरन बरामद किया गया। छापामारी अभियान में एसडीपीओ व थाना प्रभारी के अलावा पुअनि धर्मेंद्र कुमार महतो व गौरव सिंह तथा जिला पुलिस के बल शामिल थे।

## पंचमुहान चौक से निकली कलश यात्रा

लातेहार। सदर प्रखंड के नावागढ़ ग्रामस्थित पांच मुहान चौक के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर पूजा समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र की सप्तमी को कलश यात्रा निकाली गई. मौके पर मुख्य यजमान के रूप में प्रमोद प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद व उदय प्रसाद सपत्नीक उपस्थित थे. कलश यात्रा पांच मुहान चौक से बंगला चौक होते हुए ठाकुरपारा के महादेवमड़ा शिव मंदिर नदी तट पर पहुंची. यहां पुजारी संतोष मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया. मौके पर समिति के संरक्षक विनोद प्रसाद, अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सचिव प्रमोद प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, कोषाध्यक्ष जयराम प्रसाद, वृंदा प्रसाद,संजय पासवान, पारस प्रसाद(बुटन), सुनील प्रसाद, अमीत कुमार (लड्डू), उमेश पासवान व पिंटू कुमार आदि उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : दुर्गा विंग ने किया पहली बार जिलास्तरीय डांडिया और गरबा नाइट का आयोजन

# नारी का सम्मान ही मां दुर्गा की सच्ची पूजा आराधना है : विश्व हिंदू परिषद

**परंतु हमारी पूजा तभी सफल होती है जब हम नारी का सम्मान करना जानते है**

आजाद सिपाही संवददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** शारदीय नवरात्र के छठे दिन शनिवार रात्रि को मां अंबे दुर्गा पूजा समिति सेन्हा और दुर्गा विंग के संयुक्त तत्वाधान में बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय डांडिया व गरबा नाइट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विहिप जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि पूरे देश मे जगत जननी मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। सभी अपने अपने ढंग से मां की आराधना में लीन है। परंतु हमारी पूजा तभी सफल होती है जब हम नारी का सम्मान करना जानते है। उन्होंने कहा कि हर नारी का सम्मान करना ही सच्ची पूजा है।धर्म प्रचार प्रमुख सतीश पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म में कहा गया है जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता बस्ते है। उन्होंने अपने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए युवाओ को आगे आने की बात कही। विशिष्ट अतिति सेन्हा अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि डांडिया आज राजस्थान से चल कर अन्य राज्यो में अपनी जगह बना ली है और इसमें महिलाओ की भागीदारी सबसे अधिक है। उन्होंने कार्यक्रम में छोटे बच्चीयों व महिलाओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य की सरहाना की। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ऋषिकांत कुमार लोहरदगा थाना प्रभारी मनीता महतो समाजसेवी ब्रजबिहारी प्रसाद उमेश कांस्यकार ने अपने विचार रखे। मौके पर बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह रंजीत साहू दक्षित आर्यन प्रशिक्षक सत्य कुमार सचिन कुमार जोधनायन साहू अजय सोनी विजय सोनी रविंदर साहू केदार नाथ साहू आदि उपस्थित थे। सेन्हा में पहली बार दुर्गा विंग के द्वारा जिलास्तरीय डांडिया व गरबा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो बच्चे बच्चीयों व महिलाओं एवं दम्पतियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को लजीज भोजन भी वितरण किया गया। इस कार्य को सजाने व सवारने में दुर्गा विंग के राखी कुमारी तानिया कुमारी तमन्ना कुमारी रिया कुमारी शिल्पी कुमारी सृष्टि कुमारी शिवानी कुमारी रोहन कुमार गौरव कुमार रंजन कुमार धनराज वर्मा शिवा कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम में प्राची सोनी को आकर्षक झांकी के लिए पुरष्कृत किया गया वही बेहतर नृत्य के लिये सोआली सिकदर दीक्षित आर्य तान्या सोनी पूजा सोनी एवं दक्षिता कुमारी को पुरष्कृत किया गया। कार्यक्रम को लेकर एक माह से प्रशिक्षक सचिन कुमार व सत्यम कुमार के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षत किया जा रहा था।

# स्वच्छ सर्वेक्षण परिणाम 2022 में गुमला शहर को राज्य में तीसरा स्थान

**अब शहर को नंबर वन बनाने की दिशा में किया जाएगा सामूहिक प्रयास : ईओ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के परिणाम जारी कर दिए गये हैं। जारी स्वच्छता रैंकिंग परिणाम के अनुसार 50,000 से अधिक आबादी वाले शहरों की कोटि में देश के पूर्वी जोन में गुमला को 22वां स्थान, जबकि झारखंड राज्य के निकायों में इसे तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस पर कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण बहुत सारे मानदंडों, दस्तावेजों व गतिविधियों का एक समग्र आकलन होता है। कई बार हम अच्छा करते भी हैं परंतु दस्तावेजों में उसका प्रस्तुतीकरण किसी कारण से समुचित नहीं भी हो पाता है जिससे रैंकिंग में कोई शहर पिछड़ भी सकता है। किंतु इस बार धरातल में बेहतर साफ-सफाई के साथ-साथ निर्धारित मानदंडों के अनुरूप दस्तावेजीकरण में भी पूरा ध्यान दिया जाएगा और शहर के हर एक नागरिक, सभी स्वच्छता कर्मियों की सहभागिता तथा जिले के वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में गुमला को स्वच्छता मामलों में नंबर वन शहर बनाने के लिए ईमानदारी से कार्य किया जाएगा।

# सांसद समीर उरांव ने किया हनुमान वाटिका दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उद्घाटन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान वाटिका दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उद्घाटन रविवार को राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव के अलावे अतिथियों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना व फीता काटकर किया। इस मौके पर आचार्य संजय मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना करायी गयी। जिसके बाद अतिथियों ने मां जगत जननी के समक्ष माथा टेक आशीर्वाद लिया। इस मौके पर समीर उरांव ने कहा पूरे क्षेत्र के लोगों पर माता जगत जननी की कृपा बनी रहे सभी स्वस्थ रहें और इसी तरह से मिलजुल कर भाईचारगी के साथ त्यौहार मनायें। मौके पर मुख्य रूप से समीर उरांव, शिवशंकर उरांव, अनिल भगत, प्रदीप प्रसाद, बीरेंद्र साहू, योगेंद्र भगत, किशोर जायसवाल, संतोष साहू, प्रेम जायसवाल, श्याम किशोर पाठक, अशोक गुप्ता, अमन जायसवाल, रामध्यान साहू, टिंकू जायसवाल, विक्की साहू, चुन्नू जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# गांधी जयंती पर बसिया बीडीओ नगर भवन गुमला में किये गये सम्मानित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव और स्वच्छता ही सेवा एवं पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बसिया के बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता को गांधी जयंती के अवसर पर नगर भवन गुमला में प्रशस्ति पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने प्रखंड के प्रबुद्धजनों, पत्रकारों एवं जनता का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही आज उन्हें सम्मान मिला है।

# चांदनी चौक दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उद्घाटन रविवार को थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, भाजपा नेता अशोक उरांव व अध्यक्ष अमित नाग के अलावे समिति के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर व पूजा अर्चना कर किया। उद्घाटन से पूर्व आचार्य प्रमोद पाठक के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष अमित नाग के अलावे पदाधिकारियों के द्वारा सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अशोक उरांव, अमित नाग, बिपिन बिहारी सिंह, हेमंत झा, योगेंद्र भगत, सुशील कुमार, मुरली मनोहर सिंह, हंस सिंह, अनिल साहू, सुधीर जायसवाल, मनोज महापात्र, ऋषि महापात्र, नीरज जयसवाल, कौशल किशोर सिंह, अरुण पांडे, रोहित सिंह, नीरज सिंह, भूपेंद्र राम, सुरेश चौरसिया, रूपेश साहू, सोनू जयसवाल, अभिनंदन जयसवाल, राकेश चौरसिया, शिवम सिंह, यश राज गुप्ता, आलोक सिंह, अकाश साहू, अमित ठाकुर, संजय शर्मा, अमन ठाकुर, जीवन सिंह, सोनू यादव, अंकित साहू व अरविंद जायसवाल मौजूद थे।

**कार्यक्रम : कार्यपालक पदाधिकारी ने शहर के सभी पूजा पंडालों का किया भ्रमण, कहा**

# नगर परिषद की कहीं भी प्रत्यक्ष परोक्ष भूमिका के लिए हम तैयार हैं

**सभी पंडालों में स्वच्छता, पेयजल आदि जैसी नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण कर प्रबंधकों एवं स्वच्छता कर्मियों को दिये आवश्यक निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को अपनी स्वच्छता टीम के साथ शहर के सभी प्रमुख पूजा पंडालों का भ्रमण किया। सभी पंडालों में स्वच्छता, पेयजल आदि जैसी नागरिक सुविधाओं का उन्होंने निरीक्षण किया व अपने नगर प्रबंधकों एवं स्वच्छता कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये।

वहीं दूसरी ओर उन्होंने आयोजकों से भी अनुरोध किया कि यदि उन्हें कहीं भी लगता है कि इस आयोजन के दौरान नगर परिषद की कहीं भी अन्य प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका हो सकती है तो वे निसंकोच उन्हें बतायें। सभी को आश्वस्त किया कि दुर्गा पूजा, नवरात्रि, दशहरा का यह पर्व अच्छे माहौल और सौहार्दपूर्ण स्वच्छ वातावरण में मनाया जाये इसके लिए नगर परिषद की पूरी टीम रात-दिन तत्पर रहेगी। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ने बारी बारी से दुर्गा बाड़ी, बड़ा दुर्गा मंदिर, शक्ति संघ, ज्योति संघ, अरुणोदय संघ, मां दूधेश्वरी धाम, भारतीय नवयुवक संघ, विश्व भारती संघ, जय मां दुर्गा देवी संघ आदि पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने अपराह्न में स्टेडियम का दौरा कर वहां रावण दहन आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही रावण दहन कार्यक्रम के आयोजकों से भी मुलाकात कर जरूरी फीडबैक लिया।

भ्रमण के दौरान संजय कुमार के साथ नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, रौनक पांडे, रवि महतो, अरशद अली, सचिन स्नेही, सुजीत कुमार, सुमित कुमार, रविंद्र माझी आदि मौजूद थे।



## मानकों के आधार पर पूजा पंडालों के आयोजक किये जायेंगे पुरस्कृत

गुमला (आजाद सिपाही)। नगर परिषद द्वारा पूजा पंडालों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि साफ-सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम, ध्वनि तीव्रता आदि जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर पूजा पंडालों के आयोजक पुरस्कृत किये जायेंगे।

# दुर्गा पूजा में सुरक्षा को लेकर बनाये गये हैं छह वाच टावर और चार बेरिकेडिंग

**टोटो में पूजा पंडालों और अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों का स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव को लेकर गुमला पुलिस चाक-चौबंद नजर आ रही है। जहां एक और पुलिस द्वारा सोशल पुलिसिंग करते हुए हिंदू समुदाय के साथ साथ मुस्लिम व अन्य समुदाय के लोगों को एक साथ बैठाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा के अभी चाक-चौबंद इंतजाम किये जा रहे हैं। रविवार को गुमला शहर से सटे टोटो पंचायत में गुमला सदर थाना के थाना प्रभारी मनोज कुमार की पहल पर दुर्गा पूजा पंडाल के पदाधिकारियों और अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों को एक साथ बिठाकर उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं दोनों समुदाय के पदाधिकारियों को आपसी तालमेल भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव मनाने की अपील की गई। इसके साथ ही गुमला शहर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से छह स्थानों पर वॉच टावर बनाए गये हैं। जहां पर खड़े होकर पूरी भीड़ की निगरानी की जा सकती है। वॉच टावर बिरसा मुंडा एग्रो पार्क, दुर्गा बाड़ी सब्जी मंडी, पटेल चौक, टावर चौक, शक्ति मंदिर में बनाया गया है विसर्जन के दिन भट्ठी तालाब के समीप एक वॉच टावर बनाया जाएगा। वहीं आठवीं, नवमी और दशमी के दिन सुबह 09 बजे से शहर के अंदर गाड़ियों का प्रवेश बंद हो जाएगा। इसके लिए शहर के प्रमुख मार्ग जो शहर से बाहर जाते हैं उन पर बेरिकेडिंग लगाया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ से आने वाली सड़क पर वन प्रमंडल के नाका के पास, लोहरदगा रोड में सोसो मोड़ के समीप, पालकोट रोड में डूमरडीह बस्ती के आगे, सिसई रोड में संत पात्रिक स्कूल के समीप नाका बंदी की जा रही है।

# चिल्ड्रेन एकेडमी में गांधी जयंती पर विशेष समारोह का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रन एकेडमी रन्हे घाघरा में गांधी जयंती पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने त्याग व बलिदान से देश को आजाद कराने में महती भूमिका निभायी है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से गांधीजी के बताये सत्य, अहिंसा, सादगी एवं सच्चाई की राह पर चलने की बातें कहीं। वहीं शिक्षकों ने भी बापू की जीवनी पर विस्तार से प्रकार डाला। मौके पर बच्चों के बीच बापू की तस्वीर व अन्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षक मीना देवी, अंसारी सर, सोसन सुरीन, सोनालीज, प्रदीप सर, प्रकाश सर सहित कई विद्यार्थी व अन्य लोग मौजूद थे।

# गांधी जयंती पर विकास भारती ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन

**विकास भारती पिछले 40 वर्षों से इस क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाने का काम करती रही है : सुदर्शन भगत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाघरा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर विकास मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, प्रवीण सिंह रहे। इस मौके पर विकास भारती बिशुनपुर के सचिव अशोक भगत के अलावे अतिथियों ने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर सुदर्शन भगत ने कहा विकास भारती पिछले 40 वर्षों से इस क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार अनेकों कार्यक्रम कराते आ रही है। समीर उरांव ने कहा आप युवा ही देश के भविष्य हैं आपके कंधों पर हमारे देश का भविष्य टिका है। वहीं विकास भारती बिशुनपुर के सचिव अशोक भगत ने कहा पढ़ें-लिखें आगे बढ़ें और क्षेत्र का विकास करें। आप सभी मैराथन दौड़ में भाग ले रहे युवक-युवतियों का एकमात्र लक्ष्य अपनी मंजिल तक पहुंचना है। इस मौके पर पाईका लोक नृत्य पिसका नगड़ी से आये अशोक कच्छप के टीम के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसके उपरांत फीता काट व हरी झंडी दिखाकर विकास मैराथन दौड़ को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण से प्रारंभ कराया गया।

मौके पर भिखारी भगत, अनिल भगत, विपिन बिहारी सिंह, केदार साहू, बच्चन चौरसिया, श्याम किशोर पाठक, तिम्बू उरांव, कौशल किशोर सिंह, प्रदीप प्रसाद, कृष्णा उरांव, योगेंद्र भगत, रवि पहान व शीला कुजुर सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम : गांधी जयंती पर टाना भगत एवं पड़हा समाज ने किया पड़हा जतरा का आयोजन**

# पड़हा परंपरा के कारण ही आदिवासी समाज की पहचान है : रामेश्वर उरांव

**पड़हा परंपरा हमें एकजुट रहने, किसी भी विवाद का ग्राम सभा में निपटारा करने सहित हमें संगठित रखने का काम करती है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बिशुनपुर।** महान स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत एवं महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उनके अनुयाई टाना भगत एवं पड़हा समाज के द्वारा रविवार को बिशुनपुर प्रखंड के कोको टोली में पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। जहां पर जतरा के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे आदिवासी समाज की पहचान पड़हा परंपरा के कारण ही है। पड़हा परंपरा हमें एकजुट रहने, किसी भी विवाद का ग्राम सभा में निपटारा करने सहित कई प्रकार के नियम को सिखाते हुए हमें संगठित रखने का काम करती है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 22 साल हो गये परंतु अब तक यहां स्थानीय नीति नहीं बन पायी थी। जिसे हमारे हेमंत सोरेन की सरकार ने लागू करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि 1932 के आधार पर स्थानीय नीति लागू कराने के लिए हमारी सरकार के द्वारा कैबिनेट में पास कर दिया गया है। साथ ही कहा कि पंचायत में ग्राम सभा को विशेष अधिकार दिया गया है जो अपने आप में सांसद एवं विधानमंडल है, इसलिए ग्रामसभा जो निर्णय करेगी उसे सरकार मानेगी। उन्होंने कहा कि यहां के आदिवासी समाज बहुत भोले भाले हैं। जिस कारण लोगों के द्वारा उन्हें ठगने का काम किया जाता है।

उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजने की जरूरत है ताकि जब आदिवासी समाज शिक्षित एवं जागरूक होगा तो अपने अधिकार को वह बेहतर ढंग से समझ पाएगा। श्री उरांव ने कहा कि टाना भगतों की जमीन को भी सरकार के द्वारा वापस कराने का काम किया जा रहा है।

इस मौके पर प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, बागी लकड़ा, फौदा उरांव, भौवा उरांव, सतीश उरांव, रोशन उरांव, संतोष भगत, शेखर उरांव, भूषण चिक बराईक, सुमित उरांव, रोबट उरांव, दीप लाल नगेसिया, अशोक खेरवार सहित कई लोग मौजूद थे।

# सीओ ने बेसहारा बच्ची को दी खाद्य सामग्री

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** जुरमू पंचायत की एक छोटी बच्ची कुमकुम कुमारी जो अभी 5वीं कक्षा में है। माता की मौत के बाद, पिता ने भी छोड़ दिया। उसके साथ घर में एक छोटा भाई और एक छोटी बहन रहती है। आस-पड़ोस के लोग ही उनकी देखभाल करते हैं। ऐसे में देवता के रूप में जुरमू पंचायत के मुखिया इग्नाशियूस मिंज बच्ची से मिले और उसे प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय डुमरी के सीओ शिव पूजन तिवारी के पास ले गये। सीओ ने बच्ची को चावल दिया और बच्ची और उसके भाई बहन का नाम राशन कार्ड में जोड़वाने की बात कही। मौके पर जुर्रमु पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# दुर्गा पूजा समिति ने भव्य कलश यात्रा निकाली, महासप्तमी पूजा के बाद खुला पंडाल का पट



**बसिया (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा समिति बसिया द्वारा रविवार को भव्य कलश यात्रा निकली गई। साथ ही महासप्तमी की पूजा अर्चना के साथ पंडाल का पट खोल दिया गया। पट खुलने के साथ मां भगवती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। कलश यात्रा बसिया धर्मशाला परिसर से शुरू होकर कोयल नदी तक गयी जहां आचार्य दिनेश्वर होता, पुजारी संतोष मिश्रा मनोज होता द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना करायी गयी। कलश यात्रा का नेतृत्व सुशील कुमार होता कर रहे थे। कलशयात्रा विभिन्न मार्गों से होते धर्मशाला परिसर पहुंची जहां आचार्य दिनेश्वर होता के द्वारा कलश स्थापना करायी गयी। कलश यात्रा में बसिया एवं आसपास के करीब तीन सौ महिलाएं पारंपरिक वेश भूषा शामिल थीं। मौके पर पंकज सिंह, कीस्टो प्रसाद, सुबास चौधरी, दीपक साहू, दिनेश साहू, संदीप चौधरी, केदार महंती, संतोष बीसी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा में अमन चैन व शांति व्यवस्था को लेकर सिसई पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**सिसई (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा में अमन चैन व शांति व्यवस्था को लेकर रविवार को एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी के नेतृत्व में जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना से शुरू होकर थाना रोड, मेन रोड, प्रखंड मुख्यालय, गल्ली रोड, सिसई बस्ती सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए थाना परिसर में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और पूजा पंडाल के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं अधिकारियों ने लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा व दशहरा पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर एसआई कमलेश प्रसाद, जिला बल, सैप सशस्त्र बल, होमगार्ड, नेतरहाट प्रशिक्षण केन्द्र व सिसई थाना के जवान मौजूद थे।

# जिप सदस्य की पहल पर लगा नया ट्रांसफॉर्मर



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेतरा पंचायत अंतर्गत बांडूलटोली गांव में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग की पहल पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग एवं गांव के प्रबुद्ध जनों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया गया। मालूम हो कि विगत एक माह से ट्रांसफॉर्मर के खराब होने से स्थानीय ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर थे और हाथी प्रभावित गांव होने से भी लोग डरे-सहमे रहते थे। ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफॉर्मर खराब होने संबंधी जानकारी जिप सदस्य को देने के उपरांत जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग की पहल पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। इस अवसर पर नवीन होरो, संजय कुल्लू, सुजीत कुल्लू, पहान पुजार झेगटा कुल्लू, पास्कल होरो, रोशन कुल्लू, अरविंद कुल्लू, परशुराम साहू, विजय पासवान, जंसिता कुल्लू, अनिता कुल्लू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# गांधी जयंती पर पालकोट की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लगभग सभी पंचायत भवन में गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। उत्तरी पंचायत पालकोट के पंचायत भवन में विभिन्न योजनाओं को लेकर गाम प्रधान सुकरा पहान की अध्यक्षता में ग्राम सभा की गई। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर योजना का चयन किया एवं योजना को रजिस्टर में चढ़वाया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, वार्ड सदस्य एवं काफी संख्या में उपस्थित थे।

# विधायक भूषण बाड़ा ने पालकोट के विभिन्न पूजा पंडालों का किया भ्रमण



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** विधायक भूषण बाड़ा ने पालकोट के विभिन पूजा पंडालों का भ्रमण किया साथ ही सभी पंडालों पूजा-अर्चना की। इस दौरान पोजेंगा, पालकोट, टेंगरिया, बघिमा आदि पंडालों में भ्रमण किया। इसके अलावे उन्होंने पालकोट के प्रसिद्ध दसभुजी मंदिर में भी माथा टेका। उन्होंने पालकोट उतरी पंचायत के कॉलोनी मैदान में 15 वर्ष के बालक वर्ग का फुटबाल मैच का भी उद्घाटन किया। साथ ही पालकोट काली मंदिर स्थित फेमेली रेस्टोरेंट का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष गुड्डू गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बसंत गुप्ता, भूषण सिंह, निर्मल इक्का के अलावे कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# प्रखंड कार्यालय में जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी गयी श्रद्धांजलि



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय डुमरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का सहित सीआरपीएफ के जवान इंस्पेक्टर जयराम सिंह सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सर्वप्रथम महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। प्रमुख ने कहा कि आज के दौर में भी गांधी के दर्शन व सिद्धान्त हमें अंधेरे में भी रोशनी देने का कार्य करते हैं। वहीं सीआरपीएफ के जवान जयराम सिंह ने गांधी को देश का सच्चा सपूत बताया। साथ ही प्रखंड कार्यालय डुमरी में उपस्थित सभी लोगों ने गांधी के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वहीं सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर सहित अन्य जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर असिस्टेंट कमांडर एमके चौरसिया, सबीर कुमार मंडला, डॉक्टर राजेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## गांधीजी और शास्त्रीजी के बारे में लोगों को जानना जरूरी है : राजेंद्र



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती झामुमो जिला कार्यालय में मनाई गई। झामुमो के सभी नेताओं ने महापुरुषों को पुष्प अर्पण एवं उनके जीवन दर्शन पर चर्चा किया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराने में अहम भूमिका निभाने वाले गांधी जी महान राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर कई–कई बार ब्रिटिश हुकूमत को घुटने टेकने पर मजबूर किया। सत्य और अहिंसा का सिद्धांत उनकी ताकत थी। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहाादुर शास्त्री जी बहुत ही क्षमतावान और अद्भुत व्यक्तित्व के मालिक थे, उन्होंने सदैव अपना जीवन सादगी से जीते हुए अपनी मातृभूमि की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। आज के परिवेश में इन महापुरुषों महान व्यक्तित्व के बारे में जानना हमारे लिए बहुत ही जरुरी है। सचिव सन्नू सिद्दिकी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमें गांधी जी और शास्त्री जी जैसे नेताओं की आवश्यकता है। हम उनके बताए रास्ते पर चलकर अपने जीवन और समाज को बेहतर बना सकते हैं। इनके विचारों से केवल युवा ही नहीं बल्कि सभी व्यक्तियों को भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कोषाध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा महात्मा गांधी का जुड़ाव पलामू से भी रहा है। 11 जनवरी 1927 को बापू पलामू की धरती पर आए थे। उनके अहिंसा के सिद्धांत को पूरी दुनिया ने सलाम किया, यही वजह है कि पूरा विश्व आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के तौर पर भी मनाता है। महात्मा गांधी के विचार हमेशा से न सिर्फ भारत, बल्कि पूरे विश्व का मार्गदर्शन करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। लाल बहादुर शास्त्री अपने देश के लिए बलिदान और सच्ची देश भक्ती के लिए सदैव जाने जाएंगे। मौके पर उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, युवा नेता सन्नी शुक्ला, अविनाश देव, नवीन सिन्हा, देवानंद भरद्वाज, सुधाकर पांडेय, शाहबाज आलम, दीपू चौरसिया, चंदन सिन्हा, अखिलेश सिंह, नसीम अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## तेनुडीह गांव स्थित स्टोन माइंस में पत्थर उत्खनन कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद



छतरपुर /पलामू (आजाद सिपाही) । पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत बगैया पंचायत के तेनुडीह गांव स्थित स्टोन माइंस के पत्थर उत्खनन कार्य को ग्रामीणों ने बंद करा दिया है। शिव नारायण राम, जवाहिर राम, मनोरमा देवी, अनीता देवी, बेबी देवी ,लाल मुन्नी देवी आदि ग्रामीणों का कहना है कि महादेवा कंट्रक्शन के द्वारा पत्थर उत्खनन के दौरान की जाने वाली ब्लास्टिंग और उससे छिटक कर घर– आंगन में गिरने वाले पत्थरों से होने वाले जानमाल के नुकसान से आशंकित ग्रामीणों ने पत्थर उत्खनन का कार्य बंद करा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि माइंस संचालक की मनमानी से लोग तंग आ चुके हैं। माइंस द्वारा लिए गए जमीन से अधिक जमीन में उत्खनन किया जा रहा है। ग्रामीण बताया कि छतरपुर अंचलाधिकारी को आवेदन देकर अवैध खनन कार्य को रोकने की मांग की है। किंतु अभी तक सीओ द्वारा कार्रवाई नही किया है । ग्रामीणों ने बताया कि महादेवा कंट्रक्शन के प्रोपराइटर अनिल सिंह वास्ते मुनकेरी स्टोन डिपोजिट द्वारा मौजा मुनकेरी खाता 218 प्लॉट110 रकबा 6.75 क्षेत्र से बाहर पत्थर खनन किया जा रहा है। जिसमें दलित परिवार की जमीन प्रभावित हो रही है। जबकि बगल में ही गांव अवस्थित है। माइंस की कोई घेरा बंदी भी नहीं की गई है। माइंस काफी गहरी है जिससे हमेशा ही जान माल का खतरा तो बना ही रहता है। इस कारण छतरपुर के कई जगहों पर पानी की भारी किल्लत भी हो जाती है। वहीं पत्थर माफिया की मनमानी से माइंस संचालक और ग्रामीणों के बीच हमेशा झड़प की संभावनाएं बनी रहती है। हैवी ब्लास्टिंग के दौरान ग्रामीणों के घर हिल जाते है । वहीं पत्थर घर आंगन में गिरने का भय बना रहता है। इस संबंध में छतरपुर अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी ने बताया कि ग्रामीण और माइंस संचालक के दो पक्षों के बीच का मामला बताया है । दोनो पक्षों को संबंधित जमीन की कागजात की जाँच पड़ताल कर विवाद के निष्पादन को लेकर 10 अक्टूबर का समय दिया गया है।

## हरिहरगंज शहर में खुला सिद्धांत डेंटल क्लिनिक



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही) । हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के सतगांवा रोड स्थित लवली कंपलेक्स में रविवार को सिद्धांत डेंटल क्लिनिक(दाँत अस्पताल) का उद्घाटन हुआ। इसकी जानकारी देते हुए दंत चिकित्सक डॉ पूनम कुमारी, डॉ अवध कुमार ने बताया कि सिद्धांत डेंटल क्लिनिक के नाम से शुभारंभ हुआ है। दांत अस्पताल का उद्घाटन गार्जियन शोभी राम, पूर्व जिप सदस्य आशा कुमारी, मुखिया गुलाम सरवर, प्रमोद कुमार रवि ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया । इस अस्पताल के खोलने का मेरा मुख्य उद्देश्य है कि सुदूर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में दांत की देखभाल एवं उचित इलाज के लिए कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। क्लीनिक के खुलने से अब इलाके के लोगों को बाहर शहरों में दांत के इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा। यहां दांत संबंधित सभी रोगों का इलाज,क्लिप द्वारा टेढ़े मेढ़े दांत सीधा करना, आल्ट्रासोनिक मशीन से दांतों की सफाई, दांतो में कैप लगाना, लाईट क्योर मशीन द्वारा दांतो को जोड़ा जाना, पायरिया, नया दांत लगाना एवं दांतो को एक्स–रे किया जाता है।इसके अलावे मसूढ़े का ऑपरेशन, दांत निकालना, सड़े दांतो का इलाज एवं फिक्स फिलिंग करना आदि की व्यवस्था की गई है। मौके पर समाजसेवी राजीव रंजन, पूर्व विसूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, मो असलम, फैजुल रहमान, मो अनवर हुसैन, मो इसरार आलम, बसपा प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, दिनेश गुप्ता, इंद्रदेव भारती,सुशील कुमार रवी,बाबू भाई, विजय सिंह, रंजीत कुमार, दिनेश मेहता, गोलू सिंह आदि उपस्थित थे।

## नवयुवक संघ में भंडारे का आयोजन

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) । नव युवक संघ महावीर चौक सतबरवा के द्वारा दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित नवाह परायण यज्ञ के 31वे अधिवेशन में सप्तमी तिथि माँ दुर्गा के पट्ट खुलने के शुभ अवसर पर मोर्निंग ग्रुप के सदस्यों के द्वारा लगातार दूसरे वर्ष महा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्त भंडारा का प्रसाद ग्रहण किए। इस भंडारे के आयोजन में मुख्य रूप से मॉर्निंग ग्रुप के सदस्य कुंदन जायसवाल के प्रतिनिधित्व मे जय किशोर प्रसाद,सतीश कुमार,पवन कुमार,सुजीत कुमार,गौरव जायसवाल,ललू कुमार,पप्पू कुमार, मनोहर कुमार, राजा कुमार, बैजनाथ जायसवाल का सहयोग रहा।

# मां का पट खुलते ही दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर जी भवन,युवा बाल संघ जपला स्टेशन परिसर, कुर्मी टोला, दुर्गा बाड़ी, नहर मोड़ स्थित चार धाम परिसर समेत कई शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों में पूजा पंडाल के पट खुलते ही शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की दिव्य स्वरूप के दर्शन को पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महाबीर जी भवन में पूर्व पुरोहित गोपाल पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ मां शक्ति स्वरूपा की आराधना कर उपस्थित अतिथियों हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, पूर्व विधायक संजय कु० सिंह यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा उषा देवी, आरएसएस जिला संघ चालक दिनेश कश्यप, प्रतिष्ठित व्यवसाई प्रकाश लाल अग्रवाल, अभिमन्यु अग्रवाल आदि के द्वारा पूजा पंडाल का पट खोला गया, जिसके बाद भक्तों के जयकारों से पूरा पूजा पंडाल गूंज उठा, आपको बताते चलें कि शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप देवी कालरात्रि की पूजा की जाति है। मौके पर युवा बाल संघ के अध्यक्ष जयशंकर गुप्ता, संरक्षक राजेश्वर सिंह, सचिव रवि कुमार यादव, महाबीर भवन पूजा समिति के संरक्षक अजित अग्रवाल, सचिन आनन्द, उदय विश्वकर्मा, मंजय चौधरी, अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवन अगवाल, दीनानाथ सोनी, पप्पू सोनी, सचिव संतोष गुप्ता, सह सचिव पंकज सोनी, मिडिया प्रभारी अमृत कु० कांस्यकार, व्यवस्था प्रमुख हर्ष गुप्ता, पंकज कु० समेत सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## कांशीराम जी की पुण्यतिथि पर सैकड़ों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता होंगे शामिल



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशी राम के पुण्य तिथि मनाने को लेकर रविवार को हरिहरगंज बसपा प्रखण्ड इकाई ने बैठक की।बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष सुरजमल राम व संचालन पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार गौतम ने की। इस दौरान कार्यकताओं ने पलामू प्रमंडलीय स्तर पर होने वाले पुण्य तिथि पर काफी संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया है। मौके पर बसपा प्रखण्ड अध्यक्ष सुरजमल राम ने बताया कि 9 अक्टुबर को डालटनगंज के टाउन हॉल में कांशी राम साहब की पुण्य तिथि प्रमंडलीय स्तर पर मनाने का निर्णय बसपा ने लिया है।जिसे सफल बनाने को लेकर हरिहरगंज प्रखण्ड से सैकड़ो कार्यकर्त्ता उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे।बैठक में प्रखण्ड सचिव सीता राम रवि,नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, प्रखण्ड महासचिव इसरार आलम,बसपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार रवि, श्यामसुंदर देहाती, इंद्रदेव भारती, मंगलदेव राम,राज कुमार, बालचंद राम, रवि कुमार, नागेश्वर राम आदि उपस्थित थे।

## रेहला पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के मामले का किया उद्भेन, ट्रैक्टर सहित मास्टर माइंड गिरफ्तार



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रेहला पुलिस ने पिछले महीने बीमोड़ पेट्रोल पंप से चोरी हुए ट्रैक्टर का उद्भेदन कर लिया है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि 03/09/2022 को रेहला थाना क्षेत्र के पाण्डेपुर निवासी विकास का स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर रात्री में चोरी हो गया था। उन्होने बताया कि एक गुप्त सूचना मिली कि यह ट्रैक्टर गढ़वा जिले के धुरकी थाना क्षेत्र के ग्राम कदवा में चोरी छुपे पंकज पासवान और सहयोगियों के साथ चला रहा है। इस सूचना पर वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए आदेशानुसार धुरकी थाना के सहयोग से ग्राम कदवा से ट्रैक्टर चोरी में शामिल विवेक विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो इस कांड में अपनी संलिप्तता बताते हुए अपना अपराध स्वीकार किया एवं उसके निशाना देही पर चोरी गए ट्रैक्टर एवं ट्राली कथी पहाड़ के जंगल से बरामद किया। उन्होंने बताया कि इस ट्रैक्टर चोरी में प्रयुक्त महेन्द्रा ट्रैक्टर को भी बरामद कर लिया गया है। इस घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सारे लोग पुलिस की गिरफ्त में होंगे। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी नेमधारी रजक, एसआई जयप्रकाश पासवान, एसआई अलखनाथ चौबे, एएसआई रामचंद्र चौधरी, सत्येन्द्र पाल, अमित कुमार, उज्जवल प्रकाश, प्रवीण लकड़ा, मोहन प्रसाद यादव शामिल थे।

## एसडीओ को आवेदन देकर झारखंड ग्रामीण बैंक के द्वारा ड्राफ्ट बनाने में आनाकानी करने की शिकायत

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के झारखण्ड ग्रामीण बैंक के कर्मचारियो ने ड्राफ्ट बनाने में कर रहे है मनमानी।इसकी शिकायत हुसैनाबाद के अनुमण्डल पदाधिकारी से किया है।मो0 जाकिर अली उर्फ राज अली का खाता झारखण्ड ग्रामीण बैंक में है,जिसका खाता संख्या 84019126949 है।जब उन्होंने टेंडर डालने के वास्ते ड्राफ्ट बनाने गया तो मशीन खराब एवम स्टाफ नही रहने का बहाने बनाते है वही देवरी रोड जपला में झारखण्ड ग्रामीण बैंक का शाखा है जब वहां बनाने गया तो वहा के मैनेजर एवम कैशियर का कहना है कि जहॉ का चेकबुक है वही जाकर बनाइये।मुझे बनाने का आदेश नही है और मेरे साथ अभ्रता पूर्वक भव्यहार किया गया।जबकि नियम यह है कि एक ही बैंक चेकबुक रहने पर कहि भी बन सकता है।

## सत्य अहिंसा और सादगी के प्रतीक थे महात्मा गांधी : अविनाश देव



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। रविवार को स्थानीय संत मरियम स्कूल के आवासीय परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री , ईमानदारी एवं सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन और महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। मुख्य अतिथि अविनाश देव ने कहा कि आज देश के दो महान विभूतियों का जन्म दिवस है। सत्य अहिंसा जैसे प्रबल हथियारों के साथ देश को अंग्रेजों की विभीषिका से बचाने वाले दूरदर्शी नेता महात्मा गांधी ने जीवन के सभी भौतिक सुख सुविधाओं का परित्याग करके अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। जब पूरे विश्व में संचार की क्रांति का पर्याप्त विकास नहीं हो सका था उस समय भी इनकी रैलियों में लाखों लाख की संख्या में लोग शामिल होते थे,जो इनकी प्रसिद्धि का एक प्रमुख परिचायक है। अपने बेबाक बोल और दूरदर्शी सोच ने इन्हें भारत ही नहीं बल्कि विश्व का लोकप्रिय जन नेता बना दिया। वही लाल बहादुर शास्त्री की बात की जाए तो बचपन से ही अनेक मुश्किल हालातों का सामना करते हुए बैग को सर पर रखकर,तैर कर गंगा पार करते हुए उन्होंने अपनी पढ़ाई को अनवरत जारी रखा और अंततः अपने कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, प्रखर और बेहतर वक्ता के रूप में इन्हें प्रसिद्धि मिली और ए देश के प्रधानमंत्री के रूप में चुने गए। आज हम सभी को इन महान विभूतियों से सीखने की आवश्यकता है। इनके त्याग और बलिदान के बदौलत ही हम सभी आजाद और समृद्ध भारत में सुखचैन के साथ रह रहे हैं। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श,संगीत शिक्षक श्याम, सिहान संतोष कुमार, ललन प्रजापति समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राष्ट्रपिता एवं शास्त्री जी का जयंती समारोह



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर के तिवारी कंपलेक्स स्थित कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता हुसैनाबाद प्रखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष लल्लू प्रसाद सिंह ने किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि एवं हुसैनाबाद के युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी में कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी ही नहीं बल्कि एक बहुत बड़े त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने पूरे विश्व को शांति का पाठ पढ़ाया ' महात्मा गांधी एक विचार थे जो आज विश्वविद्यालयों में एक शोध का विषय है ' वहीं दूसरी तरफ लाल बहादुर शास्त्री एक सादगी के प्रतीक थे जिन्होंने सादा जीवन उच्च विचार का पाठ पढ़ाया ' जिन्होंने देश की सुरक्षा को सशक्त करने और देश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उन्होंने ही जय जवान और जय किसान का नारा दिया था ' मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी रघुराई यादव व शंभू सिंह आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए दोनों महापुरुषों को देश का महान विभूति बताया ।मौके पर मुख्य रूप से अवध बिहारी सिंह, शैलेश कुमार सिंह , विजय कुमार सिंह, अंबिका सिंह, उमेश साधु, अमित गुप्ता, अजय मेहता, भोला पाल , राजेश तिवारी, योगेंद्र सिंह, अखिलेश प्रसाद द्विवेदी, वृंदा पाठक, यासीन अंसारी समेत कांग्रेस के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गांधी जयंती पर मुखिया संजू देवी की अध्यक्षता में की गयी ग्राम सभा



पांडू (आजाद सिपाही)। पांडू प्रखंड के कुटमू पंचायत के पंचायत सचिवालय में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रपिता की जयंती मनाने हेतु एवं कई विकास योजनाओं के चयन के लिए मुखिया संजू देवी के द्वारा एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया. सभा की शुरूआत में गांधी जयंती मनाते हुए कुटमु पंचायत के विभिन्न वार्ड से लिए गए योजनाओं का चयन कर मंजूरी दी गई. जिसमें मनरेगा एवं 15वें वित्त की योजनाएं मुख्य रूप से शामिल हैं. सभा की अध्यक्षता कर रही मुखिया संजू देवी ने बताया कि गांधी जयंती की शुभ अवसर पर मंजूरी दी गई ये सभी योजनाएं ग्राम पंचायत एवं जनता के लिए जरूरतमंद एवं लाभकारी हैं. सभा में मुखिया एवं पंचायत सचिव सहित कार्यकारिणी के सभी वार्ड सदस्यों के अलावे युवा समाजसेवी नेता अरविंद पाल एवं ग्रामीण मौजूद थे.

## वार्ड पार्षदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर रविवार को हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया ।शहर के गांधी चौक अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर वार्ड पार्षदों ने पुष्पांजलि अर्पित की ।पार्षदों ने उनके जयंती पर शहर वाशियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।उन्होंने उनके जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि इन महापुरुषों के जीवन से हम सबों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है साथ ही उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने का संकल्प लेने की जरूरत है ।मौके पर पार्षद संघ के अध्यक्ष नजीर अहमद,पार्षद अखिलेश यादव, राजेन्द्र पाल, अर्जून गुप्ता,सुहैल आलम,उमरावती देवी, राजकुमार कस्यप,सूर्यनाथ पासवान,सुरेन्द्र पासवान,डॉ अजय आदि मौजूद थे।

## राम जानकी मंदिर के पूजा पंडाल में पहुंचे समाजसेवी रामदास साहू



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के सप्तमी के दिन गॉव से लेकर शहर तक पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के पट खुलते ही जय–जयकारा से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर मां की आरती उतारी। पांकी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी रामदास साहू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पांकी श्री राम जानकी मंदिर पहुंचे जहां दीप प्रज्वलित कर विधि–विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा का पट खोला। मौके पर श्री साहू ने कहा कि मां दुर्गा सभी विधानसभा वासियों को सुख शांति समृद्धि दे। श्री साहू इसके पूर्व पांकी के ग्राम करार पूजा पंडाल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे व माता रानी का आशिर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। पांकी पूजा समिति द्वारा रामदास साहू को चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। मौक पर पांकी प्रमुख पंचम कुमार,रंजन यादव,शंकर गुप्ता,गुड्डू सिंह,नवशाद खान,विगु साहु,चांद खां,इस्लाम अहमद,टेनि प्रजापति,अनिल कुमार,राकेश कुमार,कुंदन सिंह सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लें और उनके आदर्शों को करें आत्मसात : डीसी



मेदिनीनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज 2 अक्टूबर को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया ।पलामू जिला के स्थानीय टाउन हॉल परिसर में अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं चित्र तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पलामू उपायुक्त श्री आंजनैयुलू दोड्डे व पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की ।उपायुक्त श्री दोड्डे ने उनके जयंती पर सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।उन्होंने उनके जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि इन महापुरुषों के जीवन से हम सबों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है साथ ही उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जाने का संकल्प लेना है। उन्होंने इन महापुरुषों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि हमसब उनके बताए रास्ते पर चलेंगे और उनके आदर्शों को आत्मसात करेंगे ।महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे ।उनके बताए गए सिद्धांतों को हमसबों को ग्रहण करना है और उनके जो गांधीवादी विचारधारा है, उसपर सभी को चलने की जरूरत है ।उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री महान एवं सच्चे व्यक्तित्व के धनी थे ।उन्होंने अपना जीवन गरीबों की सेवा में समर्पित कर दिया अपने कार्यकाल में उन्होंने देश को स्वयं संपूर्ण, आत्मरक्षक और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयत्न किया है।

# स्पोर्ट्स



चार ओवर में एक भी रन नहीं दिया है सौरभ ने

# ईरानी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन सौरभ कुमार की शानदार गेंदबाजी



राजकोट । भारत की टीम ने ईरानी ट्रॉफी मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। पहली इनिंग्स के आधार पर 276 रन से पिछड़ने वाली सौराष्ट्र की टीम फिर लड़खड़ा गई है। अब मैच के तीसरे दिन शेष भारत के पास इनिंग्स से जीत हासिल करने का मौका होगा।

### सौरभ ने दिए दोनों विकेट

सौराष्ट्र को दूसरी पारी में पहला झटका स्नेल पटेल के रूप में लगा। लेफ्ट आर्म स्पिनर सौरभ कुमार ने उन्हें सरफराज खान के हाथों कैच कराया। स्नेल ने 16 रन बनाए। इसके बाद सौरभ ने दूसरे दूसरे ओपनर हार्विक देसाई (20 रन) को कप्तान हनुमा विहारी के हाथों कैच कर दिया। दूसरे दिन स्टंप्स तक सौराष्ट्र का स्कोर 2 विकेट पर 49 रन है। इनिंग्स की हार टालने के लिए सौराष्ट्र को अब भी 227 रन की जरूरत है। पहली इनिंग्स में सौराष्ट्र की टीम 98 रन पर ऑलराउट हो गई थी। जवाब में शेष भारत ने सरफराज खान (138 रन) के शतक की मदद से 374 रन बनाए।

### एक भी रन नहीं दिया है सौरभ ने

दूसरे दिन सौरभ कुमार की गेंदबाजी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने चार ओवर किए और एक भी रन खर्च नहीं किया। यानी उन्होंने चार ओवर में चार मेडन रखते हुए दो विकेट लिए।

### दूसरे दिन शेष भारत ने 169 रन जोड़े

इससे पहले शेष भारत ने दूसरे दिन के खेल की शुरूआत 3 विकेट पर 205 रन के स्कोर से की। सेंचुरियन सरफराज खान ने 138 रन बनाकर आउट हुए। वे पहले दिन के अपने स्कोर (125) में सिर्फ 13 रनों का इजाफा कर सके। इसके बाद जयंत यादव (37 रन) और सौरभ कुमार (55 रन) ने अच्छी पारियां खेली और टीम 300 रन का आंकड़ा पारी करने में सफल रही।

## रुद्रप्रयाग की दो बेटियां राष्ट्रीय स्तर की बैटमिंटन टीम के लिए चयनित

गुप्तकाशी। रुद्रप्रयाग जिले की दो बेटियों ने राज्य स्तरीय बैडमिंटन में शानदार खेल के बदौलत राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी जगह बना ली है। अगस्त्यमुनि की दो बेटियों ने अंडर19 व 14 वर्ग की राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। अल्मोड़ा जिले में 28 सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में इन बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया। रुद्रप्रयाग जिले से बालिका वर्ग में चार छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमें चिल्ड्रन एकेडमी इंटर कालेज अगस्त्यमुनि की अहिंसा रौतेला, राबाइका की मोनिका नेगी, ईशु एवं राजीव गाँधी नवोदय मालतोली की अंजलि शामिल हुई थीं। अल्मोड़ा में खेली गईं राज्य स्तर पर बैडमिंट प्रतियोगिता में चिल्ड्रन एकेडमी अगस्त्यमुनि की छात्रा अहिंसा रौतेला ने अण्डर 14 वर्ग में एकल व व्यक्तिगत स्पर्धा में दोनों में गोल्ड मैडल हासिल करते हुए बेस्ट खिलाड़ी चुनी गई थीं। अहिंसा ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन किया। इसी प्रतियोगिता के डबल स्पर्धा में भी अहिंसा रौतेला व मोनिका नेगी ने सिल्वर मैडल जाता था। अहिंसा के अलावा राजीव गांधी नवोदय विद्यालय मालतोली की अंजली का भी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है।



छोटा नागपुर पब्लिक स्कूल रांची के प्राचार्य सुखनाथ महतो गोल्फ ग्राउंड में गोल्फ मैच में खेलने की तैयारी का अभ्यास करते हुए।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 03 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## झरिया में कांग्रेसियों ने मनायी राष्ट्रपिता और शास्त्री जी की जयंती

# गांधी और शास्त्री के आदर्शों को अपनाने की है जरूरत : संतोष

**शायद हमे वर्तमान समय में उनके नारे को याद करने की जरूरत है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** रविवार को झरिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 153वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 118वीं जयंती नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में चिल्ड्रन पार्क में अहिंसा दिवस के रूप में मनायी गयी। इस दौरान एआईसीसी सदस्य संतोष सिंह व प्रदेश कांग्रेस पीसीसी डेलीगेट शमशेर आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद सभी ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान एआईसीसी सदस्य संतोष सिंह ने कहा कि आज हमे महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन संघर्ष उनकी देश सेवा एवं उनके जीवन मूल्यों को याद करना चाहिए। इन महापुरुषों के द्वारा अपनाये गये नैतिक मूल्यों यथा सादा जीवन, उच्च विचार, भाई चारा, सर्व धर्म समभाव एवं पंथनिरपेक्षता जैसे जीवन मूल्यों को अपनाने की जरूरत है। वही शमशेर आलम ने कहा कि आज हम जिन महापुरुषों की जयंती हम मना रहे हैं उनको हम भारतवासी ही नहीं पूरा विश्व आदर्श मानता है। गांधी जी ने अहिंसा के मार्ग पर चल कर देश को आजादी दिलाई और लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। शायद हमे वर्तमान समय में उनके नारे को याद करने की जरूरत है। आज देश के किसान सड़कों पर हैं पर केंद्र की भाजपा सरकार को कोई मतलब नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व झरिया नगर अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, प्रीतम रवानी, प्रमोद चंद्रवंशी, राजा गुप्ता, अशोक मालाकार, वीरेंद्र यादव, भगवान दास, मनोहर रजवाड़, प्रकाश शर्मा, शंभू प्रसाद, वीरेंद्र बहादुर सिंह, भोला सिंह, सादिक अमीन, निसार अहमद, गणेश रजक, राकेश पासवान, राकेश मिश्रा, सुमित ठाकुर, बिरजू शर्मा, अमर प्रसाद, कुंदन मोदक, राजेश सिंह, विनय शर्मा, मीर फिरोज, कमल शर्मा, झुनू गुप्ता, पप्पू पांडे, राजा वर्मा, सौरभ सिंह, सहित दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने मनायी महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती, दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा धनबाद महानगर के बरटांड मंडल में मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल के नेतृत्व में रविवार को सिटी सेंटर चौक पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। इस दौरान धनबाद विधायक राज सिन्हा एवं धनबाद के निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल और धनबाद महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह के द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

**दोनों महापुरुषों के त्याग और बलिदान का ऋणी है देश का हर नागरिकः राज सिन्हाः** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आज दो ऐसे महापुरुष की जयंती है जिन्होने राष्ट्र को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जहां राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने स्वतंत्रा लाने में हिंदुस्तान की जनता को एक कर दिया वही लाल बहादुर शास्त्री ने भारत की जनता को एक ऐसा स्लोगन दिया, जिसमे भारत को अन्न उत्पन्न करने वाले किसान भाई और भारत वर्ष को सुरक्षा प्रदान करने वाले जवान भाईयो के सम्मान में जय जवान जय किसान का नारा दिया। आज उनकी त्याग और बलिदान की हरेक व्यक्ति जो भारत के नागरिक है। उनका ऋणी है।



### ऐसे महापुरुष भारत में ही संभव हैः पूर्व मेयर

निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा ऐसे महापुरुष भारत में ही संभव है। भारत वीरों की कर्म भूमि है इतिहास भरे पड़े है ऐसे महापुरुषों की गाथा से, हम धन्य है कि हमलोग ने भारत देश में जन्म लिया है। उनकी त्याग तपस्या को जितना बोला जाए कम होगा। वही महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने अपने संबोधन में कहा की आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा में भारत के सभी महापुरुषों के सम्मान के साथ साथ भारत की एकता अखंडता और वैसे सभी जनों को सम्मान दिलाने एवं जनकल्याण की शपथ भाजपा ने लिया है। सेवा पखवाड़ा के समापन समारोह दो ऐसे महापुरुषों के जयंती पर किया जा रहा है जिन्होंने राष्ट्र को अपना सारा जीवन समर्पित किया है। उनको नमन करता हूं। मौके पर धनबाद महानगर उपाध्यक्ष संजय झा, मानस प्रसून, मंत्री श्रवण रॉय, रुपेश सिन्हा, रणविजय सिंह, बरटांड मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल, अशोक पाल, अमरजीत चंद्रवंशी, महामंत्री रिंकु सिन्हा, टुन्ना सिंह, बीपी सिन्हा, मंत्री अमित सिंह, सरोज शुक्ला, लोहा सिंह, बरटांड मंडल मिडिया प्रभारी बृजनंदन शर्मा के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुर्गोत्सव के रंग में डूबा कोयलांचल, चहुंओर गूंजी मां दुर्गे की जय जयकार

# नवपत्रिका पूजन के साथ शुरू हुई मां दुर्गा की उपासना

**महासप्तमी में पालकी पर सवार होकर मंडप पहुंची कोला बोउ**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** महासप्तमी के साथ पूरे देश सहित कोयलांचल में भी दुर्गोत्सव का रंग चढ़ गया। रविवार की सुबह पूरे जिले में निकली पालकी डोल यात्रा ने कोलकाता के दुगार्पूजा का एहसास कराया। कोला बोउ यानी नवपत्रिका कि परंपरा को केला, विल्वपत्र,कच्ची हल्दी, जौ, अनार, अशोक, धान सहित नौ प्रकार के पत्तों को लाल पाड़ की साड़ी से सुसज्जित कर पालकी में लेकर पूजा मंडप में प्रवेश किया। जहां पंडितों ने ढाक, घंटी और शंख ध्वनि के साथ विधि-विधान से प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा व आराधना करते हुए माता दुर्गा का आह्वान किया। इसके बाद भक्तों ने पुष्पांजलि व आरती कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। जिलें के धनबाद, झरिया, बलियापुर, सिंदरी, कतरास, लोयाबाद बाघमारा, तोपचांची, राजगंज, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, निरसा, एग्यारकुंड, चिरकुंडा महासप्तमी के उपलक्ष्य पर पालकी डोल यात्रा निकाल मां दुर्गा का आह्वान किया गया।

**हीरापुर क्षेत्र में बंगाल की सुप्रसिद्ध दुर्गोत्सव की दिखी छठा :** रविवार को दुर्गोत्सव की सप्तमी तिथि पर धनबाद शहर नजारा कुछ अलग दिखा। दुर्गोत्सव के रंग में सराबोर शहर के बीचोबीच अवस्थित हीरापुर क्षेत्र में बंगाल की सुप्रसिद्ध दुर्गोत्सव की झलक दिखी। मानो जैसा पूरा बंगाल धनबाद में उतर आया हो। जिला परिषद मैदान, पार्क मार्केट मैदान, हरि मंदिर इत्यादि स्थानों में बांग्ला परंपरा के अनुसार बेलभरण का अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। हीरापुर हरि मंदिर से गाजे-बाजे के साथ महिला-पुरुष पारंपरिक नृत्य करते हुए कलश लेकर कोलबोउ को लाने घाट पर पहुंची। इस बार हरि मंदिर में दुर्गोत्सव के 90 वर्ष पूरे पर 90 महिलाएं एक ही तरह की साड़ी पहन कर कोलाबोउ को लाने पहुंची थीं। बांकुड़ा से आये कलाकारों के ढाक की धुन पर धूप जलाकर नाचते-गाते श्रद्धालु पंपू तालाब पहुंचें। कोलाबउ को स्नान कराया और फिर कलश में जल भर इसी रास्ते वापस मंदिर परिसर लौटे। वहीं पार्क मार्किट में बंगाली वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित दुर्गोत्सव समिति के लोग भी पारंपरिक वेशभूषा में पम्पू तालाब पहुंची थी।

जिला परिषद में बंगाली कल्याण समिति द्वारा आयोजित दुर्गोत्सव कमिटी की महिलाएं और पुरुष पारंपरिक तरीके जेसी मल्लिक स्थित खोखन तालाब पहुंच कोलाबउ को स्नान कराया फिर कलश में जल भर ढाक की धुन पर थिरकते हुए वापस जिला परिषद स्थित पूजास्थल पहुंची।

# स्वांग में कथारा क्षेत्र के जीएम हर्षित दत्तार ने किया पंडालों का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोमिया।** गोमिया सहित आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र शुरू हो गया है। शनिवार की शाम षष्टी तिथि पर स्वांग दूर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक हर्षित दतार ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में उनके साथ पूजा समिति के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी डी के गुप्ता, पूजा कमिटी के सचिव अंजनी त्रिपाठी सम्मिलित रहे। षष्ठी तिथि पर मां के पंडाल का पट खुलते ही दूर्गा माता की जय के नारे गुंजायमान हो गया। ततपश्चात मां का षष्ठी तिथि पर बंगाल से आचार्य एवं अन्य पुजारियों द्वारा माता का बोधन सह आमंत्रण, अधिवास एवं पूजा अर्चना किया गया। इसी प्रकार पंडाल के आसपास मेला का आयोजन किया गया है। वहीं सप्तमी तिथि से लगने वाला मेला में श्रद्धालुगण पूजा अर्चना व दर्शन के साथ मेला का भी लुत्फ उठायेंगे। यहाँ चार दिनों तक मेला का आयोजन किया जाएगा। वहीं सप्तमी तिथि पर सुबह में नवपत्रिका को डोला के माध्यम से नदी में स्नान, मंत्रोच्चारण के साथ आमंत्रण किया जायेगा। षष्ठी से विजयादशमी के सुबह पूजन तक आरती पूजा का कार्यक्रम चलेगा। इस बीच महाअष्टमी तिथि को महागौरी रूप की पूजा की जायेगा, तदोपरांत महाअष्टमी एवं महानवमी तिथि पर होने वाली संधिपूजा दोपहर 3:36 से प्रारंभ होकर 4:24 के भीतर समापन हो जायेगी। इसबार बलिदान का समय दोपहर 4 बजे बतायी गयी है, जिसमें 108 दीपक, 108 कमल पुष्प वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता को अर्पित किया जायेगा,पूरे दूर्गा के दौरान इस पूजा को खाश पूजा कहा गया है। तिथि महानवमी को हवन, तिथि महादशमी को सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस के तहत शाम 6 बजे तक प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। इस मौके पर एसओसी सुमन कुमार एरिया फाइनेंस मैनेजर राकेश कुमार, पी डी बर्मन, पियास महतो, देवाशीष, विजयानंद प्रसाद, भोपाल नोनिया धनंजय कुमार महेंद्र प्रसाद सच्चिदानंद दुबे एवं पूजा समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

## गांधी और शास्त्री की जयंती मनायी

**बोकारो।** राष्ट्रपिता महत्मा गांधी के जीवनी पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डाला प्रकाश, उनके आदर्शों को आत्मसात करने का किया अपील राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 153वीं जयंती एवं लाल बहादूर शास्त्री की 114वीं जयंती पर रविवार को बोकारो जिले में दोनों महापुरूषों के प्रतिमा स्थल क्रमशः बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर फोर स्थित गांधी चौक एवं सेक्टर छह स्थित शास्त्री चौक पर सादा कार्यक्रम का आयोजन गांधी विचार मंच एवं लाल बहादुर शास्त्री सेवा समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बीएसएल प्लांट के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी अधिशासी निदेशक अमनेन्दु प्रकाश, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन झा, एसी सादात अनवर, एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि पदाधिकारी और काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की क्रमवार प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन इस अवसर उपायुक्त के विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार जिले के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं बीएसएल के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## अहिंसावादी विचारों पर चलने का लिया संकल्प

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी ने रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह ने की। मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने महापुरषों के तैल-चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी एवं सभी कांग्रेसजनों ने सिटी सेंटर स्थित महात्मा गांधी गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के महान विभूति थे,भारतीय इतिहास के स्वतंत्रता संग्राम में देश के लिए इनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान से भारतीय जनमानस को एक नई दिशा मिली, देशहित मे सदा समर्पित रहे बापू ने देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया,आज हम सभी को बापू के कृतित्व व व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का संकल्प लेने की दरकार है। वही श्री सिंह ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सच और सादगी की प्रतिमूर्ति थे, देश हित में शास्त्री जी का योगदान काफी महत्वपूर्ण था।वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने और उन्होंने उन कठिन परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया जब विदेशी ताकतें और दुश्मन देश पर हावी होने की कोशिश कर रहे थे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



धनबाद। जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान, जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनायी गयी, मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने उनके तैल- चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी एवं सभी कांग्रेसजनों ने सिटी सेंटर स्थित गांधी जी एवं शास्त्री जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया।

कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी देश के महान विभूति थे, भारतीय इतिहास के स्वतंत्रता संग्राम में देश के लिए इनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान से भारतीय जनमानस को एक नई दिशा मिली, देशहित मे सदा समर्पित रहे गांधी जी ने देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, गांधी जी ने आजादी के संघर्ष में नमक डांडि मार्च, सत्याग्रह आन्दोलन जैसे अनेकों आंदोलन कर आजादी दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया था, भारतीय इतिहास में इनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाता है, वे सादगी, सरल व ईमानदारी के प्रतीक थे, उन्होंनें अहिंसा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को मजबूत करते हुये भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,आज हम सभी को गाँधी जी के कृतित्व व व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का संकल्प लेने की दरकार है।

आगे श्री सिंह ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी सच और सादगी की प्रतिमूर्ति थे, देश हित में शास्त्री जी का योगदान काफी महत्वपूर्ण था,वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने और उन्होंने उन कठिन परिस्थितियों में देश का नेतृत्व किया जब विदेशी ताकतें और दुश्मन हम पर हावी होने की कोशिश कर रहे थे।

## जरीडीह बाजार से निकली भव्य कलश यात्रा

**बेरमो।** जरीडीह बाजार स्थित श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वधान में 501 कलश का भव्य यात्रा निकाला गया। जो जरंडीह स्टेशन के समीप तालाब से विधि विधान से महा सप्तमी पूजा महा स्नान नो पत्रिका प्रवेश प्राण प्रतिष्ठा आरती की गई। इसमें मुख्य रूप से समिति के अनिल अग्रवाल, विनोद चौरसिया, अजीत साहू, कन्हैया यादव, शिव शंकर सोनी, राजू गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अनूप साव, दिनेश गुप्ता, करण भाटिया, मुकेश सिन्हा, मुकेश राव, पंकज साहू, रजत साहू, गुड्डू सोनी, अंजन कुमार, आयुष अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नवरात्र के अवसर पर झरिया भूंजा पट्टी में विशाल भंडारा का आयोजन



**झरिया।** नवरात्रि के पावन अवसर पर झरिया भूंजा पट्टी में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर की गयी। उसके बाद देवी के नौ रूपों की पूजा की गई। तत्पश्चात कन्या पूजन किया गया। भंडारे में 1500 लोगो ने मां दुर्गा का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजनकर्ता अजय अग्रवाल ने बताया की विगत आठ वर्ष से भूंजा पट्टी प्रागंण में नवरात्रि के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर अजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, जीवन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, विकाश अग्रवाल, रूपेश करीवाल, दिनेश शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## जंगली भालू ने ग्रामीण महिला को किया घायल

**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत झुमरा पहाड़ के तलहटी मे बसे बडकीसिधावारा पंचायत के मुरपा गांव की निवासी कौशल किस्कू की पत्नी सरिता देवी को जंगली भालू नोंच कर बुरी तरह से घायल कर दिया है।वहीं प्रत्यक्षदर्शी तारो देवी ने बताया कि हमलोग जंगल जलावन व बांस खुखंडी लाने अहले सुबह निकली थी।जैसे हीं घने जंगल में प्रवेश किया तो अचानक जंगली भालू ने सरिता देवी पर आक्रमण शुरू किया तथा माथे पर काफी नोच डाला। उसके बाद किसी तरह से घायल अवस्था में सरिता को घर लाया गया तथा आनन-फानन में उसे बेहतर ईलाज के लिये हजारीबाग अस्पताल ले गया, फिर वहां से रिम्स के लिये रेफर कर दिया। मौके पर चतरोचट्टी वन बीट के वनरक्षी रजा अहमद ने मुरपा गांव पंहुचकर तत्काल ईलाज के लिये वन विभाग की ओर से दस हजार रुपये दिया गया। वहीं वनरक्षी रजा अहमद व विकास कुमार ने बताया कि वन विभाग की ओर से घायल महिला को उचित मुआवजा दिया जायेगा।

## नफरत छोड़ो, संविधान और लोकतंत्र बचाओ विषय पर गांधी जयंती पर संगोष्ठी

**बोकारो।** सर्वोदय मंडल के तत्वाधान में कर्मचारी पंचायत सेक्टर 3 में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। मंडल के सदस्य पुष्प अर्पित कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दिये। अदीप कुमार के अध्यक्षता में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नफरत छोड़ो, संबिधान और लोकतंत्र बचाओ विषय गांधी के सिद्धांत के ऊपर चर्चा की गयी एवं उनके विचारों को आमलोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से किया जायेगा। मौके पर सर्वोदय मंडल जिला के संयोजक अदीप कुमार, कर्मचारी पंचायत के महामंत्री आर के वर्मा, एडवोकेट मंजुलता, आरएन सिंह, हरेंद्र मिश्रा, अरुण कुमार, डाक्टर विजय कुमार, मनोज भदानी, राजीव सहाय, राजेश कुमार, सुनील बाउरी, प्रीति रंजन, अमृत बाउरी आदि मौजूद थे।

## श्रद्धालुओं ने नवपत्रिका पूजन के साथ किया माता दुर्गा का आह्वान

# ऐतिहासिक कोयला नगरी झरिया में मची दुर्गोत्सव की धूम

**कतरास मोड़ सिंहनगर स्थित तालाब से धार्मिक विधि के साथ कलश में जलभरनी का विधान किया गया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** दुर्गा महासप्तमी के अवसर पर झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब सहित सिंह नगर, ऐना, गौशाला, डिगवाडीह क्षेत्र स्थित तालाबों में रविवार की सुबह विभिन्न पूजा कमिटी के लोग पालकी डोल यात्रा लेकर पहुंचने लगे और नवपत्रिका को स्नान करा पालकी में सवार कर पूजा मंडप ले जाया गया, जहां पुरोहितों द्वारा धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ माता का आह्वान किया गया। झरिया के चौथाई कुल्ही तिवारी मंदिर से भारी संख्या में महिला व पुरुष नवपत्रिका प्रवेश शोभायात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालु ढ़ाक और शंख ध्वनि पर भक्त मॉ का जयकारा लगा रहे थे। कतरास मोड़ सिंहनगर स्थित तालाब से धार्मिक विधि के साथ कलश में जलभरनी का विधान किया गया।

### शंख ध्वनि के बीच निकाली डोल पालकी यात्रा

लोयाबाद के अनुसार बेलभरनी पूजा के साथ ही सेद्रा, बांसजोड़ा, कनकनी व लोयाबाद दुगार्मंदिर में पूजा की शुरूआत हो गयी। रविवार की सुबह ढाक के थाप व शंख की ध्वनि के बीच पालकी डोल यात्रा निकाली गई। यात्रा लोयाबाद दुगार्मंदिर से निकलकर मदनाडीह तालाब तक गयी जहां आचार्य अमल कृष्ण भट्टाचार्य द्वारा पुरे विधीविधान व मंत्रोचार के साथ पुजा-अर्चना कर माता दुर्गे का आह्वान किया गया। यात्रा के वापस मंदिर लौटते ही मंदिर परिसर में शंख व ऊलू ध्वनि से वातावरण को शुभ बनाया गया। मान्यता है कि इस दिन मां दुर्गा अपने बच्चों लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती और कार्तिकेय के साथ मायके आती हैं। मंदिर मे ढाक की थाप पर मौजूद महिला श्रद्धालुओ ने मां के आगमन का स्वागत किया।

वहीं पोद्दार पाड़ा दुर्गा मंदिर, राजागढ़, मां नीलकंठ वासिनी मंदिर, मां मंगलाचंडी मंदिर, दषेर मेला श्रीदुर्गा पूजा आमला पाड़ा सहित कई पूजा समिति के श्रद्धालुओं ने लक्ष्मीनिया मोड़ स्थित राजा तालाब से कलश में पवित्र जल भर जलभरणी कार्यक्रम संपन्न किया। डोल यात्रा के दौरान मॉ के जयकारे, ढ़ोल, मृदंग, ढ़ाक और शंख ध्वनि भक्तों को आनंदित कर रही थी। महिलाओं ने शुभ उलुकध्वनि किया। धुना गंध वातावरण में भक्ति भाव घोल रहे थे। श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान कोई परेशानी न हो इसके लिये पूजा समितियों के साथ झरिया थाना शांति समिति के सदस्य और पुलिस प्रशासन तत्पर दिखे।

## प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों और सचिवों को दिया कड़ा निर्देश

# एनएससीएस और एनएसए के सुझावों को गंभीरता से लें : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सभी मंत्रियों और सचिवों को कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होंने रविवार को साफ कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) द्वारा साझा किये गये बैकग्राउंड नोट्स या अन्य किसी भी बात को नजरअंदाज न करें। सूत्रों ने रविवार को बताया कि पीएम मोदी ने कहा है कि सभी मंत्री और सचिव एनएससीएस और एसएसए के सुझावों को गंभीरता से लें।

सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को हुई मंत्रिपरिषद की पांच घंटे की लंबी बैठक के दौरान पीएम मोदी ने ये निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि कोई भी नीति बनाते समय, उसे भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है।

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व में ऐसे भी कई उदाहरण मिलते हैं, जब राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सुझावों को उचित महत्व नहीं दिया गया था। उन्होंने दवाओं के निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले आयातित सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआइ) पर निर्भरता के मामले का भी हवाला दिया, जिसके बारे में कई साल पहले एनएससीएस भविष्यवाणी की थी। गौरतलब है कि शुक्रवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में केंद्र सरकार के सभी सचिवों ने भी भाग लिया था।



बैठक के दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि नीति निर्माण की प्रक्रिया गतिशील है और इसे बदलते समय के साथ संशोधित करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल का एक उदाहरण भी दिया। उन्होंने बताया कि जब वे गुजरात के सीएम थे तब एक मंत्रालय से संबंधित कुछ नियम थे, जिनका नाम किसी अन्य राज्य के नाम पर रखा गया था और इसे अधिकारियों को बताये जाने के बाद ही इसे बदला गया था। उन्होंने कहा कि नीतियों को बनाने और लागू करने में आत्मसंतुष्ट होने की प्रवृत्ति से बचा जाना चाहिए।

## मोदी संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक सूचना कांग्रेस का करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हैदराबाद के दौरे पर रहेंगे। यहां वह संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक सूचना कांग्रेस (यूएनडब्ल्यूजीआइसी) का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में भारत बीते कई सालों में इस क्षेत्र में की गयी प्रगति को प्रदर्शित करेगा। यूएनडब्ल्यूजीआईसी का आयोजन यहां पांच दिनों तक होगा। इसमें 115 देशों के 550 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस सम्मेलन में एकीकृत भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन और उसकी क्षमताओं के विकास और मजबूती से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में हम भू-स्थानिक 'चौपाल' पहल पेश करेंगे। ये पहल जो ग्रामीण समुदायों को भू-स्थानिक सेवाओं से जोड़ने का प्रयास करती है।

# डॉ दीपक वर्मा और डॉ विवेक गोस्वामी ने आठ साल के बच्चे का कटा हाथ जोड़ा




मरीजों की सफल सर्जरी के बारे में जानकारी देते ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ दीपक वर्मा और प्लास्टिक सर्जन डॉ विवेक गोस्वामी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रॉमिस हेल्थ केयर हॉस्पीटल पंचवटी प्लाजा, हरमू रोड में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ दीपक वर्मा और प्लास्टिक सर्जन डॉ विवेक गोस्वामी ने आठ साल के बच्चे का पूरी तरह से कटा हुआ हाथ को सर्जरी कर जोड़ा। 72 घंटे बाद बच्चे का हाथ बिल्कुल ठीक है। इसके अलावा झारखंड में पहली बार प्रॉमिस हेल्थ केयर हॉस्पीटल में पोलियो ग्रस्त व्यक्ति के कूल्हे का सफल का प्रत्योरोपण किया गया। रविवार को प्रॉमिस हेल्थ केयर हॉस्पीटल में प्रेस कांफ्रेंस कर डॉ दीपक वर्मा और डॉ विवेक गोस्वामी ने यह जानकारी दी।

डॉ दीपक वर्मा और डॉ विवेक गोस्वामी ने बताया कि लोहरदगा के आठ साल के फैजल का हाथ कलाई के पास से कट गया। कटा हाथ लेकर उसके नाना शुक्रवार को सुबह दस बजे प्रॉमिस हेल्थ केयर हॉस्पीटल पहुंचे। बिना समय गंवाये डॉ दीपक वर्मा, डॉ विवेक गोस्वामी और एनेस्थिसिया डॉ आरएन शर्मा की मौजूदगी में पूरी टीम ऑपरेशन में जुट गयी। टेक्नीशियन टीम के लखन कुमार साहू, नीतू कुमारी, विकास गुप्ता, मुश्ताक और शकील की वजह से सफल ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन दिन के 12 बजे से शुरू होकर शाम सात बजे तक चला।

डॉ दीपक वर्मा ने बताया कि झारखंड में पहली बार किसी पोलियोग्रस्त व्यक्ति के टूटे कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया गया। यह प्रत्यारोपण काफी चुनौतीपूर्ण था। क्योंकि फ्रांस की कंपनी का सामान मुंबई और कोलकाता से मंगवाया पड़ा। मरीज अब चलने लगा है। वह बिल्कुल ठीक है।

**डॉक्टर बोले : कटा अंग लेकर छह घंटे में पहंचे अस्पताल :** डॉ दीपक वर्मा और डॉ विवेक गोस्वामी ने बताया कि शरीर के कटे हुए अंग लेकर छह घंटे के अंदर अस्पताल पुहंचे। यह गोल्डेन पीरियड होता है। कटे हुए अंग को प्लास्टिक के बैग में रखें। फिर उसे बर्फ से भरे कंटेनर में रख कर अस्पताल ले जायें।

## भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया पूजा पंडालों का उद्घाटन



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने महासप्तमी के दिन विभिन्न पूजा पंडालों का उद्घाटन किया और मां भवानी के दर्शन किये। रविवार को ओरमांझी के पाचा, गेतलसूद दुर्गा पूजा पंडाल, अनगड़ा, हाहे, साल्हन गांव, सिमलिया गांव, मासू मंझिलाटोली, गोंदलीपोखर दुर्गा पूजा समिति, जोन्हा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और मां दुर्गा की आशीर्वाद लिया।

## हजारीबाग तीर्थयात्री बस हादसे पर सीएम नवीन पटनायक ने शोक जताया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मयूरभंज से बनारस के लिए गई हुई तीर्थ यात्री बस लौटते समय झारखंड के हजारीबाग में हुए हादसे पर कुछ लोगों की मौत को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है और घायलों को उचित इलाज मुहैया कराने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मयूरभंज जिला कलेक्टर को झारखंड सरकार के साथ समन्वय कर सभी यात्रियों के जल्द से जल्द अपने घर लौटने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इन तीर्थयात्रियों में अंगुल, ढेंकनाल और मयूरभंज जिले के लोग शामिल हैं।




## पूर्व तट रेलवे ने गांधी जयंती मनायी



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रविवार को पूर्व तट रेलवे के मुख्यालय रेल सदन चंद्रशेखरपुर भुवनेश्वर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक (स्वतंत्र प्रभार) शरद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्व तट रेलवे के विभागों के प्रधान प्रमुखों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में सभी पूर्व तट रेलवे अधिकारियों ने प्रभात फेरी और वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक किया गया। पूर्व तट रेलवे ने 16 सितंबर से 30 सितंबर 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया। स्टेशनों, ट्रेनों, कोच रखरखाव डिपो, विभिन्न कार्यालयों, कार्यस्थलों और रेलवे कॉलोनियों में आयोजित स्वच्छता अभियान में सभी स्तरों पर रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर पूर्व रेलवे महाप्रबंधक ने प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्राफियां प्रदान की। संचालन प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता आर राजगोपाल ने किया।

## संबलपुर मंडल में गांधी जयंती का आयोजन




**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल में महात्मा गांधी की 153वीं जयंती मनायी गयीं। जयंती समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करने और राष्ट्रपिता की तसवीर पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर के प्रगति धारा में स्काउट एवं गाइड द्वारा स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक किया गया। महात्मा गांधी की 153वीं जयंती का आयोजन संबलपुर रेल मंडल में उत्साह के साथ किया गया।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**